www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:04

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 21.1 अधि |
| धर्मशाला | 11.2 न्यू | 25.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,959 |
| निफ्टी | 24,331 |
| सोना 1,51,000 | चांदी 2,46,000 |

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 7 मई 2026 | 24 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 128, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


# मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला : 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के बराबर दर्जा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम

### ◆ अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा-जुर्माना, जन गण-मन से पहले गाया जाएगा

पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं, यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज,संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा।

### पहले 'राष्ट्रगीत' गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'

**अगर** किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें।




### कानून में बदलाव और सजा का प्रावधान

**सरकार** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जान-बूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे।

### सरकार ने जारी की गाइड लाइन

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइड लाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं।

### 'वंदे मातरम' को बढ़ावा देने का भी किया आग्रह

**गृह** मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।इस कदम का उद्देश्य स्टूडेंट्स और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है। यह भी बताया गया है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बिहार में नीतीश के बेटे निशांत कुमार को भी मिलेगा मंत्री पद

**एजेंसी, पटना।** बिहार में गुरुवार को सम्राट चौधरी सरकार का बड़ा कैबिनेट विस्तार होने जा रहा है, जिसमें करीब 27 से 28 मंत्री शपथ ले सकते हैं। पटना के गांधी मैदान में होने वाला यह समारोह राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। जदयू कोटे से निशांत कुमार समेत कई नेताओं के मंत्री बनने की चर्चा है। भाजपा, जदयू और सहयोगी दलों के बीच संतुलन साधने की कोशिश दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह समेत कई बड़े नेता कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### फिल्म मेकर पलाश मुछाल पर केस दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** म्यूजिक कंपोजर और फिल्म मेकर पलाश मुछाल के खिलाफ महाराष्ट्र के सांगली में केस दर्ज हुआ है। उन पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह शिकायत भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना के बचपन के दोस्त विज्ञान प्रकाश माने ने दर्ज कराई है। पलाश पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और धोखाधड़ी का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

### टेक्सास में शॉपिंग सेंटर में गोलीबारी, 2 की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में डलास के उत्तर स्थित एक शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, 69 वर्षीय संदिग्ध सेंग हान हो ने पांच लोगों पर गोली चलाई। कैरलटन पुलिस प्रमुख रॉबर्टो अरेडोंडो ने बताया कि हमलावर और मृतक एक-दूसरे को जानते थे और उनके बीच कारोबारी संबंध थे। घटना के बाद आरोपी को कुछ दूरी तक पीछा कर गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों की हालत स्थिर बताई गई है। (अनंत ज्ञान)

### पेंपा सेरिंग 27 मई को फिर लेंगे सिक्योंग पद की शपथ

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** निर्वासित तिब्बती सरकार के सिक्योंग के रूप में दोबारा चुने गए पेंपा सेरिंग 27 मई को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह मेक्लोडगंज स्थित चुगलाखांग मठ में सुबह 8 बजे आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में परम पावन 14वें दलाईलामा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, सीटीए के अधिकारी और बड़ी संख्या में तिब्बती समुदाय के लोग भी शामिल होंगे।

### बॉक्सर विकास हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने नेशनल लेवल बॉक्सर विकास उर्फ भिंडा की हत्या के मुख्य आरोपी सुमित राणा उर्फ छोटू (38) को आदर्श नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, जुलाई 2025 में नजफगढ़ के बाबा हरिदास नगर में विकास की गोली मारकर हत्या की गई थी। जांच में सामने आया कि सुमित राणा ने अपने चचेरे भाई और गैंगस्टर विकास दहिया उर्फ सोनू ठेकेदार के साथ मिलकर दबदबा बनाने और वसूली के लिए साजिश रची थी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मेडिकल कॉलेज की कृष्णा लैब में तकनीकी खराबी से मरीज परेशान -पेज 6
- नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई आरोपी की संपत्तियां की जब्त -पेज 9
- संगड़ाह में अवैध डंपिंग से बढ़ा खतरा मलबे में दबे वाहन, कार्रवाई की मांग -पेज 12


# पांच से कम विद्यार्थियों वाले 100 और स्कूल होंगे मर्ज

## शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री सुक्खू की मंजूरी को भेजा प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रदेश में पांच से कम विद्यार्थियों वाले करीब 100 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों को मर्ज अथवा डाउनग्रेड करने का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री की मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र में बेहद कम दाखिलों और लगातार घट रही छात्र संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया है। पंचायत चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद होने वाली मंत्रिमंडल बैठक में इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

सरकार का मानना है कि कम विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को समीपवर्ती बड़े स्कूलों में समायोजित कर शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों के उपयोग को बेहतर बनाया जा सकेगा।



राज्य सचिवालय में मीडिया से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या पांच से भी कम रह गई है, वहां शिक्षकों और आधारभूत सुविधाओं का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा। ऐसे विद्यालयों को निकटवर्ती संस्थानों में समाहित करने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा बंद करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाना है। शिक्षा विभाग पहले भी शून्य नामांकन वाले विद्यालयों पर कार्रवाई कर चुका है। अप्रैल माह में 24 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय बंद किए गए थे, जबकि मार्च में 36 प्राइमरी स्कूलों को भी बंद करने का निर्णय लिया गया था।

सरकार अब केवल स्कूलों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भी व्यापक पुनर्गठन की तैयारी चल रही है। शिक्षा विभाग ने ऐसे 11 महाविद्यालयों को चिन्हित किया है जहां विद्यार्थियों की संख्या 75 से कम है। नए शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन कॉलेजों को बंद करने अथवा उनकी व्यवस्था बदलने का निर्णय लिया जा सकता है।


वभागीय अधिकारियों का कहना है कि कई शिक्षण संस्थानों में बेहद कम छात्र संख्या के बावजूद भारी प्रशासनिक और वित्तीय खर्च उठाना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार शिक्षा ढांचे को अधिक व्यवहारिक और परिणाम आधारित बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी चिंता, शिक्षा व्यवस्था पर फिर छिड़ी बहस

**सरकार** के इस फैसले ने ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में नई चिंता पैदा कर दी है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूलों के विलय से छोटे बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। दूसरी ओर शिक्षा विभाग का मानना है कि लगातार घटती छात्र संख्या, निजी स्कूलों की ओर बढ़ता रुझान और सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी सरकार के सामने बड़ी चुनौती बन चुकी है। अब सभी की नजर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली आगामी कैबिनेट बैठक पर टिकी है, जहां प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े इस बड़े फैसले पर अंतिम मुहर लग सकती है।

# हिमाचल में आशा वर्कर्स भी लड़ पाएंगी पंचायत चुनाव, हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले पर लगाई रोक

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पंचायत चुनावों से पहले आशा वर्करों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें उन्हें पार्ट-टाइम कर्मचारी मानकर चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। रीना देवी व अन्य बनाम राज्य सरकार मामले में अदालत ने माना कि आशा वर्करों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखना प्रथम दृष्टया उचित नहीं लगता।

इस फैसले के बाद प्रदेश की करीब 20 हजार आशा वर्करों के लिए पंचायत चुनाव लड़ने का रास्ता खुल गया है। अदालत ने राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं, जबकि अगली सुनवाई एक जून 2026 को होगी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि आशा वर्कर न तो नियमित सरकारी कर्मचारी हैं और न ही स्थायी अनुबंध पर कार्यरत। वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मानदेय पर सेवाएं देती हैं और केंद्र सरकार भी उन्हें स्वयंसेवी कार्यकर्ता मानती है। ऐसे में उन्हें चुनाव लड़ने से रोकना उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है।

हाईकोर्ट के इस फैसले को आशा वर्करों के लिए बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि चुनाव जीतने पर वे अपनी सेवाएं जारी रख पाएंगी या नहीं। प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को पंचायत चुनाव होने हैं, जबकि 7 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# रोहडू कोर्ट-एसडीएम दफ्तर को उड़ाने की धमकी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब भराड़ी क्षेत्र के एवरसनी इलाके में सड़क किनारे एक धमकी भरा पोस्टर मिला।

पोस्टर में रोहडू स्थित न्यायिक परिसर और एसडीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस, सीआईडी और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए रोहडू कोर्ट परिसर और एसडीएम कार्यालय को

### ◆ शिमला के भराड़ी में पोस्टर लगा दी चेतावनी

एहतियातन खाली करवाकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि, जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने राजधानी सहित पूरे जिला शिमला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है।

पुलिस के अनुसार सुबह करीब आठ बजे स्थानीय लोगों ने दीवार पर चस्पा यह पोस्टर देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर आसपास के जंगलों और सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय तक वाहनों की आवाजाही भी रोकी गई ताकि हर पहलू की गहन जांच की जा सके। पुलिस अब देर रात इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों की पहचान करने में जुटी है और आसपास के घरों व होटलों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। थाना सदर में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# होर्मुज में जहाजों को अब सुरक्षा नहीं देगा अमेरिका, 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' बंद

**एजेंसी, वॉशिंगटन**




अमेरिका-ईरान के बीच जारी संघर्ष को खत्म करने के जारी बातचीत आखिर चरण में है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बड़ा फैसला किया है। यूएस प्रेसिडेंट ने मिडिल ईस्ट में कॉमर्शियल जहाजों को सुरक्षा देने वाले नेवी ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को अस्थायी रूप से रोकने का ऐलान किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी जारी रहेगी।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ' पर एक पोस्ट में लिखा, 'ईरान के प्रतिनिधियों के साथ डील को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है।' ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने ईरान के साथ समझौते को अंतिम रूप देने के ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को कुछ समय के लिए रोक दिया है।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध पर ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और साथ ही ईरान के प्रतिनिधियों के साथ शांति डील को लेकर अच्छी बातचीत के आधार पर हमने आपसी सहमति से यह तय किया है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी, लेकिन प्रोजेक्ट फ्रीडम को कुछ समय के लिए रोक दिया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि समझौता अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।' (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला में पहली बार खेला जाएगा आईपीएल का क्वालीफायर मुकाबला

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई ने बुधवार को टाटा आईपीएल-2026 प्लेऑफ का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। घोषित कार्यक्रम के मुताबिक एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में तीन लीग मैचों के अलावा अब सबसे बड़ा क्वालीफायर एक मैच 26 मई को खेला जाएगा। ऐसे में धर्मशाला के लिए यह एक बड़ा मौका होगा जहां क्वालीफायर एक का मैच खेला जाएगा।

गौरतलब है कि प्रतियोगिता में 70 हाई-इंटेंसिटी लीग मैचों के बाद, टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। क्वालीफायर 1, जिसमें शीर्ष दो टीमें भाग लेंगी, 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें जितने वाली टीम सीधा फाइनल में प्रवेश करेगी। इसके बाद मुकाबला न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जहां 27 मई को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

# तमिलनाडु में टल सकती है विजय की शपथ

## सरकार बनाने को 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113

**एजेंसी, चेन्नई/कोलकाता**



राज्यपाल को 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपते विजय।

तमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है।

समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा।

234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है।

उधर, पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी। (अनंत ज्ञान)

# जालंधर-अमृतसर ब्लास्ट में पाक का हाथ : डीजीपी

## सीएम मान बोले-ब्लास्ट भाजपा के इलेक्शन की तैयारी

**एजेंसी, जालंधर/अमृतसर**



जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर मंगलवार रात धमाका हुआ। इसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। गनीमत रही कि धमाके में किसी को चोट नहीं लगी। वहीं, अमृतसर में आर्मी कैंप के भीतर भी ग्रेनेड अटैक की कोशिश की गई, लेकिन वह दीवार पर टकराकर फट गया।

डीजीपी गौरव यादव ने अमृतसर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। उन्होंने माना कि जालंधर व अमृतसर में आईईडी ब्लास्ट हुए हैं। उन्होंने कहा कि जालंधर में संभव है कि टाइमर या रिमोट से ब्लास्ट किया गया हो। इसमें पाकिस्तान खुफिया एजेंसियों का हाथ है। ऑपरेशन सिंदूर की एनिवर्सरी की वजह से धमाके कराए गए हो सकते हैं।

वहीं, श्री आनंदपुर साहिब से शुक्राना यात्रा के दौरान पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि ये ब्लास्ट भाजपा के इलेक्शन की तैयारी हैं। भाजपा छोटे-मोटे ब्लास्ट करवाकर लोगों को डराकर वोट लेना चाहती है। यह भाजपा का स्टाइल है। चुनाव वाले स्टेट में ब्लास्ट और दंगे करवा दो।

धमाके के बाद चंडीगढ़ में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, जालंधर धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने एक पोस्ट शेयर कर ली। इसमें लिखा है कि डीआईजी संदीप गोयल और उनका परिवार टारगेट पर है। इतना खून बहाएंगे कि सब कुछ लाल दिखाई देगा।

वहीं बम-धमाकों में शक की सुई पूर्व बीएसएफ जवान के बेटे की तरफ भी मुड़ गई है और पंजाब पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**ताकत** | एक स्क्वॉड्रन में 8 लॉन्चर और हर लॉन्चर में 4 मिसाइल, एक लाख करोड़ रुपए का में हुआ सौदा

# भारत एस-400 के 5 नए स्क्वॉड्रन खरीदने की तैयारी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वॉड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वॉड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी। पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है।

खरीदारी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायु सेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

रूस के मुताबिक इसके बाद नए स्क्वॉड्रन आएंगे। इस तरह दोनों सौदे करीब एक लाख करोड़ रुपए के होंगे। डीआरडीओ एस-400 जैसी ही इंटरसेप्टर मिसाइलें बना रहा है। यह प्रोजेक्ट कुशा है। इसमें एम-1, 2 और 3 मिसाइलें बन रही हैं, जिनकी रेंज 105 से 350 किमी होगी। (अनंत ज्ञान)

### अगले छह महीने में मिलेंगी पहले सौदे की दो स्क्वॉड्रन

**ध्वनि** की गति से 3 से 14 गुना गति से 400 किमी दूर तक हमला करती हैं। दुश्मन की तरफ से आ रही बैलिस्टिक मिसाइलों को 4.8 किमी प्रति सेकंड की गति से मार गिराती है। मैक 15 गति वाली हाइपरसोनिक मिसाइलें भी इसकी रेंज से बच नहीं पातीं।

### 40 हजार करोड़ में हुई थी पहली डील

**पहली** डील 40 हजार करोड़ में हुई थी। दूसरी पर सहमति रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान बनी थी। इनकी आपूर्ति का रोडमैप बन गया है। युद्ध के कारण रूस से डिलेवरी में देरी हो रही थी। अब भारत को आश्वस्त किया गया है कि आने वाले 6 महीने में शेष दो स्क्वैड्रन सप्लाई कर दिए जाएंगे।

### एस-400?

**एस-400** ट्रायम्फ रूस का एडवांस्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। यह सिस्टम फाइटर जेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल, ड्रोन और स्टेल्थ विमानों तक को मार गिरा सकता है। यह हवा में कई तरह के खतरों से बचाव के लिए एक मजबूत ढाल की तरह काम करता है। दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है।

# चुनाव को सक्रिय हुआ होली लॉज

## कांग्रेस हाईकमान ने दिए बड़े सियासी संकेत, प्रतिभा की भूमिका पर फिर टिकीं निगाहें

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर होली लॉज की सक्रियता ने सियासी गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। आगामी पंचायती राज चुनावों, नगर निगम और नगर निकाय चुनावों से पहले कांग्रेस हाईकमान ने जिस प्रकार से होली लॉज की ओर राजनीतिक संकेत भेजे हैं, उसे संगठनात्मक संतुलन और चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश महिला कांग्रेस की नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर ने शिमला स्थित होली लॉज पहुंचकर पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुलाकात को केवल औपचारिक भेंट नहीं, बल्कि आने वाले चुनावों से पहले कांग्रेस संगठन की नई रणनीति का संकेत माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान संगठनात्मक मजबूती, महिला कांग्रेस



होली लॉज में चुनावों को लेकर मंत्रणा करते कांग्रेस पार्टी के नेता। अनंत ज्ञान

**◆ पंचायतों से नगर निकायों तक संगठनात्मक एकजुटता साधने की कवायद तेज**

की भूमिका, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लंबे समय तक प्रदेश कांग्रेस की धुरी रहे होली लॉज को एक बार फिर सक्रिय राजनीतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। वीरभद्र सिंह के दौर में होली लॉज केवल एक निवास नहीं बल्कि सत्ता और संगठन के बीच सबसे प्रभावशाली संवाद केंद्र माना जाता था। हालांकि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार के बाद इसकी सक्रियता अपेक्षाकृत कम दिखाई दी, लेकिन अब हाईकमान की यह पहल कई नए संकेत दे रही है। कांग्रेस के भीतर यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आगामी पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों में पार्टी किसी प्रकार की आंतरिक दूरी या असंतुलन का जोखिम नहीं लेना चाहती। यही कारण है कि संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के प्रयासों को अब खुलकर आगे बढ़ाया जा रहा है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि प्रतिभा सिंह और उनके समर्थकों का ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी गहरा प्रभाव है तथा कांग्रेस हाईकमान इस जनाधार को स्थानीय चुनावों में पूरी तरह उपयोग करना चाहता है।

विशेष रूप से महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का स्वयं होली लॉज पहुंचना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व प्रदेश में हर शक्ति केंद्र को साथ लेकर चुनावी मोर्चे पर उतरना चाहता है। बैठक के दौरान विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी को भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश की राजनीति में युवा नेतृत्व के रूप में उभर रहे विक्रमादित्य सिंह लगातार संगठन और सरकार के बीच समन्वय की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में होली लॉज में हुई यह मुलाकात आने वाले समय में कांग्रेस की नई राजनीतिक दिशा तय करने वाली कड़ी साबित हो सकती है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिक गई हैं कि कांग्रेस हाईकमान स्थानीय चुनावों में किस प्रकार संगठनात्मक एकजुटता को मैदान में उतारता है और क्या होली लॉज फिर से हिमाचल कांग्रेस की राजनीति धुरी बनकर उभरता है।

## दीपकमल में भाजपा की रणनीतिक बैठक, पंचायत व नगर निकाय चुनावों पर मंथन

# ईवीएम पर सवाल, कांग्रेस की हताशा : बिहारी लाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में उस समय राजनीतिक हलचल तेज हो गई जब भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा के पहुंचने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि प्रदेश में जनता कांग्रेस सरकार की कार्यशैली से निराश है और आने वाले चुनावों में भाजपा को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। बैठक के दौरान भाजपा नेताओं ने पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में मिली भाजपा की प्रचंड जीत को लोकतंत्र, राष्ट्रवाद और सुशासन की जीत बताया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने कांग्रेस और मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस हर चुनावी हार के बाद ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता के जनादेश का अपमान करती है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र अब जनता के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां कांग्रेस हारती है वहां ईवीएम पर सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन जहां जीत मिलती है वहां वही व्यवस्था सही बताई जाती है।



भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का स्वागत करते उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा एवं अन्य।

### जहां सीएम सुक्खू ने किया प्रचार वहां कांग्रेस का हो गया सफाया

**भाजपा** प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है तथा कानून व्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब कांग्रेस सरकार से पूरी तरह मोहभंग कर चुकी है। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू जहां-जहां प्रचार करने जाते हैं, वहां कांग्रेस का सफाया हो जाता है और आने वाले पंचायत तथा नगर निकाय चुनावों में भी जनता कांग्रेस को करारा जवाब देने वाली है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा और प्रदेश में पार्टी को बड़ी जीत हासिल होगी।

### बंगाल में भाजपा की जीत, राष्ट्रवादी विचारधारा की विजय : श्रीकांत

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन को शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय दीपकमल, चक्कर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत शर्मा ने कहा कि 4 मई 2026 को आए चुनाव परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा की बड़ी जीत हैं। उन्होंने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस सशक्त और अखंड बंगाल का सपना देखा था, उसे साकार करने का अवसर अब भाजपा को मिला है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने भय, हिंसा और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारते हुए विकास और विश्वास की राह चुनी है।

# डिजिटल जनगणना प्रक्रिया का श्रीगणेश

## शिमला में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जनगणना-2027 को आधुनिक और तकनीकी रूप देने की दिशा में शिमला जिला में बुधवार को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बचत भवन शिमला में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) एवं जिला जनगणना अधिकारी ज्योति राणा ने की। कार्यक्रम में जिला के 26 फील्ड प्रशिक्षकों को जनगणना से जुड़े तकनीकी, डिजिटल और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। 6 मई से आरम्भ हुआ यह प्रशिक्षण 8 मई तक चलेगा। मास्टर ट्रेनर डॉ. हर्ष और देव दत्त शर्मा प्रशिक्षण सत्रों का संचालन कर रहे हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक जनगणना निदेशालय प्रियांशु तिवारी, जिला नोडल अधिकारी रमेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्योति राणा ने कहा कि देश में पहली बार जनगणना पूरी तरह



**◆ पहली बार मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल से होगी स्वगणना**

डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जो प्रशासनिक व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 में स्व-गणना प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत नागरिक एचएलओ मोबाइल ऐप तथा वेब पोर्टल के माध्यम से 1 जून से 15 जून, 2026 तक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 16 जून से 15 जुलाई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के भविष्य की योजनाओं और नीतियों की मजबूत बुनियाद है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से आह्वान किया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना से जुड़ी सभी जानकारियां पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएंगी और आम लोगों का विश्वास बनाए रखना इस प्रक्रिया की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से मई में बदला मौसम का मिजाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मई माह के दौरान मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। शिमला, सुजानपुर, कुफ्फरी और मंडी की सराज घाटी में बुधवार दोपहर बाद तेज बारिश हुई, जबकि ऊपरी क्षेत्रों में ओलावृष्टि ने सेब, सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचाया। मौसम के बदले तेवरों से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में पिछले पांच दिनों से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम लगातार खराब बना हुआ है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में आंधी-तूफान को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से

**◆ कई जिलों में सामान्य से 300 फीसदी तक अधिक बारिश दर्ज**

तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। विभाग ने बताया कि 8 से 10 मई तक मौसम साफ रहने के आसार हैं, लेकिन 11 और 12 मई को फिर से बारिश का दौर लौट सकता है। बारिश और ओलावृष्टि का असर प्रदेश के तापमान पर भी साफ दिखाई दिया है। कई शहरों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 7 से 8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है। शिमला के फागू, हमीरपुर के सुजानपुर, सिरमौर के राजगढ़ और मंडी की सराज घाटी में भारी ओलावृष्टि से फलों और सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सिरमौर के संगड़ाह में सबसे अधिक 31 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि शिमला, नाहन, बरठी, सराहन, सोलन और पालमपुर में भी अच्छी बारिश दर्ज हुई।

# आरआईएमसी के छात्रों ने जाना पर्यावरण संरक्षण का सैन्य मॉडल, पौधरोपण कर दिया हरित संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** देहरादून स्थित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश भ्रमण के दौरान 133 इको टास्क फोर्स का दौरा कर पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण के क्षेत्र में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका को नजदीक से समझा। इस दौरान छात्रों को इकाई द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे हरित अभियानों, वन संवर्धन गतिविधियों तथा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने इकाई की पौधशालाओं का भ्रमण कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों और उनके संरक्षण संबंधी प्रयासों को भी देखा। दौरे के दौरान विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें 133 इको टास्क फोर्स द्वारा सतत विकास और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे कार्यों को दर्शाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने स्मृति स्वरूप पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का



पौधरोपण करते आरआईएमसी के छात्र। अनंत ज्ञान

संदेश भी दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए प्रेरणादायक रहा, जिससे उन्हें प्रकृति संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण में सेना की बहुआयामी भूमिका को समझने का अवसर मिला।

### जतोग मिलिट्री कैंट में भर्ती 19 को

**शिमला।** 133 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) ईको डोगरा द्वारा 19 मई को जतोग मिलिट्री कैंट, शिमला में विशेष भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। यह भर्ती पूर्व सैनिकों तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश वन विभाग की पात्र पूर्व महिला कर्मचारियों के लिए आयोजित की जा रही है। भर्ती प्रक्रिया सुबह 5:30 बजे से शुरू होगी, जिसमें अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षण और साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। भर्ती रैली के माध्यम से कुल 23 पद भरे जाएंगे। इनमें जेसीओ, सोल्जर जनरल ड्यूटी, स्टीवर्ड, वॉशरमैन, ब्लैक स्मिथ और नर्सिंग असिस्टेंट जैसे पद शामिल हैं।

# एफएलएनएटी परीक्षा में हिमाचल के 17,318 शिक्षार्थी हुए सफल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी असेसमेंट टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए साक्षरता अभियान को नई दिशा दी है। प्रदेश भर में 15 मार्च 2026 को आयोजित इस परीक्षा में कुल 17,657 शिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 17,318 शिक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जबकि 339 शिक्षार्थियों को अतिरिक्त सुधार की आवश्यकता बताई गई है। यह जानकारी निदेशालय उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत वयस्क शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजी गई आधिकारिक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार परीक्षा का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में सफलतापूर्वक किया गया तथा परिणामों को ब्लॉक और जिला स्तर पर तैयार कर संकलित किया गया। प्रदेश के कई जिलों ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। चंबा, हमीरपुर, किन्नौर, लाहौल-स्पीति तथा शिमला जिलों में सभी शिक्षार्थी परीक्षा में सफल रहे। वहीं कांगड़ा जिले में सर्वाधिक 3,370 शिक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। बिलासपुर, मंडी, कुल्लू और सिरमौर जिलों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक मूलभूत शिक्षा पहुंचाना है, ताकि निरक्षरता को समाप्त कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। विभाग ने कहा कि जिन शिक्षार्थियों को सुधार की आवश्यकता है, उन्हें विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ताकि वे आगामी मूल्यांकन में सफलता प्राप्त कर सकें।

# रोहड़ू के समाला में जमीन कब्जाने का आरोप

## पीड़िता बोली-निजी भूमि पर मलबा डालने और बगीचा उजाड़ने से भारी नुकसान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल के ग्राम समाला, चक अणू में एक महिला ने अपनी निजी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और प्रशासनिक मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता रीना भारद्वाज का कहना है कि उनकी जमीन, जिसका खसरा नंबर 335-336 बताया गया है, पर जबरन मलबा डाला जा रहा है और सरकारी तंत्र की अनदेखी के बीच निजी सड़क निर्माण का कार्य जारी है। मामले ने क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और भूमि संरक्षण व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। रीना भारद्वाज ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता, राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा अन्य लोगों की मिलीभगत से उनकी कृषि भूमि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उनका कहना है कि जेसीबी

**◆ नाले का रास्ता बंद होने से जल निकासी प्रभावित होने की शिकायत**

**◆ कहा-सीएम हेल्पलाइन पुलिस शिकायत करने के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई**

मालिक सोनू सैनी ने उन्हें बताया कि यह कार्य विभागीय अधिकारियों और कुछ स्थानीय व्यक्तियों के निर्देश पर किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी जवाब देना उचित नहीं समझा।

पीड़िता का दावा है कि उनकी भूमि में भारी मात्रा में मलबा डाला गया, जिससे उनका बगीचा पूरी तरह प्रभावित हो गया है। साथ ही नाले का मुंह बंद कर दिए जाने से जल निकासी व्यवस्था भी बाधित हो गई है, जिसके कारण भविष्य में बड़े नुकसान की आशंका बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी भूमि का दुरुपयोग कर निजी सड़क तैयार की जा रही है, जबकि स्थानीय प्रशासन इस पूरे घटनाक्रम पर मौन बना हुआ है। रीना भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर शिकायत दर्ज करवाई, पुलिस को वीडियो और फोटो साक्ष्य भी सौंपे, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि जिस अधिकारी पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उसी विभागीय तंत्र के माध्यम से जांच करवाना निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्षेत्र के लोगों में भी इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे हैं।

### प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की उठाई मांग

**मामले** ने रोहड़ू प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर बहस छेड़ दी है। पीड़िता ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनकी भूमि और बगीचे को हुए नुकसान का उचित आकलन कर न्याय दिलाया जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है और पीड़िता को राहत मिल पाती है या नहीं।

# समितियों के सशक्तिकरण पर लोकसभा में जल्द सौंपी जाएगी रिपोर्ट : कुलदीप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जयपुर प्रवास के दौरान प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां राजस्थान के जिला सीकर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। लोकसभा द्वारा गठित पीठासीन अधिकारी समिति की द्वितीय बैठक में भाग लेने के उपरांत उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा कर भगवान श्री खाटू श्याम जी के चरणों में शीश नवाया तथा हिमाचल प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, सिक्किम और उड़ीसा के विधानसभा अध्यक्षों सहित हिमाचल विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी उनके साथ उपस्थित रहे। बैठक उपरांत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानियां ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजस्थान विधानसभा

**◆ राजस्थान के मुख्यमंत्री से भी की शिष्टाचार भेंट**

परिसर में किए गए विकासात्मक कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से विधानसभा परिसर में निर्मित संग्रहालय तथा औषधीय पौधशाला को एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा द्वारा विधानमंडलों की समितियों को अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से गठित समिति अपनी रिपोर्ट आगामी माह तक लोकसभा को सौंप देगी। विधानसभा अध्यक्ष ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भी मुलाकात कर हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली, गतिविधियों तथा विधानसभा परिसर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

# गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए फरिश्ता बना 'सकोरा अभियान'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एस.एफ.डी. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई द्वारा बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में 'सकोरा अभियान' चलाकर पक्षियों के संरक्षण की अनूठी पहल की गई। अभियान के तहत परिसर के विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के सकोरे रखे गए, ताकि भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल पक्षियों को पानी मिल सके। इकाई के कार्यकर्ताओं ने पेड़-पौधों के आसपास, भवनों की छतों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर पानी से भरे सकोरे स्थापित किए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्यों को भी सकोरे भेंट कर उनसे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी इन्हें रखने का आग्रह किया गया। अभाविप ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे अपने घरों, बालकनियों, आंगन और छतों पर पक्षियों के लिए पानी अवश्य रखें। परिषद का कहना



है कि गर्मी के इस कठिन दौर में एक छोटा-सा प्रयास भी किसी जीव की जिंदगी बचा सकता है। इकाई ने कहा कि पक्षी प्रकृति का अहम हिस्सा हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। 'सकोरा अभियान' के माध्यम से युवाओं में पर्यावरण प्रेम और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद ने भविष्य में भी ऐसे जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान जारी रखने की बात कही है।

**पोषण** स्कूलों, आंगनबाड़ी और समुदाय स्तर पर पोषण अभियान को तेज करने पर जोर

# राज्य में पोषण सुधार को लेकर शुरू हुआ बड़ा मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पोषण व्यवस्था को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक और जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य खाद्य आयोग की अध्यक्ष डॉ. एसपी कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों तथा विशेषज्ञों ने व्यापक मंथन किया। बैठक में अभिसरण (कन्वर्जेंस) और क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) को केंद्र में रखते हुए इस बात पर विशेष बल दिया गया कि राज्य में पोषण से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। बैठक में हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रारंभिक शिक्षा विभाग तथा खाद्य एवं पोषण विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि राज्य में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा ग्रामीण परिवारों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभागीय तालमेल अत्यंत आवश्यक है।

विशेषज्ञों ने बताया कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक व्यवहारिक एवं स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनाया जाएगा। साथ ही पोषण उद्यान, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य सामग्री तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि ग्राम स्तर तक प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की मदद से लोगों को संतुलित आहार और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी ताकि पोषण अभियान केवल सरकारी योजना न रहकर जनभागीदारी का व्यापक आंदोलन बन सके। डॉ. एस. पी. कश्यप ने कहा कि राज्य में पोषण सुधार के लिए केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी की भी उतनी ही आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और तकनीकी संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया तथा पोषण वाटिका और किचन गार्डन को ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध दालें, अनाज, हरी सब्जियां और पारंपरिक खाद्य पदार्थ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से हो सके।

# मानव अधिकारों पर फिल्म बनाएं, 2 लाख का इनाम पाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली ने मानव अधिकारों की सुरक्षा, जागरूकता और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर के नागरिकों के लिए लघु फिल्म प्रतिस्पर्धा आयोजित की है। आयोग ने सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपनी लघु फिल्म 30 जून 2026 तक गूगल ड्राइव के माध्यम से पर भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा चयनित फिल्मों को विशेष उल्लेख प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी और 50 हजार रुपये तक की सम्मान राशि भी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट तय की गई है। फिल्म हिन्दी अथवा किसी अन्य भारतीय भाषा में बनाई जा सकती है, लेकिन उसमें अंग्रेजी सब-टाइटल होना अनिवार्य रहेगा। सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों जैसे विषयों पर आधारित वास्तविक या फिक्शन फिल्में प्रतियोगिता में शामिल की जा सकेंगी। आवेदन के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे पहचान पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

# अब कब्जाधारी परिवारों की बहुएं भी नहीं लड़ पाएंगी पंचायत चुनाव

## अतिक्रमण पर सरकार का सबसे बड़ा प्रहार, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों के खिलाफ सख्ती

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी जमीनों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ सरकार ने अब ऐसा कड़ा कदम उठाया है, जिसने पंचायत चुनावों की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। पंचायत चुनावों के नामांकन शुरू होने से ठीक पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी है। अब यदि किसी परिवार के सास-ससुर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के दोषी पाए जाते हैं तो उस परिवार की बहू भी पंचायत चुनाव लड़ने की पात्र नहीं मानी जाएगी।

सरकार के इस फैसले को अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। सत्ता के गलियारों से लेकर गांवों की चौपालों तक इस निर्णय की तीखी चर्चा शुरू हो गई है। अब तक पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 122 में परिवार की परिभाषा के भीतर दादा-दादी, माता-पिता, पति-पत्नी, बेटा-बेटी और अविवाहित बेटी को शामिल किया गया था, लेकिन बहू का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने के कारण कई मामलों में कानूनी व्याख्याओं के आधार पर चुनाव लड़ने का रास्ता खुला रह जाता था। इसी खामी को दूर करते हुए सरकार ने कानून में संशोधन किया है। नए प्रावधान के बाद सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले परिवारों के खिलाफ चुनावी पात्रता का दायरा और व्यापक हो गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सरकार का उद्देश्य साफ है कि पंचायत व्यवस्था में ऐसे परिवारों की भागीदारी पर रोक लगे, जिन पर सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे के आरोप हैं।



**◆ फैसले से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों में बढ़ी बेचैनी**

ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार अब अपने दस्तावेजों और जमीनों की स्थिति को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह फैसला आने वाले समय में पंचायत राजनीति की दिशा बदल सकता है और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जाएगा। वर्ष 2020 के पंचायत चुनावों के दौरान भी निर्वाचन आयोग ने परिवार की परिभाषा में बदलाव का सुझाव दिया था, लेकिन उस समय परिस्थितियों के चलते मामला आगे नहीं बढ़ पाया था।

### अब नजरअंदाज नहीं होंगे अवैध कब्जे

**सरकार** के इस कदम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को केवल राजस्व विवाद मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे सामाजिक और राजनीतिक जवाबदेही से भी जोड़ा जाएगा। गांवों की राजनीति में प्रभाव रखने वाले कई परिवार अब सीधे इस कानून के दायरे में आ गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह फैसला केवल चुनावी पात्रता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में सरकारी भूमि संरक्षण को लेकर प्रदेश में और भी कठोर अभियान देखने को मिल सकते हैं। पंचायत चुनावों से ठीक पहले लिया गया यह निर्णय हिमाचल की राजनीति में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहेगा और अतिक्रमण के खिलाफ सरकार की सख्त मंशा का प्रतीक माना जाएगा।

# भाजपा झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति करने में माहिर: विनय

## कार्यकर्ताओं से लोगों को जागरूक करने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति करने में माहिर है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे भाजपा के भ्रामक प्रचार से लोगों को जागरूक करें और कांग्रेस सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं।



उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा लोगों को गुमराह करने का प्रयास करती रही है, जबकि कांग्रेस विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति में विश्वास रखती है। विनय कुमार ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रदेश के विकास और लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल घड़ियाली आंसू बहाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान भाजपा नेताओं ने प्रभावित परिवारों की कोई सुध नहीं ली, जबकि कांग्रेस सरकार ने राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रभावित लोगों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत देने में भी उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया और प्रदेश के हितों की अनदेखी की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद भाजपा ने एक साजिश के तहत प्रदेश की पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश पर अनावश्यक उपचुनाव थोपकर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की, लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता ने भाजपा के मंसूबों को पूरी तरह विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि उपचुनावों में भी जनता ने कांग्रेस के पक्ष में जनादेश देकर भाजपा को करारा जवाब दिया।

### कहा-चुनाव में जनता देगी मुंहतोड़ जवाब

**विनय** कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी और राजस्व घाटा अनुदान बंद करना हिमाचल प्रदेश के साथ बड़ा अन्याय है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश के विकास कार्य प्रभावित हुए हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद विकास कार्यों को गति देने में जुटी हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले नगर निगम, नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में प्रदेश की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी और कांग्रेस के पक्ष में अपना समर्थन और अधिक मजबूत करेगी।

# मतदान के दिन सरकारी दफ्तर और शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनावों को लेकर राज्य में तीन चरणों के मतदान दिवसों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 26 मई (प्रथम चरण), 28 मई (द्वितीय चरण) तथा 30 मई (तृतीय चरण) को संबंधित क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश रहेगा।

अधिसूचना के मुताबिक इन तिथियों पर राज्य के सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान तथा औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इसके साथ ही दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर भी यह आदेश लागू रहेगा। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इन दिनों सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अवकाश परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के अंतर्गत भी मान्य होगा। सरकार ने यह भी साफ किया है कि कुल्लू के आनी विकास खंड की करजां और सोयल ग्राम पंचायतों तथा नग्गर विकास खंड की जबां और नम्होग पंचायतों पर यह चुनाव कार्यक्रम लागू नहीं होगा। अधिसूचना में यह प्रावधान भी किया गया है कि ऐसे कर्मचारी जो राज्य के किसी अन्य स्थान पर कार्यरत हैं, लेकिन संबंधित पंचायत क्षेत्र में मतदाता हैं, उन्हें मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकेगा।

### उद्योगों के कर्मचारी भी डालेंगे वोट

**सरकार** ने उद्योग विभाग और श्रम विभाग को भी निर्देश जारी किए हैं कि निजी और औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान के दिन अवकाश सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभा सकें।

# भाजपा ने उहल, ताल व बिझड़ी में बदले जिप प्रत्याशी

## मंगलेश, अजय चंदेल और विकास ठाकुर को बनाया अधिकृत उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जिला परिषद के तीन वार्डों में उम्मीदवारी को लेकर हुआ 'बदलाव' भाजपा की भीतरी व्यवस्था की 'कलई' खोल रहा है। परिषद की चेयरमैनी और वाइस चेयरमैनी इस फेरबदल का मुख्य कारण है। उहल, ताल और बिझड़ी वार्डों में क्रमशः मंगलेश ठाकुर, अजय चंदेल और विकास ठाकुर को अब भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है।

हैरानी इस बात की है कि मंगलवार दोपहर को विपिन परमार के हवाले से जिला परिषद के सभी 19 सदस्यों की अधिकृत सूची जारी की गई थी, लेकिन रात के समय एक और सूची जारी की गई, जो तीन वार्डों में बदलाव का हवाला देकर विपिन परमार द्वारा ही जारी की गई। विपिन परमार ने भी इस मामले पर सीधे रूप में कुछ नहीं बताया है। जिला भाजपा के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि नई सूची को जारी करने से पहले या इस बदलाव को लेकर उनसे कोई चर्चा नहीं हुई है। उम्मीद यही है कि पहले जारी की गई 19 सदस्यों की सूची ही फाइनल रहेगी, लेकिन ऐसा होना नहीं चाहिए था इस पर उन्हें भी ताज्जुब हुआ है।

### सुजानपुर, हमीरपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र में बदले प्रत्याशी

**भाजपा** ने ये बदलाव सुजानपुर, हमीरपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र में किए गए हैं। सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा और बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल की मौजूदगी में भाजपा का सिस्टम इन अलग-अलग क्षेत्र में चल रहा है। स्वाभाविक है बदलाव भी इन्हीं की मर्जी के मुताबिक हुआ होगा, लेकिन पहली सूची जारी जब हुई उसे समय एक दिन या आधा दिन देरी से जारी की जा सकती थी दोबारा से जारी करने के पीछे की वजह जिला संगठन को भी नहीं आ रही कार्यकर्ताओं की खींचतान निश्चित रूप में अपना असर दिख रही है और ऊपर से नेता भी उसमें हामी ही भर रहे हैं। यही भाजपा की विडंबना है।



### चेयरमैनी और वाइस चेयरमैनी पर निशाना

**जानकारों** का मानना है कि उलटफेर उन्हीं विधानसभा क्षेत्रों में हुआ है, जहां पर पहले से ही भाजपा संगठन और नेताओं के दरमियान 'फासले' हैं। आकलन यह किया जा रहा है कि जिला परिषद का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कौन होगा? इसका फैसला पहले से ही तय होने लगा है ऑपरेशन लोटस के बाद जिला की राजनीति में जो बदलाव हुआ है, यह उसी का नतीजा भी माना जा रहा है शायद सुजानपुर, हमीरपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बड़े नेता यही चाह रहे होंगे कि अभी से जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर रणनीति बना ली जाए, तो सवारी का आनंद ज्यादा आएगा।

### कांग्रेस ने अभी जारी नहीं की अधिकृत सूची

**उम्मीदवार** घोषित नहीं करके मुख्यमंत्री के इस गृह जिले में कांग्रेस ने शायद भाजपा की इसी गुटबाजी का फायदा उठाने का कोई ना कोई राजनीतिक कोना ढूंढ रखा है। कांग्रेस को पता है कि भाजपा के नेता परंपरागत और नए नेता आपस में उलझेंगे जरूर, इसीलिए उन्होंने जिला परिषद के लिए पार्टी की अधिकृत सूची जारी नहीं की, ताकि जो भी जीत कारण बाद में ज्यादा क्लेरिटी के साथ मशक्कत न करनी पड़े।

# नगर निगम मंडी के बैहना वार्ड में चुनाव का बहिष्कार

**◆ सभी उम्मीदवारों ने वापस लिए नामांकन, पंचायत में शामिल करने की मांग तेज**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के बैहना वार्ड में चुनाव प्रक्रिया के बीच बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। यहां सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं। इसके पीछे स्थानीय लोगों की एकजुटता और पंचायत में पुनः शामिल किए जाने की मांग प्रमुख कारण बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, वार्ड में भाजपा, कांग्रेस और अन्य प्रत्याशियों ने उपमंडलाधिकारी कार्यालय में नामांकन दाखिल करने के बाद बुधवार को वापस ले लिए। बताया जा रहा है कि यह फैसला क्षेत्र के लोगों के दबाव और लगातार बैठकों के बाद लिया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बैहना क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह ग्रामीण है और नगर निगम में शामिल होने के बाद उनकी मूलभूत आवश्यकताओं और पारंपरिक व्यवस्था पर असर पड़ा है। इसी को लेकर लंबे समय से पंचायत में पुनः शामिल करने की मांग उठाई जा रही थी। इस सामूहिक निर्णय के बाद अब नगर निगम मंडी के चुनाव 15 के बजाय 14 वार्डों में ही संपन्न होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वे शहरी निकाय की बजाय पंचायत व्यवस्था को अपने लिए अधिक उपयुक्त मानते हैं।

ऐसे में सभी उम्मीदवारों का एक साथ नामांकन वापस लेना क्षेत्र में एकजुटता का संकेत माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर यह घटनाक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है और इसे नगर निगम चुनाव में एक अहम मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

## 25 लाख की प्रोत्साहन राशि की हकदार बनी नवगठित पंचायत

# लाहौल की 'मालंग' में निर्विरोध चुने प्रतिनिधि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की नवगठित ग्राम पंचायत मालंग ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकता और भाईचारे की एक नई इबारत लिखी है। पंचायत के अस्तित्व में आने के बाद ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पूरी पंचायत निर्विरोध चुन ली है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही मालंग पंचायत प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 25 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की हकदार बन गई है। नवनियुक्त उपप्रधान अनिल सहगल ने बताया कि मालंग पंचायत हाल ही में अस्तित्व में आई है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि चुनाव में धन और समय बर्बाद करने के बजाय आपसी सहमति से प्रतिनिधियों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य सरकार द्वारा दी जाने वाली 25 लाख की प्रोत्साहन राशि से नई पंचायत के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और आपसी सद्भाव को बनाए रखना है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने केवल इस बार ही नहीं, बल्कि भविष्य के चुनावों में भी इसी तरह सहमति से प्रतिनिधि चुनने का संकल्प लिया है।

वहीं, मालंग पंचायत के सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों व लोगों ने प्रदेश की अन्य पंचायतों से भी अपील की है कि वे विकास और भाईचारे के लिए निर्विरोध चुनाव की राह अपनाएं।

### सर्वसम्मति से चुने गए पंचायत प्रतिनिधि



देचेन डोलमा, प्रधान

**प्रधान** के लिए देचेन डोलमा, उपप्रधान के लिए अनिल सहगल (पूर्व पंचायत समिति सदस्य) के अलावा वार्ड नंबर एक से फुंचोग डोलमा, वार्ड नंबर 2 से देवेंद्र कटोच, वार्ड नंबर 3 से मानदासी, वार्ड नंबर 4 से दावा डोलमा और वार्ड नंबर 5 से जीवन लाल वार्ड सदस्य चुने गए।



अनिल, उपप्रधान

# पंचायत चुनाव सत्ता परिवर्तन का सेमीफाइनल: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनावों को जानबूझकर लटकाया गया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक ले जाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया गया। उन्होंने कहा कि पहले 'आपदा' का बहाना बनाकर चुनाव टालने की कोशिश की गई, जबकि उसी दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य सरकारी गतिविधियां सामान्य रूप से चलती रहीं। इससे साफ है कि सरकार चुनाव से भाग रही थी।



उन्होंने कहा कि पंचायतों से फंड वापस लेना, विधायक निधि और विकास निधि को रोकना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार गांवों के विकास को जानबूझकर बाधित कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव सत्ता का 'सेमीफाइनल' हैं और प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार को उसकी नाकामियों का करारा जवाब देने के लिए तैयार है। आने वाले 15 महीनों में होने वाले 'फाइनल' में भी यही जनादेश दोहराया जाएगा और प्रदेश में बदलाव तय है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आगे आएं।

# दाड़ो देवरिया पंचायत भी चुनी निर्विरोध

## सिरमौर जिले में सर्वसम्मति से चुनी जाने वाली दूसरी पंचायत

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायतीराज चुनावों के बीच सर्वसम्मति की परंपरा एक बार फिर मजबूत होती नजर आ रही है। शिलाई विधानसभा क्षेत्र की टटियाण पंचायत के बाद अब पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़ो देवरिया भी निर्विरोध चुन ली गई है। ग्राम पंचायत दाड़ो देवरिया में ग्रामीणों ने आपसी सहमति से पूरी कार्यकारिणी का चयन किया।

बैठक का आयोजन पूर्व प्रधान गीता देवी, पूर्व उपप्रधान नरेंद्र सिंह और पूर्व उपप्रधान संदीप चौहान की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें पंचायत के सभी वर्गों ने भाग लिया।



सर्वसम्मति के तहत सुमन कुमारी को प्रधान और सुरजीत सिंह को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा चेवला बकानग से रीता देवी, दाड़ो-एक से रविंदर, दाड़ो-दो से रोहित, थाना कावड़ी से राधा देवी और सोहला से सुनीता देवी को वार्ड सदस्य बनाया गया। पंचायत के सुभाष ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों ने आपसी विश्वास और एकजुटता के साथ यह फैसला लिया है। जल्द ही इसकी औपचारिक सूचना खंड विकास अधिकारी पच्छाद को दी जाएगी।

गौरतलब है कि जनवरी 2021 के पंचायत चुनावों में भी सिरमौर जिला ने रिकॉर्ड बनाते हुए 33 पंचायतों को निर्विरोध चुना था, जो प्रदेश में सबसे बड़ा आंकड़ा रहा था।

**नगर निकाय चुनाव** | पार्टी टिकट न मिलने से नाराज कई नेता निर्दलीय प्रत्याशी उतरे चुनावी मैदान में

# बागियों ने बढ़ाई कांग्रेस और भाजपा की धड़कनें

अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चार प्रमुख नगर निगमों सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर में नगर निकाय चुनावों ने अब पूरी तरह राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। टिकट वितरण के बाद कांग्रेस और भाजपा के भीतर उठे असंतोष ने दोनों दलों की चिंता बढ़ा दी है।

पार्टी टिकट न मिलने से नाराज कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है, जिसके बाद दोनों दल अब बागियों को मनाने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। बुधवार दोपहर तीन बजे तक नामांकन वापसी की अंतिम समय सीमा होने के कारण सियासी गलियारों में लगातार बैठकों, फोन कॉलों और मनुहारों का दौर जारी रहा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि बागी उम्मीदवार मैदान में डटे रहे तो कई वार्डों में मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है, जिससे कांग्रेस और भाजपा दोनों के चुनावी समीकरण बिगड़ सकते हैं। जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बुधवार दोपहर तीन बजे के बाद ही यह स्पष्ट हो गई है कि आखिर कितने उम्मीदवार अंतिम रूप से चुनाव मैदान में बने हैं।

नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। कांग्रेस और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को पार्टी चिन्ह, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव चिन्हों के साथ मैदान में उतरेंगे। चार नगर निगमों के अलावा प्रदेश की 47 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में भी चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। प्रदेशभर के 51 शहरी निकायों में पार्षद पदों के लिए कुल 1394 नामांकन सही पाए गए हैं। इतने बड़े स्तर पर दावेदारों की मौजूदगी ने इस बार के निकाय चुनावों को बेहद दिलचस्प और प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया है।

### 17 को होगा मतदान

**प्रदेश** के सभी 51 निकायों में 17 मई को मतदान होगा। नगर परिषद और नगर पंचायतों के परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि चार नगर निगमों के नतीजे 31 मई को सामने आएंगे। चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की निगरानी और कर्मचारियों की तैनाती को लेकर भी गतिविधियां तेज हो गई हैं।




### पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में उत्साह

**नगर** निकाय चुनावों में कुल 3 लाख 60 हजार 859 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 80 हजार 963 पुरुष, 1 लाख 79 हजार 882 महिला और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 1808 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जिनमें काफी उत्साह है। इससे चुनावी माहौल में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

# कांग्रेस ने किया दोहंदी के लोगों की जनभावनाओं से खिलवाड़: जयराम

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी नगर निगम चुनावों और विशेष रूप से बैहना और दोहंदी वार्ड के घटनाक्रम को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दोहंदी वार्ड के मतदाताओं की भावनाओं का अपमान किया है और अब यहां की जनता इस विश्वासघात का जवाब आगामी चुनावों में 'खेला' करके देगी। मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान जयराम ने बताया कि बैहना वार्ड की तरह ही दोहंदी वार्ड की जनता भी कुछ स्थानीय मुद्दों और ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किए जाने के विरोध में चुनावों के बहिष्कार का मन बना लिया है। जनता की इसी मांग का सम्मान करते हुए क्षेत्र के लोगों ने सभी प्रत्याशियों से अपने नामांकन वापस लेने का आग्रह किया था। जयराम ठाकुर के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी और अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों ने जनता की भावनाओं और उनके सामूहिक निर्णय के प्रति अपनी सहमति व्यक्त की थी।



इसी निर्णय के तहत सभी प्रत्याशी तय समय पर एसडीएम बल्ह के कार्यालय में अपना नाम वापस लेने के लिए उपस्थित हो गए थे। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जहां भाजपा और अन्य उम्मीदवार जनहित में अपना नाम वापस लेने पहुंच गए थे, वहीं कांग्रेस की प्रत्याशी कार्यालय नहीं पहुंचीं। जयराम ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस प्रत्याशी का न आना यह दर्शाता है कि वे और उनकी पार्टी जनता की भावनाओं के विपरीत कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस ने दोहंदी वार्ड के लोगों के साथ जो खेल खेला है, उससे पार्टी के दोहरे चरित्र का एक बार फिर पर्दाफाश हो गया है।' उन्होंने कहा कि जब पूरा वार्ड एक सुर में विरोध प्रदर्शन कर रहा है और चुनाव बहिष्कार की बात कर रहा है, तो ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी का वहां न पहुंचना यह स्पष्ट करता है कि उन्हें जनभावनाओं की कोई परवाह नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि उनकी तत्कालीन भाजपा सरकार ने मंडी शहर की जनभावनाओं के अनुरूप और कुछ ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़कर नगर निगम का गठन किया था। उस समय हमारी सरकार ने लोगों को भरोसा दिलाया था कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों को कोई असुविधा होती है, तो उन्हें बाहर करने की प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चढ़ी वार्ड से सुरिंद्र कुमार को बनाया प्रत्याशी



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आगामी चुनावों की तैयारियों को पुख्ता करते शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला परिषद प्रत्याशियों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। यह निर्णय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश पटाकू की अध्यक्षता और विधायक केवल सिंह पठानिया की उपस्थिति में लिया गया। प्रत्याशियों में चढ़ी वार्ड से सुरिंद्र कुमार (कांजो), मंझग्रां वार्ड से मीना कुमारी, कल्याड़ा वार्ड से वीना चौधरी, भतल्ला वार्ड से संदीप कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इन प्रत्याशियों का चयन संगठन की मजबूती और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर किया गया है। सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान भी किया गया।

### ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली का विधिवत शुभारंभ प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया द्वारा किया गया। यह प्रणाली बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) तथा भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विकसित की गई है, जो संस्थान की तकनीकी क्षमता और नवाचार को दर्शाती है। इस डिजिटल प्रणाली में रियल-टाइम मॉनिटरिंग, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन और स्वचालित सूचना व्यवस्था जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिससे शिकायतों का निस्तारण तेज और पारदर्शी हुआ है। छात्र अब ऑनलाइन माध्यम से अपनी समस्याएं दर्ज कर सकते हैं, जिन्हें तुरंत संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाता है। प्रत्येक शिकायत को यूनिक आईडी प्रदान की जाती है, जिससे उसकी स्थिति ट्रैक की जा सकती है। प्राचार्य ने इसे महाविद्यालय को स्मार्ट बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### हेड ब्वॉय वरुण और हेड गर्ल बनी राधिका



**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें नए सत्र के लिए विद्यालय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन बरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर हेड ब्वॉय वरुण गुलेरिया और हेड गर्ल राधिका शर्मा को चुना गया तथा उन्हें सैशे और बैज पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद चारों सदनों के कैप्टन, वाइस कैप्टन और स्पोर्ट्स कैप्टन भी नियुक्त किए गए। लिली, डेजी, लोटस और रोज सदन के विद्यार्थियों को दायित्व सौंपते हुए उन्हें जिम्मेदारी, अनुशासन और नेतृत्व की प्रेरणा दी गई। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### परागपुर में 70 एआरओ को मिला प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** विकास खंड परागपुर में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को खंड विकास कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता में एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने की। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी एवं बीडीओ राजकुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में 70 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन पत्रों की जांच, संवीक्षा, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा चुनावी प्रक्रिया की कानूनी बारीकियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ ने नामांकन के समय शपथ पत्रों की जांच, पात्रता नियमों का पालन, मतपेटियों की सीलिंग, मतपत्रों की सुरक्षा और मतगणना प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया। ब्लॉक की 63 पंचायतों के लिए 63 एआरओ फील्ड में भेजे गए हैं, जबकि 7 को रिजर्व रखा गया है। सभी को चुनावी किट भी वितरित की गई।

### 'आप' प्रवक्ता कालिदास ने मनाई 32वीं सालगिरह



**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कालीदास कोली ने पत्नी सुषमा देवी और बहू मीनाक्षी के साथ बाल आश्रम पंचरुखी के सलियाना स्थित रोटरी हेल्प्ज फाउंडेशन में दिव्यांग, बेसहारा बच्चों और वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों के बीच अपनी 32वीं शादी की सालगिरह मनाई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ केक काटा और सभी को मिठाई व प्रसाद वितरित किया। साथ ही बच्चों को दोपहर का भोजन भी करवाया गया। कालीदास ने कहा कि वे हर शुभ अवसर जरूरतमंदों के बीच मनाने का प्रयास करते हैं ताकि समाज में खुशी साझा हो सके। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेर सिंह, उपाध्यक्ष प्रीतम मेहरा और संयुक्त सचिव कर्म सिंह भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें भोजन वितरित किया। बच्चों ने अतिथियों से दोबारा आने का आग्रह भी किया।

### विक्रम जिला कांगड़ा के चेयरमैन नियुक्त

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** राष्ट्रीय बाल्मीकि धर्मसमाज केन्द्रीय संगठन (रजि.) जिला कांगड़ा की बैठक बुधवार को छतरी में जिला प्रधान कुलदीप (दीपा) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंजाब राज्य अध्यक्ष अमित रंधावा और वाइस प्रधान राहुल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विक्रम सिंह, निवासी छतरी को संगठन का जिला कांगड़ा चेयरमैन नियुक्त किया गया तथा उन्हें शीघ्र कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अमित रंधावा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक व आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देना तथा युवाओं को सशक्त बनाना है। नवनियुक्त चेयरमैन विक्रम सिंह ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। बैठक में कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### नप शाहपुर से 27 प्रत्याशी मैदान में

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के आगामी चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अंतिम दिन दो उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया है अब कुल 27 उम्मीदवार मैदान में हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर 1 से 7 तक कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिससे इस बार मुकाबला काफी रोचक होने की संभावना है। इस प्रकार कुल मिलाकर अब 27 उम्मीदवारों नगर पंचायत शाहपुर चुनाव मैदान में हैं।

# दो कुख्यात नशा तस्कर 3-3 महीने की हिरासत में भेजे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस द्वारा आदतन नशा तस्करों पर फोकस किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैजनाथ क्षेत्र के दो कुख्यात तस्करों को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में तीन माह के लिए निरुद्ध एक्ट, 1988 के तहत तीन-तीन माह की निवारक हिरासत में भेजा गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी अश्वनी राणा निवासी पिहार (बैजनाथ) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं। ये मामले कुल्लू, बिलासपुर और पंजाब के समराला थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं, जिनमें उसके कब्जे से हेरोइन (चिट्टा) और चरस बरामद की गई थी। बार-बार गिरफ्तारी और जमानत के बावजूद आरोपी तस्करी में सक्रिय बना हुआ था। दूसरे आरोपी रामदास उर्फ रामू निवासी बैजनाथ के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं। इनमें दो मामले पालमपुर और एक शाहपुर थाना में दर्ज है। आरोपी के पास से भी हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसार, वह भी लगातार नशा तस्करी में संलिप्त पाया गया।

एएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल ने बताया कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आया कि दोनों आरोपी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की सप्लाई और वितरण में सक्रिय थे, जिससे खासकर युवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 2026 को पुलिस ने दोनों के खिलाफ कांगड़ा में नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में तीन माह के लिए निरुद्ध एक्ट के तहत निवारक हिरासत का प्रस्ताव भेजा, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने मंजूरी दे दी। आदेशों के तहत दोनों आरोपियों को तीन-तीन माह के लिए जिला कारागार कांगड़ा (धर्मशाला) में निरुद्ध करने के निर्देश दिए गए।

# 12.18 ग्राम चिट्टा और 42,150 नकदी सहित तस्कर किया गिरफ्तार

## नशे के खिलाफ जारी अभियान में रिहायशी मकान में तलाशी के दौरान मिली सफलता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरन्तर जारी विशेष अभियान के अन्तर्गत एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम द्वारा गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गांव तरसूह में एक रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान शेरू राम, निवासी गांव तरसूह, डाकघर सकोट, तहसील व जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, उम्र 42 वर्ष के कब्जे से 12.18 ग्राम चिट्टा (हेरोइन), 14 नशीले कैप्सूल व 42,150 रुपए की नकदी बरामद की गई। जिस पर उपरोक्त आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है तथा इसके विरुद्ध पुलिस थाना कांगड़ा में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरन्तर जारी विशेष अभियान में लगातार गश्त, नाकाबंदी, गुप्त सूचना एकत्रित करना जारी है।

◆ **गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई, नशीले कैप्सूल भी बरामद**

बुधवार को जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी तो गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी गांव तरसूह में अपने रिहायशी मकान में चिट्टा बेचने का धंधा करता है। इस पर जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम द्वारा हालात के मध्यनजर, नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए मौका पर उक्त आरोपी के रिहाईशी मकान की तलाशी अमल में लाई तो तलाशी के दौरान 12.18 ग्राम चिट्टा, 14 नशीले कैप्सूल व 42,150 रुपए की नकदी बरामद की है।

एएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### 354 ग्राम चरस संग युवक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी द्वारा यातायात चैकिंग एवं नाकाबंदी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक वाहन को स्थान कोप्रा (गगरूही के समीप) पर रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन चालक लोकेश पुत्र श्री जोगिंदर सिंह, निवासी गांव हार देहरी, डाकघर सिल्ह, तहसील ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा आयु 35 वर्ष के कब्जे से 354 ग्राम चरस बरामद की गई। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि उक्त बरामदगी के आधार पर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस के अंतर्गत पुलिस थाना ज्वालामुखी में अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में आगामी अन्वेषण एवं कानूनी कार्यवाही नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।



# थुरल स्कूल का परिणाम रहा शानदार

## 91 फीसदी से 96.2 फीसदी तक की श्रेणी में आए 9 बच्चे

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10+2 कक्षा घोषित परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल स्कूल का परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम कुल 86.6 प्रतिशत रहा। तीनों संकायों में कुल 94 विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 81 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 9 बच्चे 91 फीसदी से 96.2 फीसदी तक की श्रेणी में रहे, जिनमें 6 बच्चे 86 फीसदी से 90 फीसदी तक की श्रेणी में रहे। 10 बच्चे 81 फीसदी से 85 फीसदी तक की श्रेणी में रहे। 19 बच्चे 76 फीसदी से 80 फीसदी तक की श्रेणी में रहे। 14 बच्चे 71 फीसदी से 75 फीसदी तक की श्रेणी में रहे।

इसके अलावा 21 बच्चे 60 फीसदी से 70 फीसदी तक की श्रेणी में रहे। जिसमें कला संकाय में अंशल गुलेरिया सुपुत्री अजय कुमार ने 500 में से 471 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, वहीं सक्षम सुपुत्र राजेश कुमार ने 466 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा रिधिमा सुपुत्री सुदर्शन सिंह ने 431 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में श्रेया धीमान सुपुत्री कालीचरण ने 470 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, वहीं प्राची सुपुत्री सुभाष चंद ने 447 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा मेधा सुपुत्री अनीश कुमार ने 428 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विज्ञान संकाय में प्राची शर्मा सुपुत्री अजय कुमार शर्मा ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, वहीं दृष्टि दत्त सुपुत्री वरुण दत्त शर्मा ने 454 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा आस्था सुपुत्री सुमन कुमार 449 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी बच्चों और अभिभावकों के साथ समस्त क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्कूल के बेहतर परिणाम के लिए एसएमसी प्रधान विनीता जम्वाल ने और अन्य सदस्यों ने विद्यालय के प्रधानाचार्या और समस्त अध्यापक साथियों को बहुत-बहुत मुबारकबाद दी।

# महिलाओं को फिर गुमराह कर रही कांग्रेस: परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश में महिला कांग्रेस द्वारा तथाकथित टैलेंट हंट कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा पर सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने तीखा प्रहार करते हुए इसे जनता का ध्यान भटकाने का एक सस्ता राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने प्रदेश की भोली-भाली महिलाओं से खुलेआम झूठ बोलकर सत्ता हासिल की, आज वही पार्टी महिलाओं के नाम पर कार्यक्रमों का दिखावा कर अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। परमार ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आज हिमाचल में महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें कर रही हैं, लेकिन प्रदेश की महिलाएं अच्छी तरह जानती हैं कि यही वे नेता हैं जिन्होंने चुनाव से पहले हर महिला को 1500 प्रतिमाह देने का बड़ा वादा किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि आज तक न तो वह 1500 महिलाओं के खाते में पहुंचे और न ही महिलाओं के उत्थान के लिए कोई ठोस योजना धरातल पर दिखाई दी। यह सीधा-सीधा महिलाओं के साथ विश्वासघात है, जिसे प्रदेश की मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेगी। परमार ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों और खोखले नारों पर टिकी हुई है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे करना और सत्ता में आते ही उन वादों को भूल जाना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला कांग्रेस का यह टैलेंट हंट कार्यक्रम असल में महिलाओं के मुद्दों से ध्यान हटाने का एक प्रयास है, ताकि जनता कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर सवाल न उठा सके। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को वास्तव में महिलाओं की चिंता होती, तो सबसे पहले अपने किए गए वादों को पूरा करती।

# पठानकोट में डेंगू की दस्तक

## 25 मोहल्ले हाई-रिस्क घोषित, हर शुक्रवार ड्राय-डे

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में डेंगू ने दस्तक दे दी है। सीजन की शुरुआत में ही मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। सिविल अस्पताल की लैब में संदिग्ध मरीजों की डेंगू जांच शुरू कर दी गई है। वहीं नगर निगम को शहर के 25 मोहल्लों की सूची सौंपी गई है, जिन्हें डेंगू के लिहाज से हॉटस्पॉट घोषित किया गया है।

इन इलाकों में पानी और सीवरेज पाइपों की लीकेज के कारण संक्रमण फैलने का खतरा अधिक पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम को तुरंत लीकेज ठीक कराने और नियमित फॉगिंग करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी 50 वार्डों में एडवांस फॉगिंग कराने को भी कहा गया है ताकि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाई जा सके।

हाई-रिस्क मोहल्लों में चारजियां मोहल्ला, लमीनी, घरथौली, भदरोआ, ढांगू, ढाकी, सेनगढ़, काजीपुर, रामनगर, डिफेंस कॉलोनी, मॉडल टाउन, शास्त्री नगर, प्रीतनगर, खानपुर सहित कई इलाके शामिल हैं।

इस बीच प्रशासन ने हर शुक्रवार को 'ड्राय-डे' अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत घरों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा पानी हटाने पर विशेष जोर रहेगा। पिछले वर्षों के आंकड़ों के अनुसार 2023 में 387, 2024 में 199 और 2025 में 130 डेंगू केस दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग ने 14 हेल्थ इंस्पेक्टरों और 60 मल्टीपर्पज वर्करों की टीमें बनाकर लार्वा जांच और जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे घरों में पानी जमा न होने दें और कूलरों, गमलों व टायरों की नियमित सफाई करें। सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही पाए जाने पर चालान भी किए जाएंगे।

# लंबित पेंशन व देनदारियों के शीघ्र भुगतान की मांग



फतेहपुर में बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्ज फोरम हिमाचल प्रदेश इकाई फतेहपुर की महत्वपूर्ण बैठक एक निजी पैलेस में वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनर्ज से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सदस्यों ने कहा कि पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण सहित सभी देयकों का तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि पेंशनभोगियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। बैठक की शुरुआत में हाल ही में दिवंगत पेंशनर्ज को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विद्युत बोर्ड में रिक्त पदों, विशेषकर तकनीकी कर्मचारियों की कमी को जल्द भरने की मांग की गई। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए समुचित कल्याण नीति बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुटता पर बल दिया गया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आर्य आक्रमण सिद्धांत का किया अकादमिक खंडन: जसवीर गढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्य-आक्रमण सिद्धांत के विभाजनकारी स्वरूप को समझने वाले शुरुआती विद्वानों में से थे। उन्होंने कहा कि उस समय जब कई बुद्धिजीवी इस सिद्धांत का समर्थन कर रहे थे, डॉ. आंबेडकर ने इसे अकादमिक रूप से चुनौती दी और इसके विभाजनकारी प्रभावों को स्पष्ट किया। उन्होंने इसे केवल ऐतिहासिक बहस नहीं, बल्कि सामाजिक एकता से जुड़ा मुद्दा बताया। यह विचार हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के आंबेडकर अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 'आंबेडकर संवादमाला' के चतुर्थ सत्र में व्यक्त किए गए, जिसका विषय था 'आर्य-आक्रमण सिद्धांत का मिथक और डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर'। गढ़ी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के लिए ऐसे सिद्धांतों से आगे बढ़ना आवश्यक है जो समाज में विभाजन पैदा करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील कुमार ठाकुर ने कहा कि आर्य-आक्रमण सिद्धांत का कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं है, फिर भी इसे लंबे समय तक शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल रखा गया। उन्होंने राखीगढ़ी उत्खनन और हाल के डीएनए अनुसंधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब इस विषय पर नए सिरे से विचार करने का समय आ गया है। सत्र में वक्ताओं ने संवाद और शोध आधारित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर बल दिया तथा आंबेडकर के विचारों को समकालीन संदर्भ में समझने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के छात्रों का जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



प्रताप वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल, इंदौरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिला पठानकोट में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटर स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों एवं संस्थानों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

स्कूल प्रिंसिपल रेणु परमार एवं एमडी डॉ. रिचा महाजन के कुशल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में प्रताप वर्ल्ड स्कूल इन्दौरा के कुल 80 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए कुल 16 स्वर्ण पदक, 28 रजत पदक तथा 24 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ, बल्कि पूरे क्षेत्र में भी गर्व का माहौल बना। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकगण एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रिंसिपल रेणु परमार ने कहा कि यह सफलता उनकी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास का परिणाम है। वहीं, एमडी डॉ. रिचा महाजन ने कहा कि विद्यालय हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा। इस शानदार प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि खेलकूद में भी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# 16 लोग कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल



पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने लोगों का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ भाजपा लोअर व अपर मंडल बैजनाथ की संयुक्त मासिक बैठक चामुंडा हाल बैजनाथ में सम्पन्न हुई। इसमें पूर्व विधायक बैजनाथ मुल्खराज प्रेमी की उपस्थिति में लगभग 16 लोग कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए। बैठक में देवराज, पंजाब सिंह, संजीव कुमार, अजय कुमार, लक्की कुमार, अरविंद नेगी, शशि कुमार, मंजीत कुमार, रवींद्र छोटू, बलदेव कुमार, राज कुमार, शकुंतला देवी, देविका देवी, संध्या देवी व मुरलीधर ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा में शामिल हुए लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर व पश्चिम बंगाल, असम, पुड्डुचेरी के परिणामों से उत्साहित होकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निश्चय किया,इस अवसर पर मुल्खराज प्रेमी ने भाजपा का पटका पहना कर उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि भाजपा हाईकमान ने अपने कार्यकर्ताओं को जिला परिषद के चुनावों में अवेरी वार्ड से बलवंत ठाकुर, कुंदेल वार्ड से मीना अरनोट, तारेहल वार्ड से मोनू देवी,संसाल वार्ड से जय गोपाल को भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है,अतः सभी भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है अतः कार्यकर्ता पार्टी लाइन से बाहर न जाकर संगठन के लिए कार्य करें। बैठक में दोनों मंडलों के अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, सुरेंद्र राणा, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य संजय सोनी, संजय सकलानी, पवन कौंडल, रोहित कौशल, अंजू कटोच,जिला परिषद के चारों वार्डों के भाजपा प्रत्याशी व सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए ।

# म्यूजियम डे धर्मशाला में दिखेंगी पंजाब के कलाकारों की कृतियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित कांगड़ा आर्ट म्यूजियम में 18 मई को म्यूजियम डे मनाया जायेगा। जिसमें पंजाब के कलाकारों की कृतियां आगंतुकों को आकृषित करेंगी। पंजाब के चार से पांच कलाकार अपनी कृतियों के साथ म्यूजियम डे पर धर्मशाला आयेंगे जिनकी कृतियों की प्रदर्शनी म्यूजियम में लगाई जाएगी, प्रदर्शनी का आयोजन तीन दिनों तक किया जाएगा। प्रदर्शनी की थीम मॉडर्न आर्ट सहित अन्य विषयों पर रहेगी। म्यूजियम में आने वाले पर्यटकों को म्यूजियम डे पर विभिन्न कृतियों को निहारने का मौका मिलेगा। म्यूजियम डे की तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। इस दौरान अन्य गतिविधियां भी पर्यटकों और स्थानीय लोगों से लोगों का मनोरंजन होगा। कांगड़ा आर्ट म्यूजियम की इंचार्ज रितु मलकोटिया ने बताया कि म्यूजियम डे पर विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में पंजाब के कलाकारों की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी में पंजाब के जालंधर के चार से पांच कलाकार अपनी पेंटिंग के साथ भाग लेंगे। पर्यटकों को प्रदर्शनी के साथ अन्य गतिविधियां भी म्यूजियम डे पे देखने को मिलेंगी।

# कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम धर्मशाला चुनाव को लेकर बनाई सशक्त समिति

अनंत ज्ञान



◆ **पुनीत मल्ली मीडिया प्रभारी, दिनेश को सोशल मीडिया इंचार्ज की कमान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम धर्मशाला चुनाव 2026 को लेकर एक सशक्त एवं रणनीतिक समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को संगठित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाना है। जारी आदेश के अनुसार, वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में चौधरी चंदर कुमार को नियुक्त किया गया है, जबकि प्रभारी की जिम्मेदारी रघुबीर सिंह बाली को सौंपी गई है। सह-प्रभारी के रूप में अनुराग शर्मा एवं देवेंद्र जग्गी को जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया प्रबंधन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुनीत मल्ली को मीडिया इंचार्ज तथा दिनेश शर्मा को सोशल मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। मीडिया इंचार्ज पुनीत मल्ली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्मशाला के विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरी है और जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 दिनों में यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला है कि भारतीय जनता पार्टी में भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पार्टी के भीतर ही मतभेद सामने आ रहे हैं और भाजपा ने जिन नए चेहरों को टिकट दिया है, जबकि अपने पुराने पार्टी कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया गया, वही कार्यकर्ता अब पार्टी को हराने के लिए आजाद उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा है। यह स्थिति दर्शाती है कि विपक्ष अंदरूनी तौर पर कमजोर हो चुका है।

सोशल मीडिया इंचार्ज दिनेश शर्मा ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पार्टी की विचारधारा और जमीनी कार्यों को तेजी से जनता तक पहुंचाया जाएगा। युवा वर्ग और शहरी मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

# धर्मशाला नगर निगम चुनाव : मैदान में अब 54 प्रत्याशी, 20 आजाद भी तैयार

## चुनाव प्रचार के दौरान एक लाख रुपए ही खर्च पाएगा प्रत्येक प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के चुनाव में 54 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से 17-17 प्रत्याशी भाजपा व कांग्रेस के, जबकि 20 निर्दलीय भी चुनावी रण में हैं। नगर निगम चुनाव के लिए 58 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से चार प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापिस लेने के चलते अब 54 प्रत्याशी मैदान में हैं।




◆ चार आजाद प्रत्याशियों को उगता सूरज, कार व ताला-चाबी चुनाव चिन्ह

आजाद प्रत्याशियों को उगता सूरज, कार और ताला चाबी चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। यही नहीं नगर निगम चुनाव में प्रत्याशी चुनाव प्रचार में एक लाख रुपये ही खर्च पाएंगे। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि पर बुधवार को वार्ड नंबर 8, 13, 14 और 15 से चुनाव मैदान में उतरे चार आजाद उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम मोहित रतन ने जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से 34 उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं, जबकि शेष उम्मीदवार आजाद तौर पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आजाद उम्मीदवारों को 'उगता सूरज', 'कार' और 'ताला-चाबी' जैसे चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रत्याशी अधिकतम 1 लाख रुपये तक ही चुनाव प्रचार पर खर्च कर सकता है। एसडीएम ने बताया कि 17 मई को होने वाले मतदान के दिन आईपीएल मैच भी निर्धारित हैं, जिससे ट्रैफिक पर असर पड़ सकता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। शहर के पांच संवेदनशील बूथों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

धर्मशाला के एसपी स्वयं इन बूथों की निगरानी की कमान संभालेंगे, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि चुनाव के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और मतदान प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष व सुचारू रूप से संपन्न कराई जाएगी।

# नाम वापसी के बाद एमसी पालमपुर में चुनावी तस्वीर साफ, 15 वार्डों में 34 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के चुनावों को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। अंतिम सूची जारी होने के साथ ही सभी उम्मीदवारों को उनके चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। अब कुल 34 प्रत्याशी 15 वार्डों में चुनावी मैदान में डटे हुए हैं, जिससे कई वार्डों में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।




वार्ड संख्या 01 में इन्द्र पाल (हाथ), राहुल पीटर (उगता हुआ सूरज) और हुकम सिंह (कमल) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वार्ड 02 में पूजा शर्मा (कमल) और राधा सूद (हाथ) आमने-सामने हैं। वार्ड 03 में प्रीति राणा (कमल) और रणजीत कौर (हाथ) के बीच सीधी टक्कर है, जबकि वार्ड 04 में अनिशा (कमल) और शैलजा चौहान (हाथ) चुनाव लड़ रही हैं। वार्ड 05 और 06 में भी त्रिकोणीय मुकाबले हैं। वार्ड 05 से अनीश नाग (कमल), रविन्द्र कुमार (हाथ) और संजीव कुमार 'राणा' (उगता हुआ सूरज) मैदान में हैं। वहीं वार्ड 06 में कविता मिन्हास (हाथ), मुनीषा शर्मा (कमल) और सोनिया शर्मा (उगता हुआ सूरज) चुनाव लड़ रही हैं।

अन्य वार्डों में भी सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। वार्ड 07 से मंजू बाला (कमल) और सविता राठौर (हाथ), वार्ड 08 से रितेश ठाकुर (हाथ) और सुरिन्द्र ठाकुर (कमल), वार्ड 09 से कमलेश कुमारी (हाथ) और मीनू देवी (कमल) मैदान में हैं। वार्ड 10 से नीलम मलिक (हाथ) और सुमन कटोच (कमल), वार्ड 11 में किरण देवी (कमल) व प्रमिला देवी (हाथ), वार्ड 12 में निशा देवी (हाथ) व ललित कुमार शर्मा (कमल), वार्ड 13 में अंजना (हाथ) व वर्षा कुमारी (कमल), वार्ड 14 में अनीता देवी (हाथ) व मोनिका शर्मा (कमल) तथा वार्ड 15 में राजकुमार (हाथ), लता देवी (कमल) और संतोष कुमार (उगता सूरज) के बीच मुकाबला होगा। अब सभी प्रत्याशी जनसंपर्क में जुट गए हैं और चुनावी माहौल दिन-प्रतिदिन गरमाता जा रहा है।

## सालगिरह मुबारक



कोहलवीं सनाही गांव के देश राज शर्मा व जमना को शादी की 57वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' की ओर से शुभकामनाएं।

## शिकायतों के लिए नया दूरभाष नंबर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की व्यवस्था में संशोधन किया गया है। अब वैकल्पिक टेलीफोन नंबर 01892-223322 (कक्ष संख्या 718) को कंट्रोल रूम के रूप में क्रियाशील किया गया है। इससे पूर्व यह व्यवस्था कक्ष संख्या 803 और नंबर 01892-222103 पर थी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए केवल नए नंबर का ही उपयोग करें।

# कांगड़ा में पंचायत चुनावों की तैयारी तेज, नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में पंचायती राज संस्थानों के चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 7 मई से शुरू होगी। नामांकन भरने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिले में इस बार 846 प्रधान, 846 उपप्रधान, 54 जिला परिषद सदस्य, 377 बीडीसी सदस्य और 4854 वार्ड सदस्यों के पदों के लिए चुनाव होंगे। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य के लिए नामांकन पंचायत मुख्यालयों में भरे जाएंगे। वहीं बीडीसी सदस्यों के लिए तहसीलदार कार्यालय और जिला परिषद सदस्यों के लिए एसडीएम कार्यालय में पर्चे दाखिल किए जाएंगे।

धर्मशाला ब्लॉक के योल क्षेत्र में बनी चार नई पंचायतों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। इन पंचायतों—बन्नी, लेहसर, कस्बा और चतेहड़—में वही लोग

◆ योल क्षेत्र की नई पंचायतों पर असमंजस बरकरार

नामांकन भर सकेंगे, जिन्होंने कैंट बोर्ड के विघटन के बाद अपना टैक्स क्लियर किया है। हालांकि, इस शर्त को लेकर स्थानीय लोगों में असंतोष है। योल क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा से मिलकर चुनाव लड़ने के लिए एनओसी देने की मांग की है। मामला फिलहाल शिमला भेजा गया है, लेकिन अभी तक इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पंचायत अधिकारी सचिन ठाकुर ने बताया कि जिन लोगों ने टैक्स जमा नहीं किया है, वे फिलहाल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मार्गदर्शन मिलने के बाद ही इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इस बीच चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# रुचि ने एमकॉम में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में ठाकुर कॉलेज ढलियारा की पूर्व छात्रा रुचि भाटिया ने शानदार सफलता हासिल की है। रुचि भाटिया ने एमकॉम की परीक्षा में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र और कॉलेज में खुशी का माहौल है। अपनी इस बड़ी कामयाबी का श्रेय



रुचि ने अपने अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन और अपने माता पिता के सहयोग को दिया है। उनका कहना है कि शिक्षकों की मेहनत और परिवार के आशीर्वाद की बदौलत ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं। कॉलेज प्रबंधन और स्थानीय निवासियों ने उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें व उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नशा तस्करी से अर्जित संपत्ति फ्रीज

## चार मामलों मे संलिप्त आरोपी पर पुलिस ने की कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**देहरा।** पुलिस जिला देहरा की टीम द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी कड़ी में वित्तीय अन्वेषण के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यवाही अमल में लाई गई है। सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली द्वारा धारा 68एफ (2), एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के अंतर्गत आरोपी 47 वर्षीय शरीफ दीन पुत्र कर्मदीन, निवासी गांव बलाहर, डाकघर सलिहार, तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए हैं।

एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान यह स्थापित हुआ कि आरोपी द्वारा मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से अर्जित धनराशि आवासीय मकान (निर्माणाधीन) अनुमानित मूल्य 14,09,845 रुपये, खाता संख्या 350, खतौनी संख्या 422, खसरा संख्या 1819, कुल कुल क्षेत्रफल




0-01-35 हेक्टेयर गांव बलाहर तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा की उक्त संपत्ति आरोपी के नाम पर पंजीकृत है, जिसे एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत फ्रीज/जब्त किया गया है, ताकि इसे किसी भी प्रकार से बेचा, स्थानांतरित अथवा उपयोग में न लाया जा सके। उन्होंने बताया कि आरोपी विभिन्न चार मामलों में संलिप्त रहा है, जिसके चलते उपरोक्त मामलों में संलिप्तता एवं निरंतर मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध आय के आधार पर यह स्थापित हुआ कि आरोपी द्वारा उक्त संपत्ति का निर्माण/अर्जन अवैध कमाई से किया गया है, जिसके फलस्वरूप सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति को फ्रीज करने की कार्यवाही की गई है।

# पठानकोट पुलिस ने हेरोइन के साथ छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पठानकोट पुलिस ने 'नशों के खिलाफ जंग' अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 7.73 ग्राम हेरोइन के साथ एक महिला सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर-2 की टीम द्वारा सब-इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में की गई।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम चार मरला क्वार्टर इलाके में गश्त कर रही थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक घर में संदिग्ध लोगों का आना-जाना लगा हुआ है और वहां नशे से संबंधित गतिविधियां चल रही हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत मौके पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से छह लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 7.73 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके अलावा पुलिस को तीन सिल्वर पेपर और तीन लाइटर भी

◆ चार मरला क्वार्टर में छापेमारी, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

मिले, जिनका इस्तेमाल नशा करने में किया जाता है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुनीश उर्फ निशु निवासी चार मरला क्वार्टर, साहिल भारद्वाज निवासी जिला कांगड़ा, सोनू उर्फ काकू निवासी रामनगर पठानकोट, दीपक कुमार उर्फ दीपू निवासी कांगड़ा, विशाल शर्मा निवासी कांगड़ा और ज्योति निवासी कांगड़ा के रूप में हुई है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गरली स्कूल में प्रधानाचार्य ट्रांसफर पर बवाल अभिभावकों ने चक्का जाम की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**सालबिया शर्मा, गरली।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा के अचानक ट्रांसफर ने पूरे इलाके में उबाल ला दिया है। एक तरफ शिक्षा विभाग का आदेश, दूसरी तरफ भड़के अभिभावक—स्थिति अब टकराव की ओर बढ़ती साफ नजर आ रही है। गुस्साए अभिभावकों ने साफ शब्दों में चेतावनी दे दी है कि यदि ट्रांसफर आदेश तुरंत प्रभाव से रद्द नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर चक्का जाम करेंगे और अपने बच्चों को स्कूल से निकाल लेंगे।

अभिभावकों का कहना है कि यह फैसला न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्याय भी है। उनका आरोप है कि प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने जिस स्कूल को नई पहचान दिलाई, उसी को अब झटका देने का काम किया गया है। इसी वर्ष स्कूल को सीबीएसई का दर्जा मिलने के बाद उन्होंने कड़ी मेहनत और बेहतर प्रबंधन के दम पर 144 छात्र-छात्राओं को निजी स्कूलों से सरकारी स्कूल में दाखिला दिलवाया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इतना ही नहीं, छोटे बच्चों की

◆ बच्चों को स्कूल से निकालने की चेतावनी, शिक्षा विभाग के फैसले के खिलाफ आर-पार की लड़ाई

सुविधा के लिए बस सेवा जैसी व्यवस्था भी अपने स्तर पर शुरू की गई, जिससे दूर-दराज के अभिभावकों को बड़ी राहत मिली। यही कारण है कि स्कूल के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा था, लेकिन अचानक हुए ट्रांसफर ने इस भरोसे को हिला कर रख दिया है। अभिभावकों ने दो टूक कहा है कि अगर विभाग ने जल्द निर्णय वापस नहीं लिया, तो वे मजबूर होकर अपने बच्चों का नाम कटवाकर दोबारा निजी स्कूलों में दाखिला करवा देंगे। उनका कहना है कि जब सरकारी स्कूल बेहतर काम कर रहा था, तो ऐसे फैसले से उसका मनोबल तोड़ा जा रहा है।

गरली में माहौल लगातार गरमाता जा रहा है और अभिभावक अब किसी भी सूरत में पीछे हटने के मूड में नहीं दिख रहे। यह विरोध अब सिर्फ एक ट्रांसफर का मुद्दा नहीं रह गया, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था में भरोसे और पारदर्शिता की लड़ाई बन चुका है।

# प्रश्न पत्रों की गुणवत्ता में सुधार करने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा कक्षा 9वीं और 10वीं के सभी विषयों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रश्न पत्रों की गुणवत्ता में सुधार करना और मूल्यांकन प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना रहा।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के दौरान हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ-साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के प्रश्न पत्रों की तुलनात्मक समीक्षा की गई। इस दौरान पाठ्यक्रम, ब्लूप्रिंट और मार्किंग स्कीम का गहन अध्ययन किया गया, ताकि विद्यार्थियों के मूल्यांकन को संतुलित और बेहतर बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में PARAKH टैक्सोनॉमी के अनुसार मॉडल प्रश्न पत्र तैयार करने पर

◆ स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आयोजित की कार्यशाला

विशेष जोर दिया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि आगामी प्रश्न पत्रों में 20 से 30 प्रतिशत प्रश्न क्षमता-आधारित हों, जिससे छात्रों में रटने की बजाय समझ आधारित और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा मिल सके।

डॉ. शर्मा ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ मजबूत होगी और वे वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में ज्ञान का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा।

# सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत 21 से 23 अगस्त तक : आर मियूल शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा के सचिव आर. मियूल शर्मा ने आज यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति, संवाद एवं सुलह के माध्यम से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समाधान समारोह 2026 अभियान अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न चरणों में लंबित मामलों की पहचान कर पक्षकारों के मध्य सुलह एवं मध्यस्थता की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का शांतिपूर्ण एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। आर. मियूल शर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत राज्य, जिला, तहसील एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा मध्यस्थता केंद्रों में प्री-सेटलमेंट एवं सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ, विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव, अधिवक्ता एवं संबंधित पक्षकार भाग लेंगे। इच्छुक पक्षकार व्यक्तिगत रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से भी इन बैठकों में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा सहित राज्य स्तर पर नामित नोडल अधिकारी एवं विधिक सेवा संस्थाएं इस अभियान के सफल संचालन हेतु कार्य कर रही हैं। कांगड़ा जिला में भी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित पक्षकारों को सम्पर्क किया जाएगा ताकि वे इस समाधान प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा कर सकें।



सचिव ने बताया कि समाधान समारोह 2026 के अंतर्गत उन मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है जिनमें आपसी सहमति से समाधान संभव है। इनमें सिविल विवाद, बैंकिंग मामले, उपभोक्ता विवाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी मामले, ट्रांसफर याचिकाएं तथा स्पेसिफिक रिलीफ एक्ट एवं ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल किया जाएगा जिनमें दोनों पक्षों की सहमति होगी।

उन्होंने जानकारी दी कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को समाधान समारोह 2026 में शामिल करने के लिए एक सरल गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इच्छुक पक्षकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट अथवा गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई, 2026 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की सहायता अथवा जानकारी के लिए सर्वोच्च न्यायालय के वन स्टॉप सेंटर के दूरभाष नंबर 011-23116464, 011-23116465 एवं 011-23112428 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सीआरपी निदेशक से दूरभाष नंबर 011-23225652 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**जानकारी** पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य, बिना काउंटर साइन मान्य नहीं होगा नामांकन

# अफवाहों से रहें सावधान, नियमों के तहत ही भरें नामांकन

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** प्रदेशभर के साथ-साथ जिला कांगड़ा के विकास खंड फतेहपुर में भी पंचायत चुनावों की रणभेरी बज चुकी है। प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और कल 7 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके चलते गांव-गांव में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं विकास खंड अधिकारी फतेहपुर सुभाष अत्रि की अध्यक्षता में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की दूसरी और अंतिम रिहर्सल भी संपन्न कर ली गई है, जिसके बाद सभी अधिकारियों को संबंधित पंचायतों में तैनात कर दिया गया है, ताकि नामांकन प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी करवाई जा सके।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारी से उम्मीदवार सावधान रहें। केवल वही व्यक्ति नामांकन भर सकता है जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। नामांकन के लिए बोनाफाइड प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, जबकि पंचायत से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

### पूरी तरह निष्पक्ष-शांतिपूर्ण होंगे चुनाव : सुभाष



**इस** संबंध में सुभाष अत्रि ने कहा, 'पंचायती राज चुनावों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 7, 8 और 11 मई को नामांकन प्रक्रिया निर्धारित समय अनुसार चलेगी। सभी संबंधित कार्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हों।

पंचायत प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य और ब्लॉक समिति सदस्य पद के उम्मीदवारों को यह प्रमाण पत्र पंचायत से लेकर विकास खंड अधिकारी से काउंटर साइन करवाना होगा, जबकि जिला परिषद के उम्मीदवारों को पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर जिला पंचायत अधिकारी से काउंटर साइन करवाना अनिवार्य रहेगा।

प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया को लेकर सभी स्तरों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। पंचायत प्रधान, उप-प्रधान और पंचायत सदस्य के नामांकन संबंधित पंचायत कार्यालयों में भरे जाएंगे, जबकि ब्लॉक समिति सदस्य के नामांकन तहसीलदार कार्यालय में और जिला परिषद के नामांकन एसडीएम कार्यालय में दाखिल किए जाएंगे। नामांकन के

◆ आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू

◆ पंचायत से जिला परिषद तक अलग-अलग स्तर पर सत्यापन जरूरी

दौरान उम्मीदवारों को जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। पंचायत स्तर के पदों के लिए सेल्फ डिक्लेरेशन शपथ पत्र अनिवार्य है, जबकि ब्लॉक समिति और जिला परिषद के उम्मीदवारों को नोटरी या तहसीलदार से सत्यापित शपथ पत्र देना होगा।

विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्रि ने जानकारी देते हुए बताया कि उम्मीदवार 7, 8 और 11 मई को अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। इसके बाद 14 और 15 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की कि वे तय समय के भीतर सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर नामांकन प्रक्रिया पूरी करें।

अधिकारियों ने बताया कि नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद चुनाव प्रचार तेज हो जाएगा और उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार अभियान शुरू करेंगे। प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से पूरा करवाने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था करने पर भी जोर दे रहा है।

# दबाटा यूथ क्लब की नई कार्यकारिणी का कल होगा गठन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आशापुरी पंचायत के तहत गांव महाराज नगर (दबाटा) में सक्रिय दबाटा यूथ क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन कल किया जाएगा। इस संबंध में क्लब के वर्तमान अध्यक्ष अभय ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का आयोजन शुक्रवार 8 मई को सांय छः बजे उम्बर में किया जाएगा, जिसमें सभी सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। बैठक के दौरान क्लब के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों का चयन सर्वसम्मति या चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। क्लब के सदस्यों ने सभी युवाओं और युवतियों से बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि एक मजबूत और सक्रिय टीम का गठन किया जा सके। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से क्लब की गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी तथा सामाजिक, सांस्कृतिक व नशा उन्मूलन से जुड़े कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से संचालन किया जा सकेगा।

# जनता का सुधीर शर्मा पर अटूट विश्वास एमसी में फिर खिलेगा कमल : नैहरिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी धर्मशाला मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया ने कहा कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधीर शर्मा ने क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। धर्मशाला को स्मार्ट सिटी बनाने से लेकर नगर निगम के गठन और विभिन्न विकास परियोजनाओं को क्षेत्र में लाने तक, उन्होंने धर्मशाला का नक्शा बदलने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि विधायक सुधीर शर्मा लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और विकास कार्यों को गति देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। सडक़, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और शहरी सुविधाओं के विस्तार में उनके प्रयासों का परिणाम आज धर्मशाला की बदली हुई तस्वीर के रूप में साफ दिखाई देता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सुधीर शर्मा का दूरदर्शी नेतृत्व और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ही धर्मशाला की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर काम किया और केंद्र की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया। उन्होंने आगे कहा कि धर्मशाला की जनता भाजपा की नीतियों और विकास मॉडल पर भरोसा रखती है और आने वाले नगर निगम चुनावों में एक बार फिर भाजपा को समर्थन देकर शहर के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। डबल इंजन की सरकार के सहयोग से धर्मशाला को और अधिक आधुनिक, सुव्यवस्थित और स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि विधायक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में धर्मशाला नगर निगम में प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा और शहर का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जनगणना के कार्य में सभी करें सहयोग: गंधर्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला हमीरपुर की प्रधान जनगणना अधिकारी गंधर्वा राठौर ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि वे भारत की 16वीं जनगणना की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग करें, ताकि जिला की जनसंख्या का सही डाटा सामने आ सके। उपायुक्त ने बताया कि जिला हमीरपुर में भी जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों की गणना एवं सूचीकरण किया जाएगा। इसके लिए जनगणना कर्मचारी 16 जून से 15 जुलाई तक घर-घर दस्तक देंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी और इसके पहले चरण में एक जून से 15 जून तक लोगों के पास स्व-गणना का विकल्प भी रहेगा। इस अवधि के दौरान लोग स्वयं भी सेल्फ एन्यूमरेशन यानि स्व-प्रगणना पोर्टल, एसई.सेन्सस.जीओवी.इन पर ऑनलाइन अपनी जानकारी भर सकेंगे।

### 29 उम्मीदवार मैदान में, 8 ने वापस लिया नाम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के लिए नौ वार्डों में होने वाले चुनावों के लिए अब कुल उम्मीदवारों की संख्या 29 रह गई है। बुधवार को नामांकन की वापसी के दिन कल 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए। इससे पहले 39 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा था जिनमें से दो उम्मीदवारों द्वारा दो वार्डों में खड़े होने के चलते उनका एक-एक नामांकन स्वत रद्द हो गया था तथा कुल 37 उम्मीदवार मैदान में रह गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के दिन कुछ उम्मीदवारों द्वारा एक दूसरे पर विभिन्न आरोप लगाए गए थे और कुछ नामांकन रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन नामांकन पत्रों की जांच में सब कुछ सही पाया गया था। उधर, नगर परिषद सुजानपुर ने भी इन चुनावों में 2.5 लाख रुपए टैक्स के रूप में रिकवर किए हैं। इन उम्मीदवारों ने लिया नामांकन वापस, वार्ड नंबर एक से राहुल वार्ड नंबर 2 से भुवनेश कुमार, वार्ड नंबर 4 से संजय कुमार, वार्ड नंबर 5 से नीता कुमारी और बबली, वार्ड नंबर 7 से सुषमा देवी, वार्ड नंबर 8 से स्वृतिका और वार्ड नंबर 9 से सविता ने अपना नामांकन वापस ले लिया। उधर, एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि कल 8 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस लिया है। अब कल 29 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं।

### नपं भोटा में सपना ने वापस लिया नाम

**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में वार्ड नंबर 5 में सपना सोनी ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। अब इस नगर पंचायत के सात वार्डों में 15 प्रत्याशी पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। वार्ड नंबर 6 तक दो प्रत्याशी आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 7 से तीन प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने सभी 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं। 17 मई को इस पर चुनाव होगा और उसी दिन सांय 3 बजे मतों की गणना शुरू हो जाएगी तथा चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

### कांग्रेस ने 4 उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चार जिला परिषद वार्डों के लिए कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने बताया यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और इसमें स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह तथा चयन समितियों की सहमति शामिल रही। घोषित उम्मीदवारों में बिंदु राजपूत, रतन चंद, पूजा रानी और ज्वाला ठाकुर शामिल हैं। वर्मा ने विश्वास जताया कि सभी प्रत्याशी जनता के सहयोग से भारी मतों से विजयी होंगे। इस घोषणा के साथ क्षेत्र में कांग्रेस ने चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है।

### बड़सर में कांग्रेस ने उतारे उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** 'कभी हां कभी ना' के बीच में आखिरकार कांग्रेस ने भी जिला परिषद के चुनाव के लिए बड़सर विधानसभा क्षेत्र की पार्टी द्वारा समर्थित अधिकृत उम्मीदवारों की सूची जारी कर ही दी। करेर वार्ड से सुरजीत कुमार, बिझड़ी वार्ड से संदीप कुमार (निक्कू) झंझियानी से विपन कुमार और दांददू से नीना देवी को पार्टी ने अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा के मुताबिक बीरबार से नामांकन दाखिल करने का प्रोसेस शुरू हो रहा है और पार्टी के यही उम्मीदवार जिला परिषद के चुनावों के लिए संबंधित वार्डों से नामांकन दाखिल करेंगे।

### गरीब लोगों की मदद को आएं आगे: चांदला

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश बरड़ समाज सुधार सभा का वार्षिक सम्मेलन नादौन उपमंडल के गांव जसोह में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के उत्थान बारे विचार विमर्श किया गया तथा सरकार आग्रह किया गया कि बरड़ समाज के उत्थान के लिए विशेष योजना बनाई जाए। सम्मेलन में सभा के प्रदेशाध्यक्ष सरदार प्रकाश चंद चांदला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने झंडा रस्म अदा करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के गरीब से गरीब लोगों को मुख्य धारा जोड़ने के लिए आगे आना चाहिए। सम्मेलन में सभा के महासचिव अजीत सिंह, संजय कुमार, चमन कुमार, अरुण कुमार, सरदारी लाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

### एनसीसी कैडेट्स को किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के चिकित्सा अधिकारी मेजर हरीश ने ऊना की इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में जारी एनसीसी की 6 एचपी (स्वतंत्र) कंपनी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी एनसीसी कैडेटों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को थल सेना में अधिकारी बनने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत करवाया। सहायक भर्ती अधिकारी सूबेदार मेजर संजय कुमार सिंह ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कुल 195 एनसीसी कैडेट और 17 स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

### महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम का निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा और राजपूत कल्याण सभा द्वारा 'राजपूत एकता एवं महाराणा प्रताप जयंती' के आयोजन के निमंत्रण सक्रिय सदस्यों और पदाधिकारियों जगह जगह व्यक्तिगत तौर पर दिए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत विभिन्न गांवों से होते हुए लाहड़ क्षेत्र के जसौर गांव में लोगों को 9 मई सुबह साढ़े नौ बजे गांधी चौक पर एकत्रित होने व जलूस के रूप में मुख्य बाजार होते हुए टाउन हॉल में उपस्थित रहने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश गंधर्वा राठौर व अध्यक्ष के रूप में पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिला भर से अनेक सैन्य पूर्व अधिकारी और राज्य व केंद्र सरकार से सेवानिवृत अधिकारियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहेंगे। निमंत्रण पत्र वितरित करने वालों में राजपूत महासभा के महासचिव और राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर सहित पैट्रन यशपाल मन्हास ,प्रदीप ठाकुर,पवन वर्मा जसोरिया ,महिंद्र भारद्वाज सारा दिन इसमें व्यस्त रहे।

# मेडिकल कॉलेज की कृष्णा लैब में तकनीकी खराबी से मरीज परेशान

## पहले भी कृष्णा लैब में तीन दिन नहीं हुए थे टेस्ट, सरकारी लैब के बाहर लगी लाइनें

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सरकारी व प्राइवेट लैब स्थापित है, लेकिन कभी सरकारी लैब की मशीन खराब हो जाती है तो कभी प्राइवेट कृष्णा लैब में तकनीकी खराबी आ जाती है। जिसकी वजह से मरीजों को परेशान का सामना करना पड़ता है और निजी लैब में महंगे दामों में टेस्ट करवाने पड़ते हैं।

बुधवार को कृष्णा लैब में तकनीकी खराबी आने से टेस्ट नहीं किए जा सके जिसकी वजह से सरकारी लैब के बाहर लंबी लंबी लाइनें लगी रही। मेडिकल कॉलेज की सरकारी लैब में 9 से एक बजे तक सैंपल कलेक्शन की जाती है। उसके बाद रिपोर्ट दी जाती है। जबकि क्रष्णा लैब में 12 बजे कि बाद टेस्ट करवाने के लिए समय निर्धारित किया गया है। बुधवार को कृष्णा लैब के बाहर कोई भी मरीज नहीं था जबकि सरकारी लैब के बाहर लाईनों में तो मरीज थे ही, लाइनों के अलावा भी कई मरीज टेस्ट करवाने का इंतजार कर रहे थे।

गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में प्रतिदिन 2000 के करीब ओपीडी होती है और मरीजों की जांच के टेस्ट लिखे जाते हैं जिन्हें करवाना मरीजों को सरकारी लैब में करवाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कुछ मरीज कृष्णा लैब में टेस्ट करवाने के लिए चले जाते हैं। इससे मरीज दोनों तरफ बंद जाते है और काम का प्रेशर भी नहीं पड़ता है। बता दें कि दोनों की लैब में बहुत से टेस्ट तो निशुल्क किए जाते हैं जबकि कुछ एक टेस्टों की फीस ली जाती है। यही नहीं कुछ दिन पहले क्रष्णा लैब में तीन दिन तक टेस्ट नहीं जो पाए थे, जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। अब फिर से तकनीकी खराबी आने से मुश्किल हो गई है। इस बारे में कृष्णा लैब के प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि लैब में तकनीकी खराबी आने के कारण टेस्ट नहीं किए गए। उन्होंने बताया कि तकनीकी खराबी को दूर कर टेस्ट शुरू कर दिए जाएंगे।

### रेडक्रॉस लैब में नहीं आई थायराइड की मशीन

**मेडिकल** कॉलेज के साथ रेड क्रास लैब स्थापित की गई है, इस लैब में भी विभिन्न प्रकार के टेस्ट सस्ते दामों में किए जाते हैं। रेडक्रास लैब में थायराइड की मशीन न होने से कई मरीजों को वापस भेजना पड़ता है। रेडक्रास लैब में थायराइड की मशीन लगाने के लिए उपायुक्त से भी मिल चुके हैं, लेकिन एक साल से यह मशीन नहीं लग पाई है।

- मशीन खराबी से जांच व्यवस्था चरमराई, मरीजों को निजी लैब का सहारा
- तकनीकी खराबी को दूर कर शुरू कर दिए जाएंगे टेस्ट : राजीव कुमार

# भोरंज के जिप प्रत्याशियों ने लिया पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद




भोरंज के जिप प्रत्याशी पूर्व सीएम धूमल के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी चार जिला परिषद प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों सहित समीरपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जिला परिषद प्रत्याशियों ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चयनित कर उन पर विश्वास जताया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने-अपने वार्डों में पूरी मेहनत, समर्पण और जनसंपर्क के बल पर विजय हासिल करेंगे और यह जीत प्रो धूमल की झोली में डालेंगे। प्रत्याशियों ने कहा कि जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है और वे विकास, पारदर्शिता एवं जनसेवा के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन की मजबूती के आधार पर आगे बढ़ती है। उन्होंने प्रत्याशियों से अपेक्षा की कि वे जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाएं तथा ईमानदारी और सेवा भाव से कार्य करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी तथा डॉ. अनिल धीमान भी उपस्थित रहे।

# जेईई मेन में हिम अकादमी का जलवा छात्रों ने रचा सफलता का नया इतिहास




अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए जेईई मेन 2026 (पेपर-2) के शानदार परिणामों से अपना नाम रोशन किया है। बी प्लानिंग और बी अर्चिटेक्चर दोनों ही वर्गों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था को साबित किया है। बी प्लानिंग श्रेणी में शाश्वत ने 98.50 पर्सेंटाइल प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं सान्वी परमार ने 97.66 पर्सेंटाइल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसके अतिरिक्त विहान ने 97.15 पर्सेंटाइल और अनिरुद्ध ने 96.62 पर्सेंटाइल प्राप्त कर निरंतर उत्कृष्टता का परिचय दिया। बी अर्चिटेक्चर वर्ग में लक्षक पुरी ने 95.24 पर्सेंटाइल हासिल किया, जबकि अनमोल सूद ने 91.74 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। अन्य उल्लेखनीय विद्यार्थियों में उज्ज्वल (87.26 पर्सेंटाइल) और पूर्वी (86.81 पर्सेंटाइल) शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। साथ ही इस उपलब्धि का श्रेय समर्पित एवं अनुभवी अध्यापकों के विशेष सहयोग, मार्गदर्शन और निरंतर प्रेरणा को भी दिया गया। हिम अकादमी निरंतर अपने उत्कृष्ट परिणामों के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता बनाए हुए है।

# एनजीओ गलोड़ 58 हजार की आबादी के लिए बनी सहारा

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में पिछले तीन माह से खराब पड़ी एक्स रे मशीन को क्षेत्र की सामाजिक संस्था एनजीओ गलोड ने ठीक करवाकर फिर से चालू करवा दिया है। इससे करीब 58 हजार आबादी और 226 गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली है, जो अब तक जांच के लिए भटक रहे थे। जानकारी के अनुसार, मशीन लंबे समय से पुरानी है और अब इसके स्पेयर पार्ट भी नहीं मिलते हैं और नई मशीन की मांग को लेकर कई बार विभाग को पत्राचार किया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में एन जी ओ गलोड़ ने पहल करते हुए मैकेनिक बुलाकर मशीन को रिपेयर करवाया। संस्था के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि लोगों की परेशानी को देखते हुए यह कदम उठाया गया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था पहले भी इस मशीन को ठीक करवा चुकी है मगर मशीन बार बार खराब हो रही है इसकी जगह विभाग को नई मशीन लगवाना चहीये बन्हीं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर मंहगे दामों पर एक्स रे करवाने पड रहे थे स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी माना कि फिलहाल मशीन अस्थायी रूप से ठीक की गई है और नई मशीन के लिए उच्च स्तर पर मामला भेजा गया है। एनजीओ गलोड़ की इस पहल से एक बार फिर सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं, जबकि संस्था का यह प्रयास गलोड़ क्षेत्र के लिए बड़ी राहत साबित हुआ है।

- सीएचसी गलोड़ में 3 माह से बंद एक्स रे मशीन करवाई चालू

# पंचायत चुनाव : रण में उतरने के लिए आज से नामांकन भरेंगे उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पंचायत चुनावों को लेकर माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है कौन-कौन चुनाव लड़ेगा यह सब तय हो गया है। अब नामांकन पत्र भरने की तैयारी चल रही है। वीरवार 7 मई से पंचायत चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पंचायत प्रतिनिधि अपना नामांकन पत्र पंचायतों में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पास नामांकन दाखिल करेंगे, बीडीसी सदस्य के लिए ब्लॉक में नामांकन दाखिल करेंगे जबकि जिला परिषद सदस्य के लिए एसडीएम के पास नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। पंचायत चुनावों के लिए 7 मई, 8 मई और 11 मई को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे, जबकि 12 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी। 14 और 15 मई को सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 15 मई की शाम को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही ग्राम पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति तथा जिला परिषद सीटों के लिए कई क्षेत्रों में दावेदार सक्रिय हो गए हैं। कई पंचायतों में एक ही गांव से कई उम्मीदवार मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय राजनीति में प्रतिस्पर्धा और दिलचस्प हो गई है। पंचायत प्रधान से लेकर वार्ड पंच तक के उम्मीदवार अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर बैठकें कर रहे हैं और जीत को सुनिश्चित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हालांकि नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है, लेकिन जिन उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने का मन बनाया है उन्होंने वर्किंग शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि इन चुनावों में पुराने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ नए उम्मीदवार भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, लेकिन किसका पलड़ा भारी रहता है यह चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। जिला प्रशासन ने भी नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और जरूरी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उसी के अनुरूप उम्मीदवार सारी प्रक्रिया को पूरा करेंगे। फिलहाल सभी की निगाहें नामांकन पत्र दाखिल करने पर टिकी हैं कि चुनावी मैदान में कौन कौन उम्मीदवार उतरने वाला है।

- महिलाएं भी चुनावों में भाग्य आजमाने को तैयार, युवा भी उतरेंगे चुनावी मैदान में

# टीकाकरण अभियान में न छूटे कोई बच्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उप निर्देशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय अत्री, डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से चिकित्सा अधीक्षक डा. देशराज शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. सुनील वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. पारस और जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. नेहा पटियाल, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना एवं सम्प्रेषण अधिकारी सुनील रांगडा, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप निर्देशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा. राजेश गुलेरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जो बच्चे छुट रहे हैं उनको भी टीकाकरण करना सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाए। इसके अलावा जितनी भी गर्भवती महिलाएं हैं उनका पंजीकरण अति शीघ्र किया जाए और बताया कि प्रसव पूर्व अवधि के दौरान ही गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजन के तरीकों को अपनाने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए। जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी महिलाएं इस योजना से वंचित न रहें।

# भोरंज में पंचायत चुनावों की तैयारियां पूरी, आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज मिनी सचिवालय में बुधवार को ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की दूसरी और अंतिम रिहर्सल सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों को पंचायतों में जाने से पहले विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

रिटर्निंग अधिकारी एवं भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा ने करीब तीन घंटे तक प्रशिक्षण देकर चुनाव प्रक्रिया के हर पहलू की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को नामांकन के दौरान आवश्यक दस्तावेजों की जांच, विभिन्न फार्म जैसे 18-क, 18-ख, 19 और पत्र-ए के सही उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि हर अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में निष्पक्षता बनाए रखे।

उन्होंने जमानत राशि के बारे में भी जानकारी दी। पंच पद के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 100 रुपए तथा आरक्षित वर्ग व महिला उम्मीदवारों को 50 रुपए जमा करने होंगे। उपप्रधान और प्रधान पद के लिए यह राशि क्रमशः 150 रुपए और 75 रुपए निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। इसके अलावा अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया, छंटनी, चुनाव चिन्ह आवंटन और मतगणना की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सभी पंचायत घरों में रोजाना नामांकन की सूचना चस्पा करने और आपत्तियों को लिखित रूप में लेने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में 44 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को पंचायतें आवंटित कर नामांकन सामग्री के साथ रवाना किया गया। 7 मई से सभी पंचायतों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

- सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की दूसरी व अंति रिहर्सल संपन्न

# खनन क्षेत्र को मजबूत बनाने की पहल

## अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में खनिज और कोयला सुरक्षा पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति ने अपने अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सिलीगुड़ी और गंगटोक में दो दिवसीय अध्ययन दौरे के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की।

इस दौरान समिति ने विभिन्न मंत्रालयों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। सिलीगुड़ी में समिति ने खान मंत्रालय, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड तथा हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन पर केंद्रित बैठकें कीं। इन बैठकों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत देश में महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त खान मंत्रालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) तथा भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के साथ अपतटीय खनिज अन्वेषण से जुड़े अवसरों एवं चुनौतियों पर भी अलग से विचार-विमर्श किया गया। दौरे के दूसरे दिन गंगटोक में समिति ने कोयला मंत्रालय, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एनईसी) तथा सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के प्रतिनिधियों के साथ कोयला खदानों में संरक्षण, सुरक्षा एवं अवसंरचना विकास विषय पर अनौपचारिक चर्चा में भाग लिया। इस सत्र में खदानों में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने, सतत संरक्षण उपायों को बढ़ावा देने तथा आधारभूत ढांचे के उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया। यह अध्ययन दौरा समिति द्वारा कोयला एवं खनिज क्षेत्र की निरंतर समीक्षा का हिस्सा है।

समिति के सदस्यों ने इन चर्चाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा आगे हैदराबाद में भी अपने संवाद जारी रखने का निर्णय लिया। इस दौरान प्राप्त सुझाव देश में सुरक्षित, अधिक कुशल एवं आत्मनिर्भर खनन व्यवस्था के निर्माण हेतु प्रभावी सिफारिशों के निर्धारण में सहायक सिद्ध होंगे।

# जिप प्रत्याशी घोषित करने के बाद नाम बदलना भाजपा के लिए घातक

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** जिला परिषद बिझड़ी एक हॉट वार्ड बना हुआ है। मंगलवार को भाजपा हाई कमान द्वारा घोषित सूची में बिझड़ी वार्ड से प्रत्याशी घोषित किया था परंतु देर रात इस अधिसूचना पर विराम लगाते हुए टिकट चेंज कर विकास कुमार का नाम फाइनल कर दूसरी सूची भाजपा हाई कमान ने जारी कर दी। हालांकि टिकट बदलना कोई बड़ी बात नहीं है जब तक नामांकन भरा नहीं गया हो टिकट चेंज हो जाता है। एक समय जब रवि कुमार बिझड़ी वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित होने पर उन्होंने प्रचार प्रसार के साथ लोगों ने बधाइयां देना शुरू कर दी थी। जब देर टिकट चेंज होने की सूचना भाजपा कार्यकर्ता रवि कुमार को पता चलता है तो उनके पांव के नीचे जमीन खिसक गई।

उनका कहना है कि मैंने तह उम्र भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया है अगर मुझे इसी तरह जलील करना था तो टिकट देना ही नहीं था। बता दें कि जिस व्यक्ति को टिकट दिया गया है उसका भी बिझड़ी वार्ड में खासा राजनीतिक प्रभाव है। भाजपा के सच्चे पक्के सिपाही रहे हैं लेकिन टिकट किसी दूसरे को होने पर उन्होंने एकदम सोशल मीडिया पर लाइव होकर कहा की अगर मुझे टिकट नहीं तभी मैं आजाद जिला परिषद चुनाव के लिए खड़ा होगा अब सवाल उठता है। एक तरफ विरोध करना फिर भाजपा विरोध करने वाले को टिकट देखकर कहीं भाजपा अपनी फजीहत करवाने पर तो नहीं तुली है।

दूसरी ओर रवि कुमार का कहना है की अगर पार्टी को मेरे ऊपर विश्वास नहीं था कि मैं भाजपा को यहां से विनिंग नहीं करवा सकता तो पहले उन्हें टिकट नहीं देना था मुझे इसका कोई मलाल नहीं होना था अब ऐसी स्थिति हो गई है कि ना तो जी सकते हैं ना मर सकते हैं लोग ताने मार रहे हैं कि यह है भाजपा मैं और कुछ नहीं कहूंगा पार्टी का सच्चा सिपाही रहा हूं, लेकिन टिकट देना उसके बाद कैंसिल करना इसका मलाल सारी उम्र रहेगा।

- रवि कुमार की जगह विकास को बनाया प्रत्याशी

**अनदेखी** जाहू बस अड्डा बना तालाब, गड्ढों में फंस रही बसें और यात्री हो रहे परेशान

# जाहू में पानी से भरे गड्ढे करते हैं स्वागत

अनंत ज्ञान




जाहू बस अड्डे में पड़े गड्ढों से लोगों को हो रही परेशानी। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** हमीरपुर बिलासपुर मंडी जिलों को जोड़ने वाला जाहू का बस अड्डा दिन प्रतिदिन खस्ताहाल होता जा रहा है, लेकिन बस अड्डा प्रबंधन इसकी हालत को नहीं सुधार रहा है। बस अड्डे में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं और बारिश होने पर इनमें पानी भर जाता है। जिस कारण वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि इस बस अड्डे के मरम्मत के लिए बजट का प्रावधान हो चुका है और यह कार्य जल्द शुरू हो जाएगा, लेकिन अभी तक भी इसका कार्य शुरू नहीं हो पाया है। यहां दिन भर बसों की आवाजाही होती है। इससे पहले भी बारिश होने पर बस स्टैंड में पानी भर जाता था, उसके लिए निकासी तो कर दी है, लेकिन अब यह गडढे परेशानी बने हुए हैं।

बता दें कि लंबे समय से परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण बस स्टैंड की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। रोजाना सैकड़ों यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टैंड का सुधार करने वाला कोई नहीं है। बस अड्डे पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे बसों के संचालन में भारी दिक्कतें आती हैं। कई बार इन गड्ढों के कारण बसों के टायर तक फट जाते हैं, जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। वहीं, बारिश के मौसम में यही गड्ढे पानी से भरकर तालाब का रूप ले लेते हैं, जिससे यात्रियों को चलने में भी परेशानी होती है। कई बार लोग फिसलकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं।

इसके अलावा पब्लिक शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी बस स्टैंड से नदारद हैं, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि बस अड्डे की खराब हालत के चलते बसों को अंदर लाना और बाहर ले जाना मुश्किल हो गया है। कई बार उन्हें जोखिम उठाकर बसों को निकालना पड़ता है।

स्थानीय कारोबारी, बस चालक और रोजाना आने-जाने वाले लोगों ने प्रशासन और सरकार से कई बार बस अड्डे की हालत सुधारने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बस अड्डे की स्थिति नहीं सुधारी गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

इस बारे में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए बजट जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी अप्रूवल भी आ चुकी है और टेंडर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टेंडर होने के बाद शीघ्र ही बस स्टैंड के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में कर सकेंगे शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला में तीन चरणों में होने वाली पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन और आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। पंचायत चुनावों से संबंधित कोई भी समस्या या शिकायत हो तो दूरभाष नंबर पर अपनी शिकायत बता सकते हैं। यही नहीं आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतें भी दूरभाष नंबर पर की जा सकेंगी। पंचायत चुनावों के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के प्रभारी एवं उपायुक्त हमीरपुर के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह कंट्रोल रूम 7 मई से कार्यशील कर दिया जाएगा, जिसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। इसका दूरभाष नंबर 01972-222407, मोबाइल नंबर 98823-63130 और ईमेल से भी शिकायत भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि 24 मई को मतदान दलों की रवानगी की जाएगा उसके बाद 31 मई को मतगणना की समाप्ति की प्रक्रिया तक यह कंट्रोल रूम दिन-रात कार्य करेगा। निर्वाचन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन और इनसे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतों के त्वरित निवारण में भी यह कंट्रोल रूम महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगा।

- कंट्रोल रूम में आज से सुचारू रूप से कार्य करना शुरू होगा शुरू

# सड़क नहीं, संघर्ष की कहानी: 3 किलोमीटर तक पीठ पर उठाकर सड़क तक पहुंचाया मरीज

## सड़क के अभाव में जूझता बकल पधर: आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित जीवन

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र की नवगठित ग्राम पंचायत भटवाड़ा का दुर्गम वार्ड बकल पधर आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। आजादी के दशकों बाद भी यहां 800 से 1000 की आबादी सड़क सुविधा के अभाव में जिंदगी व मौत के बीच रोज जंग लड़ने को मजबूर है। सुबह करीब 8 बजे इस हकीकत ने एक बार फिर दिल दहला दिया।

गांव बकल की निवासी पियूलो देवी, पत्नी रूमी राम, अचानक तेज पेट दर्द से कराह उठीं, लेकिन दर्द से ज्यादा भयावह थी वह मजबूरी, जिसमें न एंबुलेंस पहुंच सकती थी और न ही कोई वाहन। ऊपरी क्षेत्रों में मक्की की बुवाई का समय व संकरे, ऊबड़-खाबड़ रास्ते हर कदम चुनौती बन गए, ऐसे हालात में परिजन बेबस नजर आए, तभी इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए गांव के लोग एकजुट हुए। दलीप कुमार, उत्तम चंद, भगत राम, प्रीतम, अमर सिंह, प्रकाश चंद, पंकज कुमार सहित कई ग्रामीणों ने पियूलो देवी को पीठ पर उठाकर करीब 3 से 4 किलोमीटर तक पैदल सफर तय किया व किसी तरह सड़क मार्ग तक पहुंचाया। यह दृश्य न सिर्फ दिल को झकझोरने वाला था, बल्कि व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



### ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, कब मिलेगी सड़क?

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि चूड़ी-बकल सड़क मार्ग वर्षों से अधर में लटका हुआ है। बार-बार मांग के बावजूद आज तक इस मार्ग की सुध नहीं ली गई। ग्रामीणों ने प्रशासन व सरकार से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में लोगों को इस तरह जान जोखिम में डालकर संघर्ष न करना पड़े। यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उस सिस्टम की विफलता है, जहां आज भी लोग सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं।

# खतरे के मुहाने पर उदयपुर: हर बारिश बन रही खौफ की रात

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा के उदयपुर (बस स्टॉप) में हालात लगातार भयावह होते जा रहे हैं। एक साल पहले अगस्त 2025 में आई भीषण बाढ़ की तबाही आज भी ग्रामीणों के जहन में ताजा है, लेकिन उससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

नतीजा पूरा गांव हर बारिश के साथ एक नई आपदा के डर में जीने को मजबूर है। नाले की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि हल्की बारिश भी लोगों के दिलों की धड़कन बढ़ा देती है। ग्रामीणों के मुताबिक, नाले में आई बाढ़ कई बार घरों में घुस चुकी है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ। स्थिति तब और खतरनाक हो गई है, जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी पुलिया मलबे और पत्थरों से पूरी तरह जाम हो चुकी है। पानी के निकास का रास्ता बंद होने के कारण अब अगली बाढ़ सीधे घरों को तबाह करने की चेतावनी दे रही है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 2025 की आपदा के बाद बड़े-बड़े दावे और आश्वासन तो मिले, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस हैं। नाले के 'ट्रेनिंग वर्क', चैनलाइजेशन और चेक डैम जैसी योजनाएं सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई हैं। भय का माहौल इतना गहरा है कि जैसे ही बारिश शुरू होती है, ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकलकर पूरी रात जागते हुए गुजारते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, हर कोई अनहोनी की आशंका में डरा हुआ है। इसी गंभीर स्थिति को लेकर स्थानीय निवासी डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल से मिले और तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते नाले का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने यह भी संकेत दिए हैं कि जरूरत पड़ने पर वे न्यायालय का रुख करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उदयपुर आज जहां हर बादल के साथ डर बरसता है व हर खामोशी एक बड़े हादसे का इंतजार करती दिख रही है।

# पंचायत चुनाव: 7, 8 व 11 मई को दस्तावेज जमा प्रशासन हाई अलर्ट पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में पंचायतीराज चुनावों की सरगर्मियां अब चरम पर पहुंच गई हैं। जिला प्रशासन ने चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए कमर कस ली है। डीसी मुकेश रेपसवाल ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत 7, 8 व 11 मई को उम्मीदवारों के दस्तावेज जमा किए जाएंगे। इन महत्वपूर्ण तिथियों को लेकर प्रशासन ने पूरी मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा है, ताकि हर चरण तय समयसीमा के भीतर व नियमों के अनुरूप पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर है। सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता व पारदर्शिता के साथ करें। डीसी रेपसवाल ने उम्मीदवारों से सख्त अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर अपने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करें, क्योंकि किसी भी प्रकार की देरी या कमी चुनावी प्रक्रिया में बाधा बन सकती है। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि चुनाव का हर चरण तय नियमों व समयसीमा के तहत ही पूरा किया जाएगा, जिससे लोकतंत्र के इस महापर्व को पूरी गरिमा व निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जा सके।

# वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उठे अहम मुद्दे: अग्नि सुरक्षा व स्मार्ट मीटर पर चिंता

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक बुधवार को चंबा स्थित होटल इरावती में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रधान ओमप्रकाश गौतमानी ने की। बैठक में चंबा के हितों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें सबसे अहम विषय शहर के ऐतिहासिक फायर हाइड्रेंट सिस्टम की बदहाल स्थिति रहा।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 1939 में तत्कालीन चंबा नरेश ने शहर को भीषण आगजनी से बचाने के लिए करीब 102 फायर हाइड्रेंट प्वाइंट स्थापित करवाए थे। यह फैसला 1935-36 में हुए विनाशकारी अग्निकांड के बाद लिया गया था, जिसमें बंसी गोपाल, चौंतड़ा, हिम्मी व बनगोटू जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा था। आज वही ऐतिहासिक सुरक्षा तंत्र प्रशासनिक लापरवाही व वर्षों की अनदेखी के चलते पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है। कई हाइड्रेंट सड़क मरम्मत के नीचे दब चुके हैं, जबकि बाकी जर्जर हालत में बेकार पड़े हैं। संकरी गलियों और सघन आबादी वाले चंबा शहर में यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसी है। एसोसिएशन ने सदर विधायक नीरज नैय्यर द्वारा फायर फाइटिंग सिस्टम के उन्नयन के लिए स्वीकृत करीब 7 करोड़ रुपए की राशि का स्वागत करते हुए मांग की कि अग्निशमन विभाग को तत्काल निर्देश जारी कर इस ऐतिहासिक प्रणाली को फिर से जीवित किया जाए, ताकि शहर की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में स्मार्ट मीटर को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली।

सदस्यों ने आरोप लगाया कि विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सहमति के बिना जबरन स्मार्ट मीटर लागू कर रहा है, जिससे आम जनता में भारी असंतोष है। एसोसिएशन ने इसे तुरंत रोकने और जनता की राय को प्राथमिकता देने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### अरोमा कॉलेज में नर्सिंग सप्ताह का आगाज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग खिलड़ा में बुधवार को नर्सिंग सप्ताह का हर्षोल्लास के साथ आगाज हुआ। संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी नेहा ठाकुर ने बताया नर्सिंग सप्ताह के दौरान रोजाना विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक व खेलकूद प्रतियोगिता विशेष रुप से शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को पहले दिन प्रशिक्षु छात्राओं ने फूड स्टॉल लगाकर अनेक प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाकर कॉलेज स्टाफ और अन्य को परोसा। छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों की सबने खूब सराहना की।

### एमसी चुनाव को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव को लेकर बैठकें आयोजित कीं। यह बैठक आईटी सेल, सोशल मीडिया, युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की अलग-अलग बैठकों के रूप में आयोजित की गई। इसमें आगामी चुनावों की रणनीति तय की गई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है, जिससे भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी व प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, मंडी लोकसभा विस्तारक सुरेश शर्मा, जिला अध्यक्ष निहालचंद सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पत्रकार को मिली धमकी पर कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विदआउट एक्रीडेशन राष्ट्रीय पत्रकार परिसंघ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पत्रकार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश चौहान को एलपीजी सिलेंडरों की कमी व संदिग्ध कालाबाजारी पर सक्रिय रिपोर्टिंग के दौरान मिली जान से मारने की धमकी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष रिपोर्टिंग को रोकने व पत्रकारों को डराने-धमकाने का यह प्रयास असंवैधानिक है, जिस पर प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। अनिल शर्मा ने सरकाघाट प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर दबाव बनाकर उन्हें जनहित के मुद्दों से दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कार्रवाई न होने की स्थिति में प्रदेशभर से दो दर्जन पत्रकार सरकाघाट पहुंचकर गांव-गांव में एलपीजी सिलेंडरों की संदिग्ध कालाबाजारी को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाएंगे व पर्चे वितरित करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अनिल शर्मा ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों का दायित्व जनता से जुड़े मुद्दों, विशेषकर आवश्यक सेवाओं और उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित मामलों को उजागर करना है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की धमकी लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।

### गैहरा स्कूल में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की गूंज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गैहरा में चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने बच्चों के बीच सुरक्षा, अधिकार व सतर्कता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों को न सिर्फ उनके अधिकारों से अवगत कराया गया, बल्कि नशे, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग व शोषण जैसे गंभीर खतरों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी मुख्याध्यापक विक्रम वर्मा ने की। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर पंकज कुमार और केस वर्कर काजू राम ने बच्चों को टोल फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई और बताया कि यह सेवा संकट में फंसे बच्चों के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। जागरूकता सत्र में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति, यौन शोषण, घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना और शारीरिक दंड जैसे गंभीर मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा अनाथ, अर्ध-अनाथ और दिव्यांग बच्चों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर वे अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। कार्यक्रम का सबसे अहम पहलू रहा सोशल मीडिया के खतरों पर चेतावनी। बच्चों, विशेषकर लड़कियों को सख्त संदेश दिया गया कि वे अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें और किसी भी प्रकार की ब्लैकमेलिंग, पीछा करने या छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत 1098 पर सूचना दें।

# अब विकास भी होगा, महिलाओं को अधिकार भी मिलेगा: दीक्षा

## चंबा जिले की करियां ग्राम पंचायत से प्रधान पद के लिए दावेदार युवा और शिक्षित चेहरा दीक्षा मेहरा

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान स्पैशल

**राहुल सहगल, चंबा।** चंबा जिले की करियां ग्राम पंचायत में इस बार चुनाव सिर्फ एक पद का नहीं, बल्कि बदलाव की नई सोच का चुनाव बनने जा रहा है।

युवा और शिक्षित चेहरा दीक्षा मेहरा ने प्रधान पद के लिए अपनी दावेदारी ठोकते हुए साफ कर दिया है कि अब पंचायत में केवल वादे नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव देखने को मिलेगा। अनंत ज्ञान से खास बातचीत में दीक्षा मेहरा ने बेबाक अंदाज में कहा, अब समय आ गया है कि महिलाएं केवल घर की जिम्मेदारी तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राजनीति में भी नेतृत्व संभालें। उन्होंने करियां पंचायत की मौजूदा स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एनएचपीसी द्वारा गोद ली गई पंचायत होने के बावजूद विकास की रफ्तार निराशाजनक रही है। जिला मुख्यालय से मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर होने के बावजूद हमारी पंचायत आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रही है। यह बेहद चिंताजनक है। सड़क व्यवस्था को लेकर उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कई इलाकों में आज भी लोगों को टूटी-फूटी सड़कों से गुजरना पड़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने सुधार की जरूरत बताते हुए इसे अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया। कचरा संयंत्र आज सुविधा नहीं, बल्कि लोगों के लिए परेशानी का कारण बन चुका है। हमारी प्राथमिकता इसे व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से चलाना होगी, ताकि लोगों को गंदगी और बदबू से राहत मिल सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में कचरे के सही प्रबंधन की कमी के कारण गांवों में गंदगी फैल रही है, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। 'खुले में सड़ता कचरा और फैलती दुर्गंध यह दर्शाती है कि सिस्टम कहीं न कहीं पूरी तरह फेल हुआ है। दीक्षा मेहरा ने अपने चुनावी वादों में स्पष्ट किया कि अगर उन्हें मौका मिला, तो कचरा संयंत्र में आधुनिक तकनीक लागू की जाएगी, नियमित निगरानी रखी जाएगी व कचरे के निपटान के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी। हम ऐसा सिस्टम बनाएंगे, जहां कचरा समस्या नहीं, बल्कि संसाधन बने। महिला सशक्तिकरण को लेकर दीक्षा मेहरा का विजन स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे महिलाओं तक पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए उन्होंने इसे समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। हमारी युवा पीढ़ी को नशे से बचाना ही असली विकास है। इसके लिए पंचायत स्तर पर ठोस व प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

### महिलाएं अपनी ताकत को करें साबित

**महिलाओं** की राजनीति में भागीदारी को लेकर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब महिलाएं निर्णय लेने वाली कुर्सी पर बैठें और अपनी ताकत को साबित करें। पत्रकारिता में शिक्षा प्राप्त कर चुकी दीक्षा मेहरा अब जनसेवा के मैदान में उतरकर एक नई मिसाल कायम करना चाहती हैं। मैं राजनीति में सिर्फ जीतने के लिए नहीं, बल्कि बदलाव लाने के लिए आई हूं। मैं चाहती हूं कि लोग मेरे विजन को समझें और तय करें कि मुझे क्यों चुनना चाहिए। अंत में उन्होंने एक सशक्त संदेश देते हुए कहा, जब एक महिला ठान लेती है, तो वह न केवल अपना, बल्कि पूरे समाज का भविष्य बदल सकती है। करियां पंचायत में इस बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है, लेकिन एक बात साफ है दीक्षा मेहरा की एंट्री ने चुनाव को नई दिशा और नई ऊर्जा जरूर दे दी है।

# सरोल में दर्दनाक सड़क हादसा एक की मौत, दूसरा घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के पुलिस थाना सदर के अंतर्गत सरोल क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात लगभग सवा एक बजे का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सड़क पर ईंटें बिखरी हुई थीं और पास ही दो युवक घायल अवस्था में पड़े मिले। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची व दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से एक को चंबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जबकि दूसरे को मिंजर अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान आदित्य कुमार (27 वर्ष) पुत्र प्रकाश चंद, निवासी गांव भानवाली, डाकघर सुरगानी, तहसील सलूणी, जिला चंबा के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक अक्षय शर्मा (21 वर्ष) पुत्र परवीन कुमार, निवासी गांव इंद्रेश्वर, डाकघर ढीगाई, तहसील सलूणी, जिला चंबा का उपचार जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा मोटरसाइकिल के तेज गति, लापरवाही व संभवतः गलत दिशा में चलने के कारण हुई। बताया जा रहा है कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दीवार या गेट से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व दुर्घटना के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरकाघाट अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, मरीज परेशान

अनंत ज्ञान

◆ रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड मशीन बनी शोपीस

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

सत्तापक्ष के दावों के बावजूद अस्पताल में गायनेकोलॉजिस्ट, सर्जन, ईएनटी विशेषज्ञ और रेडियोलॉजिस्ट के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद विशेषज्ञों के अभाव में उनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट के न होने से यह सुविधा उपयोग में नहीं आ रही है। इस स्थिति के कारण गर्भवती महिलाओं, सर्जरी की जरूरत वाले मरीजों और अन्य गंभीर रोगियों को निजी अस्पतालों या बाहरी शहरों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों में कई बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के दावे किए गए, लेकिन अब तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

नागरिक अस्पताल सरकाघाट में धर्मपुर, भोरंज, सरकाघाट और जोगिंदरनगर क्षेत्र के कई गांवों का दबाव रहता है। ऐसे में मरीज विशेषज्ञ सेवाओं की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं, लेकिन निराश होकर लौटना पड़ता है।स्थानीय लोगों ने सरकार और प्रशासन से अस्पताल में जल्द विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की मांग की है। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि डॉक्टरों की कमी को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और उपलब्ध होते ही तैनाती की जाएगी।

# बैरा स्यूल परियोजना में मजदूरों का उबाल, न्याय नहीं, तो आंदोलन तेज

**अनंत ज्ञान, सुरंगानी।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले चल रहा धरना-प्रदर्शन बुधवार को सोलहवें दिन भी पूरे जोर-शोर से जारी रहा। मजदूर साथी दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर यूनियन का यह आंदोलन अब और अधिक तीव्र होता नजर आ रहा है। धरना स्थल पर यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर, उपाध्यक्ष लोक राम, सुरेंद्र कुमार, बलविंदर सिंह और चमन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं डैम साइट तीसा में भी यूनियन अध्यक्ष चमन सिंह की अगुवाई में मजदूरों ने प्रदर्शन जारी रखते हुए एकजुटता का परिचय दिया। यूनियन महासचिव ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि पूरे मजदूर वर्ग के सम्मान और भविष्य की लड़ाई है।

# चंबा में अपराध और लापरवाही का कहर मारपीट, धमकी, सरकारी संसाधनों की लूट

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक ही दिन में चार अलग-अलग मामलों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मारपीट, धमकी, सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग व तेज रफ्तार से हुई दर्दनाक दुर्घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में थाना सिहुंता के अंतर्गत एक विवाह समारोह से लौट रहे व्यक्ति के साथ रास्ता रोककर बेरहमी से मारपीट की गई। आरोप है कि राकेश कुमार सहित चार लोगों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि हिंसक हमला भी किया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। दूसरा मामला थाना किहार से सामने आया, जहां एक दुकानदार की दुकान में घुसकर सुरैया व उसके साथियों ने खुलेआम गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने व्यापारियों में भय पैदा कर दिया है। तीसरे मामले में सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का गंभीर आरोप सामने आया है।

होशियार सिंह पर आरोप है कि वह अपने निजी मकान निर्माण में सरकारी पाइपों का इस्तेमाल कर रहा था व उन्हें स्थानीय लोगों को बेच भी रहा था। यह मामला प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

पुलिस अधीक्षक चंबा ने सभी मामलों में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है व कहा है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एक ही दिन में सामने आए ये मामले साफ संकेत देते हैं कि जिले में अपराध और लापरवाही का ग्राफ बढ़ रहा है, जिसे लेकर प्रशासन और आम जनता दोनों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# एफएसएसएआई लाइसेंस पर दिया गया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में बुधवार को वन धन विकास योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस बनाने संबंधी एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम भरमौर विकास शर्मा ने की। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग चंबा से सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त दीपक आनंद तथा जिला विकास अधिकारी तविंदर चनोरिया ने भाग लिया। उन्होंने भरमौर व होली क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों को भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण लाइसेंस से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी खाद्य उत्पाद को बाजार में बेचने के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया।

# नप चुनाव: 52 से सिमटकर 21 उम्मीदवार 7 वार्डों में सीधी टक्कर से मुकाबला रोचक

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह /डलहौजी।** डलहौजी नगर परिषद चुनाव अब निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। बुधवार को नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन के बाद चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है।

नौ वार्डों में पहले मैदान में उतरे 52 उम्मीदवारों में से अब 21 प्रत्याशी ही चुनावी जंग में बचे हैं, जिससे मुकाबला और अधिक तीखा व दिलचस्प हो गया है। नगर परिषद के लिए मतदान 17 मई को होगा व इस बार चुनावी माहौल खासा गर्माया हुआ है। खास बात यह है कि नौ में से सात वार्डों में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी, जिससे हर वोट की अहमियत बढ़ गई है। वहीं, वार्ड नंबर 2 व वार्ड नंबर 9 में मुकाबला त्रिकोणीय व चतुष्कोणीय होने से समीकरण और भी पेचीदा हो गए हैं। वार्डवार चुनावी तस्वीर इस प्रकार है। वार्ड 1 (लोअर बकरोटा): रीना जरयल बनाम रीना देवी। वार्ड 2 (लोहाली): राकेश कुमार, राम सिंह, भान सिंह, अजय सिंह। वार्ड 3 (जीपीओ): तलविंदर बनाम हरप्रीत सिंह। वार्ड 4 (हिंदू लेन): अजय कुमार बनाम परवीन कुमार। वार्ड 5 (कॉन्वेंट): वंदना चड्ढा बनाम रेनू देवी। वार्ड 6 (कथलग): रजनी देवी बनाम इंदु उर्फ इंदिरा देवी। वार्ड 7 (अपर बकरोटा): आशा बनाम वंदना। वार्ड 8 (मोती टिब्बा): प्रीति गंडोत्रा बनाम पल्लवी कुमारी। वार्ड 9 (डलहौजी क्लब/बस अड्डा): शिवम्, तिलक राज, जितेंद्र सिंह। चुनावी मैदान में अब बचे उम्मीदवारों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

घर-घर जाकर समर्थन जुटाने की होड़ लगी हुई है, वहीं मतदाता भी इस बार विकास, साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाओं के मुद्दों पर उम्मीदवारों को परखने के मूड में नजर आ रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जहां सात वार्डों में सीधी टक्कर से मुकाबला कांटे का होगा, वहीं बहुकोणीय मुकाबले वाले वार्डों में वोटों का बंटवारा परिणाम को चौंकाने वाला बना सकता है, अब सबकी निगाहें 17 मई पर टिकी हैं, जब डलहौजी की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर नगर परिषद की नई तस्वीर तय करेगी।

# टिहरा जिप वार्ड से बंदना को उम्मीदवार घोषित करने का विरोध शुरू

अनंत ज्ञान



◆ कर्मवीर वर्मा की बहू रजिता कुमारी पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ लड़ेंगी चुनावः रूपेंद्र

अनंत ज्ञान स्पैशल

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** भाजपा द्वारा पिछले कल जिला परिषद के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, जिसमें टिहरा वार्ड से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह की बेटी को पांचवीं बार उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि यहां से भाजपा की ही पृष्ठभूमि की दिवंगत कर्मवीर आर्य की बहू ने भी इस बार आवेदन किया था, लेकिन पार्टी हाईकमान ने इस बार फिर से बंदना को ही पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार बनाया है।

इस फैसले के खिलाफ पार्टी के अंदर का असंतोष खुलकर सामने आ गया है और रजिता ने भी चुनाव लड़ने का फैसला ले लिया है और 11 मई को वे नामांकन दाखिल करेंगी। इससे अब मुकाबला व अधिक दिलचस्प व रोचक होने वाला है। इस फैसले ने स्थानीय स्तर पर कई समर्पित कार्यकर्ताओं को नाराज कर दिया है और उनका मानना है जमीनी स्तर पर काम करने वालों की फिर से पार्टी ने अनदेखी की गई है व केवल एक ही परिवार को हमेशा की तरह तरजीह दी गई है, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। कार्यकर्ताओं के अनुसार चुनावों की घोषणा से पहले रजिता कुमारी ने भी भाजपा मंडल टिहरा से टिकट के लिए औपचारिक आवेदन किया था व ऐसी सूचना है कि मंडल इकाई ने रजिता कुमारी के नाम की भी सिफारिश की थी, लेकिन अंतिम निर्णय में वंदना गुलेरिया को प्राथमिकता दी गई, जिस कारण कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष है व कार्यकर्ताओं ने आज इस फैसल पर चर्चा के लिए चोलथरा में एक अहम बैठक आयोजित की, जिसमें पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय की कड़ी आलोचना की गई। कई वक्ताओं ने इसे 'जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा' बताया और 'तुगलकी फैसला' तक करार दिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रजिता कुमारी को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतारा जाएगा व 11 मई को नामांकन दाखिल किया जाएगा। इसके लिए आज ही चुनाव प्रचार समिति का भी गठन कर दिया गया। इसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता रूपेंद्र सिंह अटल को समिति का अध्यक्ष तथा सूबेदार सतीश कुमार को महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके अलावा ममता कुमारी, सुनीता कुमारी, अनीता कुमारी, पवन बनयाल और वेदप्रकाश को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रचार समिति के अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह अटल ने आरोप लगाया कि वंदना गुलेरिया की उम्मीदवारी स्थानीय मंडल इकाई की सिफारिशों के विपरीत 'थोपी गई' है। उन्होंने कहा कि उनका पिछला कार्यकाल जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरा है व उनका रवैया तानाशाही वाला है। अटल ने इस चुनाव को 'असली बनाम फसली' की लड़ाई बताते हुए दावा किया कि इस बार जनता जमीनी व समर्पित नेतृत्व को प्राथमिकता देगी व स्वतंत्र उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बन रहा है।

बैठक में रमेश कुमार, कै. ओमकार सिंह, कैप्टन पवन बन्याल, परजीत ठाकुर, राकेश कुमार, कृष्ण ठाकुर, जगदीश चंद, राजीव आर्य, कुलदीप सिंह, सुरेश कुमार, श्रवण सिंह, अश्वनी कुमार, संगीता, रमा, किरण, मुकेश इत्यादि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भूपेंद्र का समर्थन किसे? चुनावी समीकरण पर टिकी नजरें

**टिहरा** वार्ड में उभरे इस आंतरिक असंतोष ने चुनावी मुकाबले को और भी रोचक व कांटे का बना दिया है, अब यह देखना दिलचस्प होगा कि माकपा नेता एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और उनका सन्गठन इन चुनावों में किसे समर्थन करता है। दूसरी तरफ अब जनता पर भी निर्भर करता है की क्या वे स्वतंत्र उम्मीदवार को इस बार मौका देने की हिम्मत करते हैं या फिर से एक परिवार के वर्चस्व को मजबूत करते हैं।

# पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेडरी स्कूल का शानदार 12वीं का परिणाम, 99 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंड्री स्कूल का 10+2 परीक्षा परिणाम इस वर्ष शानदार रहा। विद्यालय का कुल परिणाम 99 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल है। आर्ट्स संकाय में रक्षा ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। मनीषा ने 87.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा सारिका ने 86 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में अरमान ठाकुर ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। श्रुति 76 प्रतिशत के साथ दूसरे और अंकिता कुमारी 74 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विज्ञान संकाय में वैष्णवी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। रिधम ठाकुर 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अगाथा ठाकुर 89 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्रिंसिपल अनीता आजाद ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसएमसी अध्यक्ष कमलेश ने भी छात्रों और शिक्षकों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

**कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार पधर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**

श्री तीर्थ राम पुत्र राम सिंह गांव फागनी डाकघर व तहसील पधर जिला मण्डी ।

...प्रार्थी

**बनाम** **आम जनता**

...प्रत्यार्थी

**विषय दरखास्त जेर धारा 13(3) जन्म व मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

आवेदक श्री तीर्थ राम पुत्र राम सिंह गांव फागनी डाकघर व तहसील पधर जिला मण्डी हि० प्र० ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र गुजारा है कि उसका नाम तीर्थ राम व जन्म दिनांक 04-01-1980 को हुआ है, जिसका इन्द्राज ग्राम पंचायत डलाह, तहसील पधर, जिला मण्डी (हि०प्र०) में अज्ञानतावश दर्ज नहीं करवाया है। अत्तः इस इश्तहार द्वारा आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त व्यक्ति की जन्म तिथि पंचायत रिकार्ड में दर्ज करने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 19-05-2026 को या इससे पूर्व अदालत में हाजिर होकर अपना एतराज पेश कर सकता है अन्यथा कोई एतराज प्राप्त ना होने की सूरत में सम्बन्धित सचिव, ग्राम पंचायत डलाह, को उक्त प्रार्थी के जन्म तिथि दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 22-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार, पधर जिला मंडी हि.प्र.**

**ईश्वर** ने तुम्हें सिर्फ एक चेहरा दिया है और तुम उस पर कई चेहरे चढ़ा लेते हो, जो व्यक्ति सोने का बहाना कर रहा है उसे आप उठा नहीं सकते।
-नवाजो

## संपादकीय

# धमाके और सुरक्षा व्यवस्था

पड़ोसी राज्य पंजाब पिछले कुछ समय से जिस प्रकार की घटनाओं का सामना कर रहा है, उसने पूरे देश की सुरक्षा एजेंसियों और नीति-निर्माताओं को सतर्क कर दिया है। जालंधर में बीएसएफ और अमृतसर में सेना के कैंप को निशाना बनाने की कोशिश में हुए डबल ब्लास्ट ने न केवल स्थानीय प्रशासन को झकझोर दिया है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या यह घटनाएं केवल संयोग हैं या किसी सुनियोजित बड़ी साजिश का हिस्सा।

धमाकों में जनहानि नहीं हुई, यह राहत की बात है लेकिन घटना की गंभीरता इससे कम नहीं होती। सैन्य और अर्धसैनिक ठिकानों को निशाना बनाना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हमलावरों का उद्देश्य केवल दहशत फैलाना ही नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था की परीक्षा लेना भी है। इन घटनाओं की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे संगठनों की ओर से लेने की बात सामने आई है, वहीं कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका को लेकर भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि, किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच एजेंसियों की आधिकारिक रिपोर्ट का इंतजार करना आवश्यक है।

पाकिस्तान पर यह आरोप नया नहीं है कि वह भारत में अस्थिरता फैलाने के लिए ड्रग्स, हथियारों की तस्करी और ड्रोन के माध्यम से घुसपैठ जैसी गतिविधियों में संलिप्त रहता है। पंजाब की भौगोलिक स्थिति और सीमावर्ती इलाका होने के कारण यह राज्य ऐसे प्रयासों का अधिक शिकार बनता रहा है। इन विस्फोटों के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति भी गरमा गई है। सत्ताधारी और विपक्षी दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र पर सवाल उठा रही है, जबकि विपक्ष राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था पर निशाना साध रहा है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि जब सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे सामने हों, तब राजनीतिक टकराव की बजाय सामूहिक जिम्मेदारी की भावना अधिक आवश्यक होती है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऐसे संवेदनशील समय में जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बनना स्वाभाविक है। जब सैन्य और अर्धसैनिक ठिकाने भी सुरक्षित न रहें, तो आम नागरिकों का विश्वास डगमगाना शुरू हो जाता है। यही कारण है कि इन घटनाओं को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक संदर्भ में समझना होगा।

विश्लेषकों का मानना है कि इन धमाकों के पीछे कई संभावित उद्देश्य हो सकते हैं जैसे-सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती की परीक्षा लेना, दहशत फैलाना और राज्य की स्थिरता को प्रभावित करना, सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान अन्य क्षेत्रों से हटाना तथा यह संकेत देना कि अभी भी कुछ अस्थिर तत्व सक्रिय हैं जो समय-समय पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना चाहते हैं। इन सभी संभावनाओं को देखते हुए यह स्पष्ट है कि स्थिति को हल्के में नहीं लिया जा सकता।


विशेषकर तब जब भारत में ऑपरेश सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसर और स्मरणीय तिथियां निकट हों, जिन्हें प्रतीकात्मक रूप से बाधित करने की कोशिश की जा सकती है। ऐसे समय में सुरक्षा व्यवस्था का और अधिक मजबूत होना अनिवार्य हो जाता है। पंजाब में अतीत में भी आतंकवाद का एक कठिन दौर रहा है, जिससे राज्य ने बड़ी मुश्किल से उबरने का प्रयास किया था। उस दौर की स्मृतियां आज भी लोगों के मन में मौजूद हैं। ऐसे में यदि फिर से उसी प्रकार की गतिविधियां सिर उठाने लगें, तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है।

बहरहाल, यह स्पष्ट है कि पंजाब में हुई ये घटनाओं के पीछे व्यापक संदर्भ और संभावित रणनीति हो सकती है। जांच एजेंसियों को बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष और तेजी से कार्य करना होगा। वहीं, सरकार और विपक्ष दोनों को मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर एक साझा दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। देश की सुरक्षा राजनीतिक बहस से ऊपर है। यदि इस प्रकार की घटनाओं को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इनके परिणाम और अधिक खतरनाक हो सकते हैं। इसलिए यह समय एकजुटता, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का है, ताकि पंजाब और पूरा देश सुरक्षित और स्थिर रह सके।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के राष्ट्रगान के रचयिता

**रबीन्द्रनाथ टैगोर** का जन्म 7 मई 1861 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में एक प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में हुआ था। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थे। बचपन से ही टैगोर का झुकाव साहित्य, संगीत और कला की ओर था। उन्होंने औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ स्वाध्याय के माध्यम से अपनी प्रतिभा को विकसित किया। इंग्लैंड में कानून की पढ़ाई अधूरी छोड़कर वे भारत लौट आए और साहित्य सृजन में पूरी तरह समर्पित हो गए।



रबीन्द्रनाथ टैगोर
जन्म : 7 मई, 1861
मृत्यु : 7 अगस्त, 1941

टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे-वे कवि, कहानीकार, नाटककार, संगीतकार और चित्रकार थे। उनकी कृति गीतांजलि के लिए उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, जिससे वे विश्वस्तर पर प्रसिद्ध हुए। उन्होंने बांग्ला साहित्य में नई शैली, भाषा और भावधारा को स्थापित किया। उनकी रचनाओं में मानवता, प्रकृति प्रेम और गहरी संवेदनशीलता का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

टैगोर की विशेषता यह भी है कि उनकी रचनाएं दो देशों के राष्ट्रगान बनीं-भारत का 'जन गण मन' और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला।' उनकी कहानियां जैसे 'काबुलीवाला' और 'पोस्टमास्टर' आज भी मानव भावनाओं की गहराई को व्यक्त करती हैं। उन्होंने 1901 में शांतिनिकेतन में एक शिक्षण संस्थान की स्थापना की, जो आगे चलकर विश्व भारती विश्वविद्यालय बना। उनका उद्देश्य भारतीय और पाश्चात्य शिक्षा का समन्वय करना था। 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में उन्होंने ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गई 'नाइटहुड' की उपाधि लौटा दी, जो उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को दर्शाता है। 7 अगस्त 1941 को उनका निधन हुआ, लेकिन उनकी रचनाएं आज भी मानवता, प्रेम और स्वतंत्रता की भावना को जीवित रखे हुए हैं।



कविता

## मातृत्व शक्ति

योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी

**पूनम** चांद की रौशनी जैसा है उसका आंचल,
तपती धूप में पेड़ की छांव जैसी उसकी गोद,
जीवन पथ पर मिलता है हमेशा उसका सहारा,
छिपा रहता स्नेह उसका, जैसे हो कोई अमृत धारा,
निस्वार्थ त्याग बलिदान की लंबी उसकी कथा,
शब्दों से कोई न माप सका, न कोई माप पाएगा,
डांट फटकार होती है उसकी, कुम्हार की तरह,
जिसकी थपेड़ों से मिट्टी को मिलता है नया आकार,
ईश्वर की अद्भुत रचना है, जिसे कहते मातृत्व शक्ति,
जन्मदाती के साथ कहलाती घर संसार की महान विभूति,
मातृत्व दिवस पर आओ मिलकर करें, उसका गुणगान,
सिर्फ एक दिन नहीं, हर दिन करें उसका आदर सम्मान।

# वैश्विक शांति के लिए चुनौती बन चुकी घातक हथियारों की होड़



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

पिछले तीन वर्षों से रूस-यूक्रेन, अर्मेनिया-अजरबैजान, वियतनाम-थाईलैंड, इसराइल-फिलिस्तीन, पाकिस्तान व अफगानिस्तान जैसे देशों के सैन्य संघर्ष तथा मौजूदा वक्त में अमेरिका व इसराइल के साथ ईरान की शदीद जंग में हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

लाखों लोगों के आशियाने तबाह हो चुके हैं। लाखों की तादाद में अवाम बेघर होकर हिजरत को मजबूर है। सैन्य टकराव के हिंसक दौर में लाखों लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। आग उगलती तोपों की शदीद बमबारी विध्वंसक मिसाइलों तथा ड्रोन हमलों के घातक प्रहारों से कई मुल्क तबाह हो चुके हैं। युद्ध की मार झेल रहे देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है लेकिन दुनिया को अपनी सैन्य ताकत की हनक दिखाने वाले अमेरिका तथा आतंकवाद को पोषित करने वाले पाकिस्तान व नरसंहार को अंजाम देने वाले हथियार बनाने वाली कंपनियों को बेगुनाह लोगों की हलाकत से कोई फर्क नहीं पड़ता। हथियार उद्योग व गोला बारूद बनाने वाली कंपनियों की आर्थिकी काफी हद तक सैन्य संघर्षों पर निर्भर करती है।,

जंग का दायरा जितना बड़ा होगा तथा जंग जितनी लंबी चलेगी हथियारों व गोला बारूद का उद्योग उतना ही बुलंदी पर पहुंचेगा। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट 'सिपरी' के अनुसार हथियारों के वैश्विक बाजार में अमेरिका एक अग्रणी ताजिर है। सिपरी के अनुसार अरबों डालर के हथियार उद्योग में मुल्लविश दुनिया में हथियार बेचने वाली टॉप पांच कंपनियां लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, नार्थरॉप ग्रुमैन, रेथियोन तथा जनरल डायनामिक्स अमेरिका की हैं। सिपरी के हवाले से खबर है कि सन् 2020 से लेकर 2024 तक विश्व के कुल हथियार निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 42 प्रतिशत है। विनाशक हथियारों की खरीद फरोख्त की जहालत भरी होड़ ने कई देशों की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी है। रूस तथा यूक्रेन की जंग से सबक लेकर ज्यादातर देशों ने अपने हथियारों के जखीरे में बढ़ौतरी शुरू कर दी है।

उन्नत तकनीक से लैस हैलिकॉप्टर, फाइटर जेट, मिसाइलें, हॉवित्जर तोपें व रॉकेट लांचर आधुनिक युद्धों के प्रमुख हथियार बनकर उभरे हैं। एडवांस स्तर के अहम हथियार 'ड्रोन' का व्यापार उद्योग अरबों डॉलर का है। आलमी सतह पर कई मुल्कों में जारी सैन्य टकराव से तस्दीक हो चुकी है कि जंग का खौफनाक माहौल कभी शांत नहीं होगा। मानवता का संहार व प्रकृति का विनाश करने वाले हथियारों के वैश्विक बाजार का दायरा लगातार बढ़ रहा है।



आधुनिक दौर में आलमी कूटनीति व रणनीति से लबरेज युद्ध किसी मुल्क पर कब्जा करके उसका भूगोल तब्दील करने के लिए ही नहीं लड़े जा रहे बल्कि अमेरिका जैसा सुपर पावर देश अपनी आक्रामक युद्ध रणनीति के तहत छोटे मुल्कों पर आधुनिक हथियारों से शदीद हमलों को अंजाम देकर वहां अराजकता व अस्थिरता का मंजर पैदा कर रहा है।,

सैन्य संघर्षों के चलते हथियारों की कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। सुपर पावर अमेरिका के पास परमाणु सक्षम मिसाइल एलजीएम 35 सेंटिनल तथा 14 हजार किमी मारक क्षमता वाली एलजीएम 30 जी मिनटमैन जैसी परमाणु वारहेड मिसाइलें मौजूद हैं। रूस के रक्षा जखीरे में ग्यारह हजार किमी की दूरी तक मार करने वाली 'टोपोल एम' जैसी अत्यंत शक्तिशाली इंटरकोंटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। जो दुश्मन के राडार को चकमा देकर कई रक्षा प्रणालियों को भेदने में सक्षम है। तोहमत की तालीम में माहिर भारत के दुश्मन चीन के पास 15 हजार किमी मारक क्षमता वाली डीएफ41 अत्यंत उन्नत आईसीबीएम मिसाइल मौजूद है। उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों व आईसीबीएम मिसाइलों से अमेरिका सहित पूरी दुनिया खौफजदा है।

आतंकवाद को पोषित करने तथा सैन्य संघर्षों में उलझने के कारण अफगानिस्तान, सीरिया, यूक्रेन, फिलिस्तीन, लेबनान, इराक व ईरान जैसे देशों की अर्थव्यवस्था काफी हद तक बर्बाद हो चुकी है। इन मुल्कों की आवाम गुरबत व भुखमरी से जूझ रही है।

महाविनाशकारी हथियारों पर हो रहा भारी खर्च आज वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। यदि यही संसाधन शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास में लगाए जाएं तो दुनिया के कई देश गरीबी और भुखमरी से बाहर निकल सकते हैं। इसके बावजूद शक्तिशाली देश सैन्य श्रेष्ठता की दौड़ में लगे हैं, जहां हाइपरसोनिक मिसाइलों और परमाणु हथियारों पर अरबों डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा न केवल अस्थिरता बढ़ाती है, बल्कि वैश्विक शांति पर भी गंभीर खतरा पैदा करती है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रयास हुए हैं। 1968 की परमाणु अप्रसार संधि (NPT), अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA), संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) और 1996 की व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) जैसे कदम उठाए गए, लेकिन इनका प्रभाव सीमित रहा। इसके अलावा परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (NSG) और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) भी नियंत्रण के प्रयास करते हैं, फिर भी हथियारों की होड़ थमती नहीं दिखती।

विरोधाभास यह है कि खुद बड़े शक्तिशाली देश ही इन हथियारों का संग्रह कर रहे हैं, जिससे शांति के प्रयास कमजोर पड़ते हैं। ऐसे में वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रभावी और कठोर कदम उठाने होंगे, ताकि निरस्त्रीकरण को बढ़ावा मिले और दुनिया में स्थायी शांति स्थापित हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बंगाल में ऐतिहासिक बदलाव: तुष्टिकरण पर प्रहार, नई राजनीति का उदय



श्रेय अवस्थी
प्रदेश सह-संयोजक, सोशल मीडिया विभाग, हिमाचल भाजपा

पश्चिम बंगाल की राजनीति में जो परिदृश्य उभरकर सामने आया है, वह केवल एक चुनावी परिणाम नहीं बल्कि दशकों से जमी हुई राजनीतिक सोच, सत्ता के अहंकार और तुष्टिकरण की जड़ों को हिलाकर रख देने वाला ऐतिहासिक परिवर्तन है। यह उस विचारधारा का विस्फोट है जिसे लंबे समय तक दबाने, बदनाम करने और किनारे लगाने की कोशिश की गई-हिंदुत्व की विचारधारा, जो भारत की सांस्कृतिक आत्मा, परंपरा और राष्ट्र चेतना का प्रतीक है।

यह वही बंगाल है जिसने 'वंदे मातरम' की गूंज से अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी थी। यह वही धरती है जहां से राष्ट्रवाद की पहली लौ जली थी, लेकिन विडंबना यह रही कि वही बंगाल धीरे-धीरे ऐसी राजनीति का शिकार हो गया, जहां विकास पीछे छूट गया और तुष्टिकरण, हिंसा और भ्रष्टाचार ने अपनी जड़ें जमा लीं। वर्षों तक जनता के धैर्य की परीक्षा ली गई, उनकी आवाज को दबाने की कोशिश हुई, लेकिन इस बार जनता ने चुप्पी तोड़ी है और इतनी जोर से तोड़ी है कि उसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है।

भाजपा की यह विजय केवल सीटों का गणित नहीं है; यह जनमानस के बदलाव का प्रतीक है। यह उस सोच की हार है जिसने बंगाल को एक स्थायी वोट बैंक मान लिया था। यह उन राजनीतिक ताकतों के लिए एक स्पष्ट संदेश है जो यह समझ बैठे थे कि जनता को डराकर, भ्रमित करके और बांटकर हमेशा सत्ता में रहा जा सकता है। बंगाल की जनता ने यह मिथक तोड़ दिया है।

हिंदुत्व, जिसे वर्षों तक गलत तरीके से पेश किया गया, इस चुनाव में अपनी असली पहचान के साथ सामने आया है। यह किसी एक धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान, उसकी जड़ों और उसकी परंपराओं को सम्मान देने का विचार है। यह 'राष्ट्र पहले' की भावना है, जिसमें हर नागरिक समान है, हर किसी को समान अवसर और सम्मान मिलता है। बंगाल की जनता ने इस विचार को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उसे अपनी आकांक्षाओं का केंद्र बना दिया।



इस परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत रही-युवा शक्ति। बंगाल का युवा अब केवल नारों से संतुष्ट नहीं है। वह रोजगार चाहता है, अवसर चाहता है, और एक ऐसा वातावरण चाहता है जहां उसकी मेहनत का सम्मान हो। वर्षों तक उसे वादों और योजनाओं के नाम पर केवल आश्वासन मिले, लेकिन इस बार उसने ठान लिया कि अब बदलाव जरूरी है। भाजपा ने जिस तरह से विकास और रोजगार का एजेंडा सामने रखा, उसने युवाओं को यह विश्वास दिलाया कि भविष्य बदला जा सकता है।

महिलाओं की भूमिका भी इस ऐतिहासिक बदलाव में निर्णायक रही। सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दे जो लंबे समय तक नजरअंदाज किए गए, इस बार चुनाव के केंद्र में आए। बंगाल में इस चुनाव ने बदलाव की स्पष्ट तस्वीर पेश की। महिलाओं की भागीदारी निर्णायक रही और उन्होंने भरोसे के साथ मतदान कर परिवर्तन की दिशा तय की। यह मुकाबला डर बनाम दृढ़ता का प्रतीक बन गया, जहां जनता ने दबाव की राजनीति को नकारते हुए सशक्तिकरण के पक्ष में अपना मत दिया।

तुष्टिकरण की राजनीति को भी बड़ा झटका लगा और लोगों ने समान न्याय की मांग को प्राथमिकता दी। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' जैसी सोच को जनसमर्थन मिलता दिखाई दिया। यह परिणाम केवल एक राज्य तक सीमित नहीं, बल्कि देशभर में बदलती राजनीतिक सोच का संकेत है, जहां मतदाता अब परिणामों और विकास को महत्व दे रहे हैं।

हालांकि, इस जनादेश के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। कानून-व्यवस्था, विकास और सामाजिक संतुलन बनाए रखना अब प्रमुख चुनौती होगी। अंततः जनता बेहतर परिणाम चाहती है, और यही इस बदलाव की असली कसौटी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पंचायत चुनाव : जमीनी लोकतंत्र या छोटे स्तर का सत्ता-सौदा?



साहिल शर्मा
बाहल अर्जुन, जिला, हमीरपुर (हि.प्र.)

गांवों की सरकार कहे जाने वाले पंचायत चुनाव एक बार फिर सामने हैं। हर बार की तरह इस बार भी इसे लोकतंत्र का उत्सव बताया जा रहा है-एक ऐसा अवसर, जहां आम नागरिक सीधे अपने प्रतिनिधि चुनते हैं और अपने गांव के भविष्य की दिशा तय करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अक्सर इस आदर्श तस्वीर से अलग दिखाई देती है।

सवाल यह है कि क्या पंचायत चुनाव सच में विकास और जनसेवा का माध्यम हैं, या फिर यह धीरे-धीरे छोटे स्तर पर सत्ता हासिल करने की होड़ में बदलते जा रहे हैं?

चुनाव का माहौल बनते ही गांवों में अचानक हलचल बढ़ जाती है। जो चेहरे साल भर दिखाई नहीं देते, वे घर-घर जाकर हालचाल पूछने लगते हैं। हर समस्या का समाधान उनके पास तैयार होता है-नई सड़कें बनेंगी, पानी की समस्या खत्म होगी, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर आएंगे, और गांव का समग्र विकास होगा लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह सक्रियता गायब हो जाती है। वही लोग, जो कल तक हर दरवाजे पर दस्तक दे रहे थे, अचानक पहुंच से बाहर हो जाते हैं। यह चक्र वर्षों से चलता आ रहा ह-वादे, वोट और फिर खामोशी।

सबसे बड़ी समस्या है जवाबदेही की कमी। पंचायत स्तर पर प्रतिनिधि चुने तो जाते हैं, लेकिन उनके काम का आकलन कितनी पारदर्शिता से होता है? कितनी पंचायतों में नियमित रूप से ग्राम सभा की बैठकें होती हैं, जहां लोग खुलकर सवाल पूछ सकें? कितनी बार यह सुनिश्चित किया जाता है कि चुनाव के दौरान किए गए वादों का कोई रिकॉर्ड हो, जिसे बाद में जांचा जा सके? जब जवाबदेही नहीं होगी, तो वादों का मूल्य भी खत्म हो जाएगा। एक और चिंताजनक पहलू यह है कि पंचायत चुनाव अब धीरे-धीरे सामाजिक सेवा के बजाय शक्ति प्रदर्शन का मंच बनते जा रहे हैं। कई जगहों पर चुनाव जातिगत समीकरणों, गुटबाजी और व्यक्तिगत रंजिशों के आधार पर लड़े जाते हैं। उम्मीदवारों का चयन भी कई बार उनकी योग्यता या दृष्टिकोण के बजाय उनके प्रभाव और समर्थन के आधार पर होता है। इससे असली मुद्दे-जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, स्वच्छता और रोजगार—पीछे छूट जाते हैं। यह भी देखा जा रहा है कि चुनावों में पैसे और प्रभाव का दखल बढ़ता जा रहा है। भले ही पंचायत चुनाव छोटे स्तर के हों, लेकिन कई जगहों पर वोट प्रभावित करने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाए जाते हैं।

यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की मूल भावना को कमजोर करती है। जब चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं होंगे, तो चुने गए प्रतिनिधि से ईमानदारी की उम्मीद भी कैसे की जा सकती है? पंचायतों को हर वर्ष विकास के लिए पर्याप्त बजट और योजनाएं मिलती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अक्सर इन दावों से मेल नहीं खाती। कागजों में पूरी दिखने वाली परियोजनाएं कई बार गांवों तक वास्तविक लाभ नहीं पहुंचा पातीं। ऐसे में सबसे अहम भूमिका ग्राम सभा की होनी चाहिए, जो लोकतंत्र की सबसे निचली और सशक्त इकाई है, लेकिन कम भागीदारी और औपचारिक बैठकों के कारण इसकी प्रभावशीलता सीमित रह जाती है। मतदाताओं की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है।

वोट रिश्तों या दबाव के आधार पर दिया जाएगा, तो जवाबदेही कैसे तय होगी? युवाओं की निष्क्रियता भी एक बड़ी चुनौती है। अगर पढ़े-लिखे युवा आगे आएं, तो नेतृत्व की गुणवत्ता में सुधार संभव है। वहीं महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सकारात्मक है, लेकिन उन्हें वास्तविक निर्णय लेने का अवसर मिलना चाहिए। तकनीक और पारदर्शिता पंचायतों को मजबूत बना सकती हैं, बशर्ते उन्हें ईमानदारी से लागू किया जाए। अंततः पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि गांव के भविष्य को तय करने का अवसर हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# परीक्षा में असफलता : जीवन का अंत नहीं, एक नई शुरुआत है



लकेश चंदेल
अध्यापक, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट हर छात्र और उसके परिवार के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसका भावनात्मक कनेक्शन भी है। जहां अच्छे नंबर खुशी लाते हैं वहीं, फेल होना कई घरों में तनाव, दुःख और गुस्से का कारण बन जाता है। यही वजह है कि परीक्षा परिणाम से पहले बच्चों के साथ उनके माता पिता भी तनाव में होते हैं। परीक्षा परिणाम को लेकर उनकी चिंता बढ़ जाती है।

बच्चा माता-पिता की अपेक्षाओं और सपनों को लेकर दबाव महसूस करता है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा का मतलब केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि अच्छे अंक लाना और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल होना माना जाने लगा है। इस अंधी दौड़ में जब छात्र असफल होते हैं या कम अंक प्राप्त करते हैं तो वे हताश व तनाव के शिकार हो जाते हैं। बोर्ड परीक्षाओं जैसे कि 10 वीं, 12वीं या नीट/जेईई में असफल होने पर कई छात्र आत्महत्या जैसा भयानक कदम उठा लेते हैं जो कि एक बहुत गलत काम है। ये न केवल उनकी जान ले लेता है बल्कि उनके परिवार को भी जीवन भर का गम दे जाता है। यह समस्या अब एक व्यापक चिंता का रूप ले चुकी है। दुख तो इस बात का है कि ऐसी खबरें हर वर्ष सुनने को मिलती है। चिंता की बात यह है कि अब ये कुछ घटनाएं मात्र न रहकर एक व्यापक समस्या का रूप लेती जा रही हैं। परीक्षा में असफलता या कम अंक आने के कारण छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं बहुत दुखद हैं।

परीक्षा में असफल होने पर आत्महत्या के कई कारण होते हैं। इनमें कम आत्मसम्मान, लोग क्या बोलेंगे, उच्च अपेक्षाएं, कम सहनशक्ति, सीखने और बौद्धिक अक्षमता जैसे व्यक्तिगत कारक भी शामिल होते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की समीक्षा दूसरों के बच्चों से कभी भी मत करें। बच्चों पर अंकों की अनिवार्यता कभी भी मत थोपें। अगर आपका बच्चा बोर्ड की परीक्षाओं में



अनुत्तीर्ण भी हो जाता है तो उसके ऊपर किसी भी तरह का दबाव न डालें बल्कि उसे हौसला दें कि नए वर्ष में शुरू से कठिन परिश्रम करके इस परीक्षा को अच्छे अंकों में अगले वर्ष पास किया जा सकता है।

अपने बच्चों का मनोबल बनाए रखें। हर इंसान में व्यक्तिगत विभिन्नता पाई जाती है तथा इसी के आधार पर व्यक्ति अपने जीवन में सफलता तथा असफलता को प्राप्त करता है, परंतु हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए की असफलता से ही मनुष्य अपनी कमियों का पता लगाता है तथा उन्हें दूर करके सफलता के शीर्ष तक पहुंचता है। रिजल्ट खराब आने पर अभिभावक तुरंत डांट-फटकार या तुलना करने लगते हैं।जिससे बच्चे का आत्मविश्वास और गिर जाता है। ऐसे समय में बच्चे को सबसे ज्यादा जरूरत होती है हौंसला और भावनात्मक समर्थन की। यह समझने की कोशिश करें कि बच्चा क्यों फेल हुआ। पढ़ाई या गाइडेंस में कमी व किसी तरह का दबाव तो नहीं था।

बच्चे को बताएं कि असफलता अंत नहीं बल्कि खुद को बेहतर बनाने का यह एक नया मौका है। परीक्षा परिणाम आने के बाद बच्चे को असफलता के दुख से बाहर लाने की कोशिश करें। उसे कुछ वक्त दें। बच्चे को छोटे छोटे कार्यों में व्यस्त करें ताकि वह अपनी असफलता के सामने हार न मानें। रिजल्ट देखने के बाद तुरंत गुस्सा करना स्थिति को और खराब कर सकता है। आपका पहला रिएक्शन ही बच्चे की मानसिक स्थिति तय करता है। शांत रहकर बात करना जरूरी है। क्यों कि आप ही है जो आपके बच्चों को एक नई राह व जिंदगी दे सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में मतदान कर्मियों ने की दूसरी रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर चुनाव-2026 के तहत 17 मई को होने वाले मतदान को लेकर बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल में कुल 64 मतदान कर्मियों और 2 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनर खजान सिंह ने मतदान कर्मियों को ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया, मतदाता पहचान तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में मतदान संबंधी सभी तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करवाई जा सके। रिहर्सल में 54 पुरुष व 10 महिला मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इनमें 11 पुरुष पीठासीन अधिकारी और 2 महिला पीठासीन अधिकारी शामिल रहीं। चुनाव प्रक्रिया में महिला कर्मियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई।

### गोपालपुर में चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के दृष्टिगत बुधवार को बचत भवन सरकाघाट में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) ग्राम पंचायत के लिए द्वितीय चुनाव पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने की। इस अवसर पर चुनाव ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं बीडीओ गोपालपुर, पंचायत निरीक्षक शालिनी ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूजा ठाकुर सीबीएसई सब कैडर में शामिल



**अनंत ज्ञान,सरकाघाट/सुंदरनगर।** अवाहदेवी के सरौन गांव से पूजा ठाकुर ने भाषा अध्यापक वर्ग में सीबीएसई सब कैडर परीक्षा की मेरिट में स्थान पाकर नाम कमाया है। वह वर्तमान में सुंदरनगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहली में कार्यरत हैं। अब वह केवल सीबीएसई स्कूलों में ही शिक्षण कार्य करेंगी। उनकी यह उपलब्धि सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी एमए बीएड पूजा ठाकुर शिक्षकों के सिंगापुर एक्सपोजर ट्रीप में शामिल रही है।

### अनिशा अत्री ने 12वीं की मेरिट में पाया 5वां स्थान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर के अंतर्गत ग्राम रसैन की होनहार छात्रा अनिशा अत्री (पुत्री सूबेदार मेजर कृष्ण कुमार एवं अध्यापिका नीलम कुमारी) ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं (नॉन-मेडिकल) परीक्षा में पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी की लहर है। अनिशा की इस सफलता पर एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के पदाधिकारियों ने उन्हें और उनके माता-पिता को बधाई दी है। लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद बन्याल, सचिव कैप्टन बलदेव राज, कोषाध्यक्ष कैप्टन रघवीर सिंह, सीनियर वाइस चेयरमैन कैप्टन हुकम चंद, मीडिया प्रभारी रमेश चंद भारद्वाज, कैप्टन विनोद कुमार तथा सूबेदार ज्ञान चंद सहित अन्य सदस्यों ने अनिशा अत्री की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पदाधिकारियों ने कहा कि अनिशा अत्री ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

### धनोटू में सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम हो रहा धूम्रपान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाकों में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान की प्रवृत्ति थमने का नाम नहीं ले रही है। कानूनन प्रतिबंध के बावजूद लोग खुलेआम बीड़ी-सिगरेट का सेवन कर रहे हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 से सटा धनोटू गांव अब धीरे-धीरे कस्बे का रूप ले चुका है और यहां दिनभर काफी चहल-पहल रहती है। पहले से ही कूड़े-कचरे और गंदगी की समस्या से जूझ रहे इस क्षेत्र में धूम्रपान ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। चौकनुमा इस स्थान से कई क्षेत्रों का आवागमन जुड़ा हुआ है, ऐसे में यहां उड़ता धुआं वातावरण को और अधिक प्रदूषित कर रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध होने के बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इससे न केवल वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

### ग्राम पंचायत महादेव में चुनावी तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, महादेव।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। धनोटू स्थित पंचायत घर में चुनावी प्रक्रिया से जुड़े कार्य तेज गति से चल रहे हैं। सरकारी महकमे के अधिकारी व कर्मचारी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। हालांकि चुनावी व्यस्तता के बीच आम लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित होते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति अपने निजी कार्य के लिए बीडीओ कार्यालय या पंचायत घर में तैनात सचिव के पास जाता है तो उसे कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। बावजूद इसके संबंधित अधिकारियों को बात करने तक की फुर्सत नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार दो-तीन चक्कर लगाने के बाद उन्हें आश्वासन दिया जाता है कि बाद में फोन कर बुलाया जाएगा, लेकिन कई दिनों तक कोई संपर्क नहीं होता। इस स्थिति को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

### पूर्व डीएसपी परमानंद बन्याल का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी, सेवानिवृत्त डीएसपी एवं हमीरपुर बार काउंसिल के वरिष्ठ अधिवक्ता परमानंद बन्याल का लंबी बीमारी के बाद बुधवार प्रातः निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है और इसे अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। स्वर्गीय बन्याल का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव दलौट, डाकघर चोलथरा, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी में पूरे सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान गणमान्य लोग, पूर्व पंचायत प्रतिनिधि, परिजन व स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और नम आंखों से अंतिम विदाई दी।शोकाकुल माहौल में उनके तीनों पुत्रों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मुखाग्नि दी। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। परमा नंद बन्याल अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। एक कुशल पुलिस अधिकारी और प्रतिष्ठित अधिवक्ता के रूप में उन्होंने समाज में विशिष्ट पहचान बनाई। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सम्मानित व अनुभवी व्यक्तित्व को खो दिया है।

### रमेश चंद ने पत्रकार को धमकी देने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकाघाट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने एक पत्रकार को कथित रूप से दी गई धमकी पर गहरा रोष जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को ऑनलाइन शिकायत भेजकर सरकाघाट क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि क्षेत्र के उपभोक्ता पिछले कई वर्षों से गैस वितरण की अव्यवस्था से परेशान हैं। भारद्वाज ने कहा कि जनसमस्याओं को उठाना मीडिया का दायित्व है और इस कारण किसी पत्रकार को धमकाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

◆ **गैस वितरण व्यवस्था सुधारने की मांग**

### नागचला बल्ह इलेवन ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लेट राजा हरि सेन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 के फाइनल में नागचला बल्ह-11 ने घटा इलेवन को 27 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुकाबला एमएलएसएम मैदान में खेला गया, जहां दर्शकों की भारी भीड़ रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए नागचला बल्ह-11 ने 20 ओवर में 201 रन बनाए। हिमांशु ठाकुर ने 35 गेंदों में 77 रन और सैनी ने 64 रन की पारी खेली। जवाब में घटा इलेवन 20 ओवर में 174 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में राघव बाली ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि हिमांशु ठाकुर ने तीन विकेट झटके। समापन समारोह में प्रोफेसर राधिका चोपड़ा मुख्य अतिथि रहीं। उनके साथ प्रिंसिपल डॉ. सुमन कुमारी कटोच, पदम सिंह गुलेरिया, कामेश्वर ठाकुर, लोकेश शर्मा, राघव धवन, हरेंद्र सेन, दिनेश शर्मा, मनोज शर्मा, राज पुरोहित, टेकचंद, इंद्र, तारा पंसारी, अभिनव गुलेरिया और सचिव रविकांत जम्वाल सहित अन्य मौजूद रहे। विजेता टीम को एक लाख रुपए और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 50 हजार रुपए व ट्रॉफी दी गई।

# सड़क टूटी तो इंसानी कंधे बने सहारा, पालकी में पहुंचाया सड़क तक

## आपदा के एक साल बाद भी दुरुस्त नहीं हुआ थाटा-कटबाणु मार्ग, लाचार सिस्टम पर भी उठे तीखे सवाल

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** पहाड़ की जिंदगी एक बार फिर सड़क व्यवस्था की बदहाली के आगे बेबस नजर आई। बालीचौकी उपमंडल की थाटा-कटबाणु मार्ग के बंद होने से यहां बीमार पड़ना किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं रह गया है। मंगलवार शाम को एक बुजुर्ग महिला की सांसें थमने लगीं तो सड़क न होने की सजा पूरे गांव ने भुगती। कंधों पर पालकी बनाकर 5 किलोमीटर का सफर तय किया गया, तब जाकर इलाज की उम्मीद जगी।

कटबाणु गांव की चिंतू देवी को अचानक हृदय में तेज दर्द उठा। हालात बिगड़ते देख गांव के करीब दो दर्जन लोग जुटे और तुरंत पालकी तैयार कर दुर्गम रास्ते पर निकल पड़े। ऊबड़-खाबड़ और जोखिम भरे रास्ते को पार करते हुए करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला को मुख्य सड़क थाटा तक पहुंचाया गया। इसके बाद उन्हें तुरंत नेरचौक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वेंटिलेटर पर रखा गया है।

ग्रामीण तनू नेगी ने बताया कि पिछले साल आई आपदा के बाद से यह सड़क पूरी तरह बंद पड़ी है। कई बार विभाग को जानकारी देने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। आपात स्थिति में मरीजों को इस तरह कंधों पर उठाकर ले जाना ग्रामीणों की मजबूरी बन चुकी है। हालांकि हाल के दिनों में लोक निर्माण विभाग की मशीनें मार्ग बहाली में लगी हैं, लेकिन काम की धीमी रफ्तार और अधूरी मरम्मत से स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द सड़क को पूरी तरह बहाल करने की मांग की है। उधर, लोक निर्माण विभाग बालीचौकी के सहायक अभियंता भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि मार्ग को बहाल करने का कार्य जारी है और इसे जल्द वाहनों के लिए खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।


बीमार बुजुर्ग महिला को पालकी में उठाकर सड़क तक ले जाते ग्रामीण।

◆ **अब वेंटिलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रही चिंतू देवी**

### आपदा में टूटा संपर्क तो बढ़ गईं मुश्किलें

**पिछले** वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के बाद थाटा-कटबाणु सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया। रोजमर्रा के काम, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका सीधा असर पड़ा है। ग्रामीणों को जरूरी सामान लाने-ले जाने के लिए लंबा पैदल सफर तय करना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब यह मार्ग पूरी तरह जोखिम भरा बन जाता है।5 किमी कंधों पर मरीज को अस्पताल ले जाते हुए परिजन।

### गांवावासियों के लिए हर बीमारी बनी चुनौती

**सड़क बंद** होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिससे उनकी जान पर बन आती है। मंगलवार की घटना ने इस हकीकत को फिर उजागर कर दिया है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक साबित हो रही है। स्वास्थ्य केंद्र दूर होने के कारण छोटी बीमारी भी समय पर इलाज न मिलने से गंभीर रूप ले रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में दिक्कतें और बढ़ेंगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द सड़क बहाल नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# नगर निगम चुनाव: 11 ने नाम लिए वापस, अब 42 उम्मीदवार मैदान में

## सभी निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित, 17 को होगा मतदान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के पार्षद चुनावों के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। इसके बाद अब नगर निगम मंडी के 15 वार्डों में कुल 42 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। सभी निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं।

चुनाव 17 मई को होगा। वार्ड नंबर-1 खलियार से गौरव, टेक चंद और विवेक ने अपने नाम वापस लिए। वार्ड नंबर-7 तल्याड़ से सुदेश और अभिनव, वार्ड नंबर-11 समखेतर से वरूण तथा वार्ड नंबर-12 से योगेश कुमार ने नाम वापस लिया। वहीं, वार्ड नंबर-14 बैहना से कृष्ण भानु, गुरवचन सिंह, धन देव और मनसा राम ने अपने नामांकन वापस लिए। वार्ड नंबर-1 से 13 की सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रूपिन्द्र कौर ने बताया कि इन 13 वार्डों से कुल 7 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं। अब इन वार्डों में 39 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ रहे सभी निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। वहीं, वार्ड नंबर-14 और 15 की सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि वार्ड नंबर-14 बैहना से चार उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं, जबकि वार्ड नंबर-15 दौंहदी से किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया।

### सुंदरनगर नगर निकाय में 31 प्रत्याशी ही मैदान में

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर नगर निकाय चुनावों के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। निर्वाचन अधिकारी सुंदरनगर एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने जानकारी दी कि एक प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब कुल 31 उम्मीदवार मैदान में डटे हैं। इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है क्योंकि कुल 31 प्रत्याशियों में से 15 महिलाएं और 16 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं।

### सरकाघाट में दो ने वापस लिया नाम

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड सदस्यों के चुनावों के अंतर्गत नामांकन वापसी की निर्धारित तिथि पर दो उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। यह जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर 2 (रामनगर) से जगदीश चंद और शकुंतला देवी ने अपना नामांकन वापस लिया है।

### जोगिंद्रनगर में किसी ने भी वापस नहीं लिया नाम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के वार्ड सदस्यों के चुनाव के अंतर्गत बुधवार को नाम वापसी की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्धारित समयावधि के भीतर किसी भी प्रत्याशी द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया, जिससे सभी नामांकन यथावत बने रहे। दोपहर बाद 3 बजे के पश्चात सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए।

# डडौर वार्ड को नगर परिषद से बाहर कर पंचायत में करें शामिल

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** हिमाचल किसान यूनियन ने नगर परिषद चौक के अंतर्गत आने वाले डडौर (वार्ड नंबर-9) के मुहाल कढौर को शहरी दायरे से बाहर कर पुनः ग्राम पंचायत में शामिल करने की मांग उठाई है। इस संबंध में किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने का आग्रह किया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीता राम वर्मा और उप प्रधान देवी रूप सैनी ने बताया कि वार्ड नंबर-9 के डडौर मुहाल में करीब 269 परिवार निवास करते हैं, जिनमें से अधिकांश परिवार खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र की लगभग 98 प्रतिशत आबादी किसान वर्ग से संबंधित है और उनकी आजीविका कृषि पर आधारित है। पदाधिकारियों ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से नगर परिषद क्षेत्र में शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं। उनका तर्क है कि क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियां पूरी तरह ग्रामीण हैं, ऐसे में शहरी निकाय के अंतर्गत आने से किसानों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जबकि सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। यूनियन के अनुसार, केवल नौ परिवार ही नगर परिषद के दायरे में रहना चाहते हैं, जबकि शेष अधिकांश परिवार पंचायत व्यवस्था में वापसी के पक्ष में हैं। ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर असंतोष जताते हुए कहा कि वे नगर परिषद व्यवस्था का बहिष्कार कर रहे हैं और सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि क्षेत्र की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए डडौर को पुनः ग्राम पंचायत में शामिल किया जाए, ताकि ग्रामीणों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं मिल सकें।

◆ **किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

# नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई आरोपी की संपत्तियां की जब्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना हटली में दर्ज मामले में आरोपी मनोहर लाल पुत्र दिला राम निवासी गांव दलाह, डाकघर नरेला, तहसील बलद्वाड़ा को पहले ही गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अफीम बरामद की थी, वहीं जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से संपत्ति अर्जित की है, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी व उसके परिजनों की चल-अचल संपत्तियों को जब्त व फ्रीज करने के आदेश जारी किए, जिनकी पुष्टि सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली द्वारा कर दी गई है।

जब्त संपत्तियों में गांव खलिहान तहसील बल्ह स्थित लगभग 0-10-89 हेक्टेयर भूमि, उसी स्थान पर स्थित डबल स्टोरी मकान तथा बजाज पल्सर मोटरसाइकिल शामिल हैं, जिला पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने कहा कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्कूटी सवार दो युवकों से 5 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर भवाना में पर नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों को चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने स्कूटी सवार दो युवकों को 5 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम भवाना फोरलेन पर नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी नंबर एचपी- 24ई-5904 को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर स्कूटी पर सवार दो युवकों के पास से 5 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। आरोपियों की पहचान विशाल (20) निवासी गांव बंदला डाकघर बंदला तहसील सदर जिला बिलासपुर और राहुल (19) निवासी गांव लोअर बैहली डाकघर अप्पर बैहली तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है।

# मीटर रेंट के नाम पर वसूली बंद करे सरकार : एनके पंडित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एन के पंडित ने हिमाचल सरकार और बिजली बोर्ड पर मीटर रेंट के नाम पर उपभोक्ताओं से करोड़ों रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। बुधवार को मंडी में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर और मीटर रेंट के जरिए लाखों उपभोक्ताओं से बड़ी रकम ली जा रही है, जिसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। पंडित ने कहा कि प्रदेश में करीब 26 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक वर्ग शामिल हैं। उनका आरोप है कि बाजार में लगभग 1000 रुपए में मिलने वाला मीटर होने के बावजूद उपभोक्ताओं से हर महीने मीटर रेंट वसूला जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि यदि औसतन 100 रुपए प्रति माह के हिसाब से भी मीटर रेंट लिया जाए तो हर महीने सैकड़ों करोड़ रुपए की राशि एकत्र होती है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मकान बने हुए 20-25 साल हो चुके हैं, उनसे भी लगातार मीटर रेंट लिया जा रहा है, जो सरासर गलत है। पंडित ने सरकार से मांग की कि इस व्यवस्था की समीक्षा कर तुरंत मीटर रेंट की वसूली बंद की जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखने की बात कही है। पंडित ने कहा कि प्रदेश की जनता अब इस वसूली को लेकर जवाब चाहती है और सरकार को जल्द हस्तक्षेप कर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

# अनिल चौधरी समर्थकों सहित कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

## भाजपा ने पत्नी बिंदु बाला को बनाया जिला परिषद प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की सियासत में पंचायत चुनाव से पहले बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। कांग्रेस खेमे से जुड़े हिमाचल सरकार में स्टैंडिंग काउंसिल (पैनल अधिवक्ता) अनिल कुमार चौधरी ने पद से इस्तीफा देकर अपने समर्थकों सहित भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

भाजपा विधायक प्रकाश राणा और मंडलाध्यक्ष संजय शर्मा की उपस्थिति में अनिल ने भाजपा का दामन थामा। इस राजनीतिक घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति का तापमान अचानक बढ़ा दिया। अनिल की भाजपा में एंट्री के साथ ही भाजपा ने उनकी पत्नी बिंदु बाला को जिला परिषद वार्ड नेरघरवासड़ा से अपना समर्थित उम्मीदवार घोषित कर दिया। हालांकि भाजपा में शामिल होने से पहले ही अनिल और उनकी पत्नी बिंदु बाला ने गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया था और चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया था। ऐसे में भाजपा का समर्थन मिलना सीधे तौर पर राजनीतिक समीकरण बदलने वाला माना जा रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम से पहले अनिल की सोशल मीडिया पोस्टें भी इलाके में चर्चा का केंद्र रही थीं। हालांकि उस समय लोग उन पोस्टों को सामान्य राजनीतिक संकेत मान रहे थे, लेकिन अगले ही दिन भाजपा में शामिल होकर उन्होंने साफ कर दिया कि यह सिर्फ इशारा नहीं, पूरी पटकथा थी। जोगिंद्रनगर की राजनीति में इस घटनाक्रम को कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पंचायत चुनाव से ठीक पहले हुए इस राजनीतिक बदलाव ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में स्थानीय चुनावी मुकाबला और अधिक दिलचस्प व आक्रामक होने वाला है।


विधायक विधायक प्रकाश राणा के साथ भाजपा में शामिल हुए लोग।

**एनुअल डे** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने बढ़ाई हिमाचल डेंटल कॉलेज के वार्षिक दिवस की गरिमा

# मेधावी छात्र नवाजे, नई डेंटल वैन का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर का वार्षिक दिवस समारोह बुधवार को बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल, पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार, कॉलेज की चेयरपर्सन संतोष गुप्ता, निदेशक डॉ. अनिल सिंगला एवं डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कॉलेज की आधुनिक डेंटल वैन का उद्घाटन भी किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में दंत स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करेगी। निदेशक डॉ. अनिल सिंगला ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया और राज्यपाल के नेतृत्व में प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विश्वास व्यक्त किया। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान कार्यों, खेल गतिविधियों और सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कॉलेज के छात्रों ने अटल मेडिकल रिसर्च विश्वविद्यालय में लगातार शीर्ष स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्ष 1993 से कॉलेज 'दंत उपचार-आपके द्वार' योजना के तहत मंडी व आसपास के क्षेत्रों में दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। पिछले वर्ष 46 शिविरों के माध्यम से 6,000 से अधिक लोगों की जांच की गई और 800 से अधिक मरीजों का मौके पर उपचार किया गया। उत्कृष्ट सामुदायिक सेवाओं के लिए संस्थान को वर्ष 2025 में इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। साथ ही, इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्स द्वारा भी प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया गया। समारोह के दौरान राज्यपाल ने शैक्षणिक और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बीडीएस और एमडीएस के विभिन्न वर्गों में विश्वविद्यालय स्तर पर अव्वल रहने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए।


वार्षिक दिवस समारोह में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता को सम्मानित करते हुए।

### छात्रों को सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश

**राज्यपाल** ने विद्यार्थियों को अनुशासन, उत्कृष्टता और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा कॉलेज के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में निदेशक डॉ. विकास जिंदल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए स्टाफ व छात्रों की प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, नाटी और भांगड़ा ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# जर्जर हुईं सड़कों को सुधारने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मुरारी माता सेवा समिति, मुरारी धार ने क्षेत्रीय विकास और धार्मिक आयोजन को लेकर सुंदरनगर स्थित बीबीएमबी के सुकेत सदन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। समिति ने सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल के माध्यम से क्षेत्र की जर्जर सड़कों के सुधार की मांग उठाई। इस दौरान प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जेएमएम इंफ्राकॉन के एमडी जयसिंह ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। समिति की ओर से जयसिंह ठाकुर ने 26 से 28 मई तक आयोजित होने वाले मुरारी माता मंदिर के वार्षिक मेले में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने के लिए राज्यपाल को औपचारिक निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ज्ञापन में सिहली, बानगलू, घांगणु और तलेली सड़क की खराब स्थिति को प्रमुखता से उठाया गया। समिति ने बताया कि यह सड़क करीब 15 पंचायतों और 75 गांवों को जोड़ती है, जहां लगभग 30 हजार की आबादी निर्भर है। मार्ग पर 11 स्कूल और 15 स्वास्थ्य केंद्र स्थित हैं, लेकिन सड़क की संकीर्णता और जर्जर हालत के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति के अनुसार वर्ष 2023 की आपदा में क्षतिग्रस्त हुए डंगे अब तक ठीक नहीं हो पाए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। किसानों और विद्यार्थियों को भी आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे में सड़क का चौड़ीकरण और इसे एमडीआर घोषित करना आवश्यक बताया गया। राज्यपाल ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित बताया और समाधान का आश्वासन दिया।

◆ **विधायक जम्वाल के माध्यम से मुरारी माता सेवा समिति ने राज्यपाल से की अपील**

## न्यूज ब्रीफ

### रैंसरी में 9 मई को सजेगा भक्ति का दरबार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज राजेश्वरी भराड़ा देवी मंदिर, रैंसरी (ऊना-धमांदरी रोड) में 9 मई को भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन समस्त माता रानी के श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत रात 8 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत रात 9 बजे से माता रानी के जागरण का शुभारंभ होगा। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक गोल्डी रोपड़ महामाई का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। जागरण के दौरान विभिन्न आकर्षक झांकियों भी प्रस्तुत की जाएंगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं, तारा रानी की पावन कथा का वाचन सुबह 3 बजे किया जाएगा। आयोजकों ने समस्त माता रानी के भक्तों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### रमनदीप सिंह का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल पूर्व इंटक राज्य अध्यक्ष स्वर्गीय अमरजीत सिंह के छोटे बेटे व हिमाचल हरदीप बाबा के छोटे भाई सरदार रमनदीप सिंह (शम्मी) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह पिछले करीब 9 वर्षों से गंभीर बीमारी के चलते कोमा में थे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार, रिश्तेदारों व समर्थकों में गहरा दुख देखा जा रहा है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अरदास करते हुए वाहेगुरु से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। कामरेड जगत राम इंटक सचिव राष्ट्रीय इंटक व महासचिव हिमाचल इंटक, नरेश ठाकुर जिला इंटक ऊना अध्यक्ष, इंद्र बाबा, विजय राणा, गणपति गौतम, मंगूराम सहित जिला ऊना के अनेक इंटक नेताओं व सामाजिक संगठनों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### 7 मई को मेला ग्राउंड अंबोटा में विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट में वाहन चालकों व मालिकों की सुविधा के लिए 7 मई को मेला ग्राउंड अंबोटा में विशेष शिविर आयोजित होगा। सुबह 10:30 से दोपहर 2 बजे तक लगने वाले इस शिविर में ड्राइविंग टेस्ट, वाहन फिटनेस जांच व अस्थायी नवीनीकरण की प्रक्रिया एक ही स्थान पर पूरी की जाएगी। एसडीएम ने अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर पहुंचने की अपील की है। बिना पूर्ण दस्तावेज किसी भी सेवा का लाभ नहीं मिलेगा। प्रशासन ने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### 21, 22 व 23 अगस्त को लगेंगी विशेष लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सर्वोच्च न्यायपालिका द्वारा 'समाधान समारोह 2026' के तहत विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मध्यस्थता के जरिए लंबित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव शिखा लखनपाल ने बताया कि अभियान 21 अप्रैल से शुरू हुआ था व समापन 21, 22 व 23 अगस्त को होगा। पक्षकार अदालत में उपस्थित होकर या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग ले सकते हैं। आवेदन 31 मई तक ऑनलाइन किया जा सकता है। सहायता के लिए निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

### निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव प्रशासन की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** पंचायती राज चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से बुधवार को उपमंडल अधिकारी कार्यालय बंगाणा में सहायक निर्वाचन अधिकारियों की अंतिम रिहर्सल आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी व रिटर्निंग अधिकारी सोनू गोयल ने की। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान केंद्र प्रबंधन, चुनाव सामग्री वितरण, मतगणना प्रक्रिया और आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। सोनू गोयल ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं व इन्हें निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मास्टर ट्रेनरों डॉ. राम मूर्ति व संजीव पराशर ने मतदान व मतगणना की व्यावहारिक जानकारी दी। चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए टॉल फ्री नंबर 01975-262028 जारी किया गया है।

### जोगिंद्र सिंह के निधन से शोक की लहर

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** घुमारवीं खंड की ग्राम पंचायत भलस्वाए के उपप्रधान और जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत जोगिंद्र सिंह ठाकुर (52) के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। फरवरी 2026 में अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद उनका इलाज एम्स और आईजीएमसी शिमला में चल रहा था। जोगिंद्र सिंह एक समर्पित समाजसेवी थे और सदर इंटक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने कई मजदूरों का श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाकर उन्हें आर्थिक लाभ दिलवाया। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां, एक बेटा और 92 वर्षीय पिता छोड़ गए हैं।

### धार्मिक आयोजनों से बढ़ता भाईचाराः धीमान

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** क्षेत्र के मंडयाली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पूर्व जिला परिषद सदस्य मान सिंह धीमान ने विशेष रूप से पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान उन्होंने कथा का श्रवण कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। मान सिंह धीमान ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ धार्मिक चर्चा भी की। क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### पंतेहड़ा स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंतेहड़ा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। छात्रा अंशिका शर्मा ने 500 में से 462 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि आदित्य शर्मा ने 455 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अभिषेक शर्मा ने 419 अंक हासिल कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के 13 विद्यार्थियों में से 12 ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुआ। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### अभिकर्ताओं को दिए उपयोगी टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा में हाल ही में चीफ मैनेजर बने राजेंद्र शर्मा ने अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने वरिष्ठ विकास अधिकारी रजनीश डडवाल की टीम के साथ नव व्यवसाय बढ़ाने पर चर्चा की और उपयोगी टिप्स साझा किए। शर्मा ने एजेंटों को बदलते समय के अनुसार डिजिटल माध्यम अपनाने, ग्राहक आवश्यकताओं को समझने और सही योजनाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन और निवेश के सही विकल्पों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर एलआईसी के नए प्लान जैसे नव जीवन श्री, अमृत बाल, बीमा लक्ष्मी और प्रोटेक्शन प्लस की जानकारी दी गई। बैठक में अभिकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी की और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### स्वाहन में यूथ वॉलंटियर प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत स्वाहन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 45-50 युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, सर्च एंड रेस्क्यू व राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कोडावाला, स्वाहन, बेहल व टरवाड पंचायतों के युवाओं ने भाग लिया।

### बिलासपुर लेखक संघ की बैठक 9 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर लेखक संघ की मई माह की बैठक 9 मई को प्रातः गांव पलासला में संघ के सदस्य आद राम सांख्यान के निवास पर आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र ठाकुर करेंगे। महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन नियोजन एवं पर्यावरण समिति पलासला के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर आद राम सांख्यान की पुस्तक 'भाव का बहाव' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही अपनी-अपनी पुस्तकें प्रकाशित करने वाले सदस्यों को 'बिलासपुर लेखक संघ साहित्यिक सम्मान' से नवाजा जाएगा। बैठक के पहले सत्र में साहित्यिक चर्चा, विमोचन और सम्मान समारोह होगा, जबकि दूसरे सत्र में बहुभाषी काव्य गोष्ठी में रचनाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# पंचायत चुनावों ने पकड़ा जोर 'डम्मी उम्मीदवारों' से बढ़ी उलझन

अनंत ज्ञान

◆ प्रदेशभर में पंचायत चुनाव 26, 28 व 30 मई को तीन चरणों में होंगे आयोजित

◆ 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले 'सेमीफाइनल' के रूप में देखा जा रहा

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव अब रोचक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। ऊना जिले में भी चुनावी सरगर्मियां तेज हैं, लेकिन राजनीतिक दलों की सक्रियता मुख्य रूप से जिला परिषद, नगर निकाय व पंचायत समिति तक ही सीमित नजर आ रही है। वहीं, ग्रामीण स्तर पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के चुनाव को लेकर स्थानीय नेताओं ने अपनी-अपनी रणनीतियां तेज कर दी हैं। कई पंचायतों में समीकरण साधने के लिए 'डम्मी उम्मीदवार' उतारने की रणनीति अपनाई जा रही है, ताकि विरोधी खेमे को भ्रमित किया जा सके। इस कारण कई जगहों पर स्थिति असमंजसपूर्ण बन गई है व मतदाताओं के सामने स्पष्ट विकल्प चुनना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। ऊना जिले में करीब 250 ग्राम पंचायतों के लिए लगभग साढ़े चार हजार लोगों ने एनओसी प्राप्त की है, जो चुनावी उत्साह को दर्शाता है। इस बार सहकारी सभाओं के ऋण दोषी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

नामांकन के दौरान उम्मीदवारों को चुनाव अधिकारी के समक्ष यह शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि वे किसी प्रकार के ऋण दोषी नहीं हैं। बड़े राजनीतिक नेताओं की रणनीति अब गांव स्तर के छोटे नेताओं के माध्यम से लागू होती दिखाई दे रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर गुटबाजी भी बढ़ी है। प्रदेशभर में पंचायत चुनाव 26, 28 व 30 मई को तीन चरणों में आयोजित होंगे। कुल 3754 पंचायतों में 31,182 पदों के लिए 50 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पांच अलग-अलग रंगों के मतपत्रों का उपयोग मतदान प्रक्रिया में किया जाएगा। इन चुनावों को 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले 'सेमीफाइनल' के रूप में देखा जा रहा है। सत्तारूढ़ दल अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटा है, जबकि विपक्ष इसे वापसी के अवसर के रूप में देख रहा है। हालांकि, पंचायत चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते, फिर भी बड़े राजनीतिक दलों की साख व विचारधारा इन चुनावों में अप्रत्यक्ष रूप से दांव पर लगी हुई है।

कई स्थानों पर निर्विरोध चुनाव की स्थिति बन रही है, तो कहीं कड़े मुकाबले के चलते परिवारों व स्थानीय गुटों में तनाव भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीण बुनियादी ढांचा, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन व क्षेत्रीय विकास इस बार के चुनावों के प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं।

## शहरी निकाय चुनाव : 18 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए अब 118 उम्मीदवार मैदान में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के तहत जिला ऊना में नामांकन-पत्र वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। नाम वापसी के अंतिम दिन 18 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए, जिसके बाद अब जिले के छह शहरी निकायों में कुल 118 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। निर्वाचन अधिकारी व डीसी जतिन लाल ने बताया कि जिला ऊना की नगर पंचायत गगरेट, अंब, टाहलीवाल, दौलतपुर चौक तथा नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा और संतोषगढ़ में 17 मई को मतदान होगा, जबकि 31 मई को मतगणना की जाएगी। इन निकायों में कुल 28,281 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 14,197 पुरुष और 14,094 महिला मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 283 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे, जबकि एक थर्ड जेंडर मतदाता भी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी निभाएगा। उन्होंने बताया कि चुनावों के सफल संचालन के लिए जिले में 48 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन के पास कुल 108 ईवीएम उपलब्ध हैं। इनमें हाल ही में प्राप्त 60 नई ईवीएम तथा पूर्व से उपलब्ध 48 मशीनें शामिल हैं। निर्धारित संख्या में मशीनों का उपयोग मतदान केंद्रों पर किया जाएगा, जबकि शेष को रिजर्व रखा जाएगा, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## नाम वापसी से बदली तस्वीर, सीधे मुकाबलों ने बढ़ाई चुनावी गर्माहट

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट के चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। अधिकांश वार्डों में मुकाबला सीधे आमने-सामने का रह गया है, जिससे चुनावी माहौल और अधिक रोचक व गर्म हो गया है। पहले जहां कई वार्डों में बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति थी, वहीं अब चुनावी जंग ज्यादा स्पष्ट नजर आ रही है।

वार्ड नंबर-1 में कुसुम लता व सज्जन कुमार द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब मुकाबला तरसेम शर्मा व विकास कालिया के बीच सीधा हो गया है। इस वार्ड में कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। वार्ड नंबर-2 में नरेंद्र राणा व विकास शर्मा आमने-सामने हैं। वार्ड नंबर-3 में सरोज कुमारी, नेन्सी ठाकुर, रंजना, त्रिपत्ता देवी व राजकुमारी के बीच बहुकोणीय मुकाबला बना हुआ है, जिससे यह वार्ड सबसे ज्यादा दिलचस्प बन गया है। वार्ड नंबर-4 में भावना व बबिता के बीच सीधी टक्कर है। वहीं, वार्ड नंबर-5 में कांता देवी के नाम वापस लेने के बाद अब बलराम, हरजिंदर व मंगत राम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रह गया है।

वार्ड नंबर 6 में उमेश कुमार व जनक राज के बीच सीधा मुकाबला होगा। वार्ड नंबर-7 में भी स्थिति स्पष्ट हो चुकी है, जहां अनीता कुमारी व मंजू बाला आमने-सामने हैं। नाम वापसी के बाद चुनाव अब रणनीतिक मोड़ पर पहुंच गया है। उम्मीदवारों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है व हर वार्ड में जीत के लिए पूरी ताकत झोंकी जा रही है। स्थानीय स्तर पर चुनावी माहौल गर्मा गया है व मतदाता भी अपने अंतिम निर्णय की ओर बढ़ रहे हैं। एआरओ व तहसीलदार सूरज शर्मा ने बताया कि नाम वापसी के बाद अंतिम सूची जारी कर दी गई है और चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न करवाए जाएंगे।

## ऊना पुलिस की सख्ती जारीः चिट्टे सहित आरोपी काबू, नकदी भी बरामद

अनंत ज्ञान



**ऊना।** जिला ऊना में पुलिस विभाग द्वारा नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस ऊना मादक पदार्थों के सेवन व तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इसी क्रम में 5 मई को मुख्य आरक्षी अवतार चंद, जांच अधिकारी पुलिस चौकी शहर ऊना, थाना सदर ऊना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नंगल-ऊना रोड स्थित बाबा साहिब सिंह वेदी गेट के सामने यातायात चैकिंग के दौरान एक गाड़ी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 1.56 ग्राम हेरोइन/चिट्टा, 17,580 रुपए की नकदी तथा किनारों से जला हुआ 10 रुपए का भारतीय करेंसी नोट बरामद किया गया। इस मामले में गाड़ी चालक सुमिंद्र सिंह निवासी मोहल्ला वैहली, तहसील व जिला ऊना के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी व इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें व किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मी करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सैनिक कल्याण विभाग ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) एसके कालिया ने जिले में निवास कर रहे मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मियों से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में अपना पंजीकरण करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि अब तक पूर्व सैनिक का दर्जा मुख्य रूप से थल सेना, नौसेना व वायु सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों व जवानों तक सीमित था, लेकिन केंद्र सरकार के निर्णय के बाद अब मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मियों को भी पूर्व सैनिक की श्रेणी में शामिल किया गया है। उपनिदेशक ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के पास जिले में निवास कर रहे एमएनएस से सेवानिवृत्त कर्मियों का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है, ऐसे में जो भी मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मी जिले में रह रहे हैं, वे जल्द जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवाएं व पूर्व सैनिक पहचान पत्र प्राप्त करें।

## वार्ड पंच पद पर रिनु बाला निर्विरोध निर्वाचित, ग्रामीणों में खुशी की लहर



अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** विकासखंड बंगाणा की ग्राम पंचायत डीहर के वार्ड नंबर-5 में लोकतंत्र की एक सकारात्मक मिसाल देखने को मिली, जहां सभी मतदाताओं ने सर्वसम्मति से रिनु बाला को वार्ड पंच के रूप में निर्विरोध चुना।

इस चयन से पूरे क्षेत्र में उत्साह व एकजुटता का माहौल बना हुआ है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी अन्य उम्मीदवार के सामने न आने के कारण रिनु बाला का चयन सर्वसम्मति से हुआ। ग्रामीणों ने इसे आपसी सहयोग, विश्वास व सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। निर्वाचन के बाद रिनु बाला ने वार्ड के सभी परिवारों व मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी व क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे व एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। लोगों ने उम्मीद जताई कि रिनु बाला के नेतृत्व में वार्ड में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस मौके पर तिलक राज शर्मा खैरियां, जोगिंदर सिंह ठाकुर, पूर्व वीडीसी सदस्य खरयालता सदस्य अशोक शर्मा, सुखबीर सिंह, पूर्व पंचायत सदस्य सुरेश कुमार, सुनीता देवी, कल्पना देवी, हाकम चंद, बलबीर सिंह, राकेश कुमार, राधेश्याम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक की युवा प्रत्याशी के समर्थन की अपील

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी क्षेत्र में आयोजित एक वैवाहिक समारोह के दौरान पूर्व विधायक बलवीर सिंह चौधरी ने शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद के मुबारिकपुर वार्ड से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी एडवोकेट पवन जीत सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह के दौरान पूर्व विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पवन जीत सिंह का परिचय कराया व उन्हें एक शिक्षित व होनहार युवा बताया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से हाथ जोड़कर अपील की कि वे इस युवा प्रत्याशी को अपना समर्थन और आशीर्वाद दें। बलवीर चौधरी ने कहा कि एक योग्य व शिक्षित प्रतिनिधि ही जिला परिषद में क्षेत्र की समस्याओं व मांगों को प्रभावी ढंग से उठा सकता है। वहीं, प्रत्याशी पवन जीत सिंह ने भी लोगों का अभिवादन करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में भाजपा के अन्य स्थानीय कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## बिलासपुर जिला परिषद चुनावः भाजपा ने जारी की 13 उम्मीदवारों की सूची

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला परिषद चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी ने बिलासपुर जिला के सभी 13 वार्डों के लिए अपने समर्थित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। यह सूची पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक विपिन सिंह परमार द्वारा जारी की गई। पार्टी ने इस बार नए और अनुभवी चेहरों के बीच संतुलन बनाते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है, जिससे चुनावी मुकाबला और रोचक होने की संभावना है।

भाजपा द्वारा जारी की गई सूची में 13 वार्डों में निम्नलिखित उम्मीदवार उतारे हैं जिनमें घंडालवी से जमना देवी, गाहर से रक्षा कुमारी, कुठेडा से निशु देवी, ननावां से प्रोमिला चंदेल, रोहल से जरनेल सिंह, जेजवीं से बबीता देवी, जांगला (बेहना जट्टा) से अनूप महाजन, बामटा से सपना कुमारी, बरमाणा से अशोक शर्मा, नम्होल से वीना शर्मा, जुखाला से लेखराम ठाकुर, स्वाहण से मान सिंह धीमान तथा कोटखास से तरसेम शामिल हैं।

### महिला भागीदारी पर जोर

**इस** सूची में बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवारों को मौका दिया गया है, जिससे स्पष्ट है कि पार्टी इस बार महिला वोट बैंक और जमीनी भागीदारी पर खास फोकस कर रही है।

### नए चेहरों पर दांव

**कई** वार्डों में नए उम्मीदवारों को उतारकर भाजपा ने बदलाव का संकेत दिया है। इसे एंटी-इंकम्बेंसी को कम करने और नए नेतृत्व को आगे लाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

### मुकाबला होगा दिलचस्प

**राजनीतिक** जानकारों का मानना है कि इस सूची के सामने आने के बाद अब मुकाबला और कड़ा होगा। कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवार भी अपने समीकरण मजबूत करने में जुट गए हैं, जिससे कई वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है भाजपा की यह सूची साफ संकेत देती है कि पार्टी इस बार संगठन, सामाजिक समीकरण और नए चेहरों के मिश्रण के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। अब देखना होगा कि जनता इन उम्मीदवारों पर कितना भरोसा जताती है और जिला परिषद की तस्वीर कैसी बनती है।

## 11 वार्डों में सियासी हलचल तेज व्यक्तिगत रिश्ते तय करेंगे हार-जीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद चुनाव को लेकर शहर की सियासत इन दिनों पूरी तरह गरमा गई है। 11 वार्डों में होने वाले इस चुनाव में जहां प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं, वहीं दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश उम्मीदवार कांग्रेस पृष्ठभूमि से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिससे मुकाबला और भी रोचक हो गया है।

इस बार चुनावी मैदान में राजनीतिक दलों के पारंपरिक समीकरण कुछ हद तक धुंधले नजर आ रहे हैं। कई वार्डों में पार्टी लाइन से अधिक उम्मीदवारों की व्यक्तिगत छवि, सामाजिक पकड़ और पुराने रिश्ते निर्णायक भूमिका निभाते दिख रहे हैं। यही कारण है कि मतदाता भी पार्टी से ज्यादा व्यक्ति विशेष को ध्यान में रखकर अपना रुख तय कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कई वार्डों में एक ही विचारधारा से जुड़े उम्मीदवार आमने-सामने हैं, जिससे वोटों का बंटवारा होना लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में छोटे-छोटे समीकरण और व्यक्तिगत नेटवर्क ही जीत का रास्ता तय करेंगे। चुनाव प्रचार ने भी अब रफ्तार पकड़ ली है। प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क साध रहे हैं और अपने पुराने संबंधों को मजबूत करने में जुटे हैं। स्थानीय मुद्दों—जैसे सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़कों की स्थिति और स्ट्रीट लाइट—को लेकर भी मतदाता उम्मीदवारों से सीधे जवाब मांग रहे हैं।

अब देखना यह होगा कि 11 वार्डों की इस सियासी बिसात पर कौन अपने रिश्तों और जनसंपर्क की ताकत से जीत का परचम लहराता है और किसे हार का सामना करना पड़ता है। फिलहाल, बिलासपुर की गलियों में चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर है और हर वार्ड में मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है।

## कवियों और कलाकारों ने गीत गजल व पत्र वाचन से मोहा मन



शाहतलाई में कल्याण कला मंच की संगोष्ठी संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी शाहतलाई में संरक्षक डॉ. लेख राम शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में अभियंता विजय ठाकुर एवं डॉ. राकेश कुमार विशेष अतिथि रहे तथा राकेश मनहास ने प्रभावशाली संचालन किया। कवियों व कलाकारों ने हास्य, गीत, गजल और पत्र वाचन प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। बीना वर्धन, जीत राम सुमन, जगदीश सहोता, शिवनाथ सहगल और अन्य रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित विभिन्न प्रतिभागियों ने सामाजिक विषयों और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रस्तुति दी। अंत में संयोजक अमरनाथ धीमान ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम ने क्षेत्र में साहित्यिक जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देने का कार्य किया तथा उपस्थित लोगों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया गया और भविष्य में ऐसे आयोजन नियमित करने पर सहमति बनी।

## संगास्वी-2 में खस्ताहाल सड़क पर भड़के ग्रामीण

### पीडब्ल्यूडी पर लापरवाही के आरोप, बारिश से पहले मरम्मत करने की मांग

अनंत ज्ञान




संगास्वी-2 में खस्ताहाल सड़क से लोग परेशान। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बरठीं-शाहतलाई सड़क पर संगास्वी-2 गांव के समीप सड़क की खराब हालत को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति अब बेहद खतरनाक हो चुकी है और यहां किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

बुधवार को बरठीं स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि संगास्वी-2 के पास सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। रोजाना सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है तथा इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है। राहगीर, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रोजाना जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग की ओर से अब तक केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं।

अधिकारियों का कहना है कि सड़क के विस्तारीकरण का टेंडर हो चुका है और जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि विस्तारीकरण में समय लग सकता है, ऐसे में प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों को तुरंत भरा जाना चाहिए। राजकुमार, राजेश गौतम, अनिल कुमार, रोशन कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बारिश शुरू होने से पहले सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और ठेकेदार से संपर्क कर जल्द ही सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि वे अब किसी अनहोनी का इंतजार नहीं करेंगे व जल्द समाधान न होने पर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## नगर निकाय चुनावः 6 उम्मीदवारों ने लिए नामांकन वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत जिला बिलासपुर के चारों शहरी निकायों में नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हो गई। जिला बिलासपुर के चार नगर निकायों में 06 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए तथा अब चुनावी मैदान में कुल 87 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर के अंतर्गत वार्ड नंबर 4 से शालिनी और अभिलाषा जबकि वार्ड नंबर 7 से बन्ती देवी ने नाम वापस लिए हैं। नप बिलासपुर में अब कुल 29 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जबकि नप घुमारवीं में वार्ड नंबर 2 से तृप्ता व वार्ड नंबर 5 से सतीश कुमार ने अपने नाम वापस लिए हैं। नाम वापसी के बाद अब नगर परिषद घुमारवीं में कुल 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नप नयना देवी में वार्ड नंबर 6 से नेहा शर्मा ने नामांकन वापस लिया है। अब यहां कुल 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। वहीं नप तलाई में किसी भी उम्मीदवार ने अपना नाम वापिस नहीं लिया, जिसके चलते यहां 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

## पंचायत चुनाव को लेकर तेज की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनावों को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल की अध्यक्षता में विधायक जीतराम कटवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पंचायत स्तर पर 5-5 कार्यकर्ताओं की कमेटियां गठित कर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। कटवाल ने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

## बाजार में अव्यवस्थित पार्किंग से बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता व बरठीं बाजार में बेतरतीब पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे खड़े वाहनों से जाम की स्थिति बन रही है और राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पार्किंग सुविधा के अभाव में स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। समाजसेवी अमरनाथ धीमान ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल बनाने और अवैध पार्किंग पर सख्ती करने की बात कही है।

## शाहतलाई नपंः 7 वार्डों से 19 प्रत्याशी मैदान में

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** नगर पंचायत शाहतलाई के चुनाव को लेकर प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुल 19 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं और किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया है। उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि 7 वार्डों में बहुकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## रेडक्रॉस दिवस समारोह की तैयारियों पर बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर द्वारा 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर बचत भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त एवं उपाध्यक्ष ओम कांत ठाकुर ने की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि समारोह बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# मनाली माल रोड पर लगे चार्जिंग प्वॉइंट बने मुसीबत, सुंदरता पर लग रहा 'ग्रहण'

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** अपनी खूबसूरती के लिए दुनिया भर में मशहूर मनाली के माल रोड पर हाल ही में लगाए गए चार्जिंग प्वॉइंट अब विवादों के घेरे में हैं। लाखों रुपए खर्च कर सजाए गए इस मार्ग पर सुविधाओं के नाम पर स्थापित किए गए ये प्वॉइंट स्थानीय लोगों व व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने माल रोड को सुंदर बनाने व पर्यटकों को सुविधा देने के लिए यह कदम उठाया था, लेकिन धरातल पर इसका उल्टा असर देखने को मिल रहा है। स्थानीय व्यवसायी छेरिंग थॉमस ने इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इन चार्जिंग प्वॉइंट के कारण मॉल रोड पर पैदल चलने व लोगों के बैठने की जगह काफी संकरी हो गई है। थॉमस के अनुसार, इन चार्जिंग प्वॉइंट का उपयोग अब गलत कार्यों के लिए हो रहा है। सैलानी इन प्वॉइंट को मेज की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं व यहीं पर खड़े होकर खान-पान करते हैं। डस्टबिन पास होने के बावजूद लोग इन प्वॉइंट्स पर ही जूठन व कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। हाल ही में सोशल मीडिया पर इन चार्जिंग प्वॉइंट्स की बदहाली का एक वीडियो भी खूब वायरल हुआ था, जिसने प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 'इन प्वॉइंट्स की वजह से मॉल रोड की सुंदरता को ग्रहण लग रहा है। प्रशासन को चाहिए कि वह स्थानीय लोगों की मांग को सुनें।



मनाली के माल रोड में लगे चार्जिंग प्वाइंट। अनंत ज्ञान

### प्रशासन से स्थानांतरण की मांग

**मनाली** के निवासियों व व्यापारियों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि एक ही जगह पर लगे इन आधा दर्जन चार्जिंग प्वॉइंट्स को यहां से तुरंत हटाया जाए। उनका सुझाव है कि इन्हें किसी ऐसे वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, जहां भीड़ कम हो और मॉल रोड की भव्यता पर कोई आंच न आए, अब देखना यह होगा कि पर्यटन सीजन के बीच प्रशासन स्थानीय लोगों की इस मांग पर क्या कदम उठाता है।

# बिजली व्यवस्था और मानसून तैयारियों की समीक्षा, खतरनाक पेड़ों की पहचान के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं बिजली लाइनों की समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। डीसी ने सभी फीडरों के साथ लगती बिजली लाइनों के समीप खतरनाक पेड़ों की सूची तैयार करने और उनकी निशानदेही करने के निर्देश दिए, ताकि नियमानुसार इन्हें काटने की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके और विद्युत आपूर्ति बाधित होने की संभावनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने मनाली स्थित आइबेक्स चौक पर निर्माणाधीन बिजली सब स्टेशन की प्रगति की भी समीक्षा की। विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि सब स्टेशन का लेआउट एवं ढांचागत डिजाइन तैयार किया जा चुका है और आगामी कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने अधिकारियों को मानसून के दृष्टिगत पूरी तैयारी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में त्वरित समाधान के लिए पूर्व योजना तैयार रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून के दौरान यदि किसी क्षेत्र में बिजली बाधित होती है तो प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। बैठक में चीफ इंजीनियर बिजली बोर्ड रजनीश कुमार, अधीक्षण अभियंता रूम सिंह सहित सभी अधिशाषी अभियंता एवं एचपीटीसीएल के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी व साथ हैं अन्य अधिकारी। अनंत ज्ञान

# नप कुल्लू चुनाव, कांग्रेस ने घोषित किए उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद ने विधिवत रूप से उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए बताया कि पार्टी ने इस बार युवा ऊर्जा व अनुभवी नेतृत्व के संतुलन को प्राथमिकता दी है। घोषित सूची के अनुसार वार्ड नंबर एक (ओपन) से विशाल सूद शैली को चुनावी मैदान में उतारा गया है। वार्ड नंबर दो (ओपन) से कुब्जा ठाकुर को लगातार चौथी बार टिकट देकर कांग्रेस ने उनके अनुभव पर भरोसा जताया है। वार्ड नंबर तीन से ऊष्मज शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है, जो पहले भी पार्षद रह चुकी हैं। इसी तरह वार्ड नंबर चार से दिग्विजय सिंह मोदगिल, वार्ड नंबर पांच से पूर्व पार्षद पूजा शर्मा, वार्ड नंबर छह से गीता, वार्ड नंबर आठ से आशा डोगरा, वार्ड नंबर नौ से जीवन कला, वार्ड नंबर दस से हरि सिंह तथा वार्ड नंबर 11 से सुभाष चंद रैंबो को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है।कांग्रेस की इस सूची में कई नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। विशेष रूप से वार्ड नंबर छह से गीता और वार्ड नंबर आठ से आशा डोगरा को सबसे युवा उम्मीदवारों के रूप में मैदान में उतारा गया है। वहीं, अगर वार्ड 7 की बात करें तो यहां पर सहमति नहीं बन पाई जिस कारण कांग्रेस यहां से कोई उम्मीदवार नहीं दे पाई है। पार्टी का मानना है कि युवा नेतृत्व नगर परिषद में नई सोच और विकास को नई दिशा प्रदान करेगा, जबकि अनुभवी उम्मीदवार संगठन को मजबूती देंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद ने कहा कि पार्टी ने सभी वार्डों में ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया है जो जनता के बीच सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस के उम्मीदवार नगर परिषद चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त करेंगे। नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस की सूची की घोषणा के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अब सभी की निगाहें चुनावी मुकाबले और विभिन्न वार्डों में होने वाले रोचक चुनाव प्रचार पर टिकी हैं।



नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार कुल्लू के विधायक के साथ। अनंत ज्ञान

◆ **युवाओं और वरिष्ठ नेताओं पर जताया भरोसा**

## न्यूज ब्रीफ

### केलांग में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में बताया गया कि इस अवसर पर स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रेड क्रॉस मेला सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसका उद्घाटन डीसी किरण भड़ाना मुख्यातिथि के रूप में करेंगी। मेले के दौरान आयुष व स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। आयुष विभाग अपने स्टॉल के माध्यम से आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के बारे में जागरूकता फैलाएगा। वहीं, स्कूली छात्रों के लिए स्लोगन लेखन व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पुलिस विभाग की ओर से नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन कर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। डीसी ने सभी विभागों को कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन विभाग, आयुष व स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल मेले के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। बैठक में एसडीएम कुनिका एकर्स, डीएसपी रश्मि शर्मा, बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग अजय गुप्ता, जिला आयुष अधिकारी नताशा ठाकुर व प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एमके गांधी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर फोकस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में कृषि विभाग की आतमा परियोजना की प्रसार कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्यों तथा बजट प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि आतमा परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना है। इसके अंतर्गत कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देते हुए मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, नकदी फसलों व बहुफसली खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, नाबार्ड के सहयोग से कृषक उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। बैठक में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने प्राकृतिक खेती के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों व पशुपालकों को इस योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है व भूमि की उर्वरता बनी रहती है, जिससे किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने विभागीय समन्वय, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग तथा किसानों की उपज के लिए बेहतर बाजार व विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आतमा डॉ. राजेंद्र कुमार बग्गा, उपनिदेशक कृषि डॉ. रितु गुप्ता, उपनिदेशक बागवानी डॉ. राज कुमार, उपनिदेशक पशुपालन डॉ. अरुण कमल शर्मा, केवीके बजौरा के वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर व डॉ. राकेश देवलश, उपपरियोजना निदेशक डॉ. वर्षा गुप्ता, डॉ. अर्जुन कुमार नेगी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पीएल नेगी, जिला अग्रणी प्रबंधक दोरजे अंगरूप तथा सचिव एपीएमसी दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंशुल ने प्रदेश में चमकाया नथान स्कूल का नाम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नथान (लरांकेलो) में बुधवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम विद्यालय की +2 कक्षा की मेधावी छात्रा अंशुल की शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। अंशुल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2025-2026 की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में पूरे प्रदेश में सातवां स्थान हासिल कर स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। समारोह में अंशुल के पिता खीमी राम, माता हेमलता व दादा मान दास मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विद्यालय परिवार और स्कूल प्रबंधन समिति ने अंशुल व उनके अभिभावकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरे विद्यालय परिसर में भारी उत्साह का माहौल रहा।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंशुल ने अपनी सफलता के सूत्र साझा किए। उन्होंने आधुनिक दौर में तकनीक के सही इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया का उपयोग सीमित और संतुलित होना चाहिए। इंटरनेट को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शिक्षा और ज्ञानवर्धन का माध्यम बनाना जरूरी है।

#### क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में 'नर्सेस वीक' का शुभारंभ उत्साह, गरिमा व सेवा भाव के साथ किया

# शपथ ग्रहण के साथ छात्राओं ने दोहराया सेवा का संकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में बुधवार को 'नर्सेस वीक' का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, गरिमा व सेवा भाव के साथ किया गया।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्सेस वीक की थीम' अवर नर्सेस अवर फ्यूचर, एंपावर्ड नर्सेस सेव लाइव्स (हमारी नर्सेस, हमारा भविष्य-सशक्त नर्सेस बचाती हैं जीवन) रखी गई है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका व उनके सशक्तिकरण पर बल देती है। कार्यक्रम का औपचारिक आगाज एक गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ। कॉलेज की उपप्राचार्या ने इस समारोह का संचालन किया। दीप प्रज्वलन के बीच, भविष्य की नर्सों (छात्राओं) ने अपने पेशे के प्रति पूरी निष्ठा, निस्वार्थ सेवा व समर्पण की शपथ ली। इस भावुक क्षण ने उपस्थित सभी लोगों को मानवता की सेवा के प्रति नर्सिंग पेशे की गहराई का बोध कराया। शपथ ग्रहण के बाद नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न बौद्धिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण व कविता प्रतियोगिता, जो कि हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी वाकपटुता व कलम के माध्यम से नर्सिंग पेशे की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'ट्रिब्यूट टू नर्सेस' नामक विशेष प्रतियोगिता रही।

फैंसी ड्रेस के रूप में प्रस्तुत इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नर्सिंग जगत के विभिन्न आयामों व ऐतिहासिक व्यक्तित्वों की वेशभूषा धारण कर इस पेशे के विविध स्वरूपों को जीवंत कर दिया। इस सफल आयोजन में संस्थान की एसोसिएट डायरेक्टर मिस ज्योति मारिया मसीह तथा कार्यवाहक एसोसिएट डायरेक्टर सैमुअल मसीह का विशेष मार्गदर्शन रहा। उनके कुशल नेतृत्व व समस्त शिक्षक वर्ग के सक्रिय सहयोग ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित व प्रभावशाली बनाया।

कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक व ऊर्जावान वातावरण में हुआ। इस आयोजन ने न केवल छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया, बल्कि उनमें अपने पेशे के प्रति गर्व व रचनात्मकता का संचार भी किया। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नर्सों के योगदान को सम्मानित किया जाता रहेगा।




समारोह के दौरान सभी गणमान्य। अनंत ज्ञान

# सात वार्ड वाली नगर परिषद मनाली में 16 प्रत्याशी मैदान में

अनंत ज्ञान

◆ **छह वार्डों में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर, 6 नंबर वार्ड में चार प्रत्याशी मैदान में**

**मनाली।** सात वार्ड वाली नगर परिषद मनाली में बुधवार को नाम वापसी के बाद 16 प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं।

सात में से छह वार्डों में भाजपा कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है, जबकि छह नंबर वार्ड में चार प्रत्याशी मैदान में शेष रहे हैं। वार्ड एक से भाजपा के ठाकुर दास का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार से होगा। वार्ड दो से कांग्रेस के राजा का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी प्रदीप गिल से होगा। वार्ड तीन में भाजपा की ईशा ठाकुर व कांग्रेस प्रत्याशी नीलम शर्मा आमने-सामने हैं। वार्ड चार में भाजपा की नीलम ठाकुर का कांग्रेस की बीना देवी से मुकाबला होगा। वार्ड पांच में कांग्रेस की ललिता देवी का भाजपा की सीमा भारद्वाज से टक्कर होगी। वार्ड छह में भाजपा की चंद्रा पदान व कांग्रेस की गीता देवी सहित बिंद्रा देवी व स्मृति चुनाव मैदान में हैं।

वार्ड सात में भाजपा के मनोज कुमार का कांग्रेस के शेर सिंह के साथ मुकाबला होगा। एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि 21 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था, जिसमें एक प्रत्याशी का छंटनी में नामांकन रद्द हो गया था, जबकि चार प्रत्याशियों ने बुधवार को अपना नामांकन वापस लिए हैं। उन्होंने बताया कि सात वार्ड वाली नप मनाली में 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वो आगामी 17 मई को लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें ओर बिना किसी भय के निष्पक्ष मतदान करें।

# एनसीसी एयरविंग के दस एएनओ को मिली पदोन्नति



एनसीसी एयरविंग के 10 एएनओ पदोन्नति के बाद उच्च अधिकारियों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू भुंतर स्थित एनसीसी एयरविंग के यूनिट हैडक्वार्टर में बुधवार को हिमाचल प्रदेश एनसीसी ग्रुप हैडक्वार्टर शिमला के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह ने दौरा कर एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान एनसीसी एयरविंग के दस एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों को थर्ड ऑफिसर से पदोन्नत कर सेकेंड ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया।

एनसीसी यूनिट एक एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमान अधिकारी विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने बताया कि एनसीसी महानिदेशालय के निर्देशानुसार एनसीसी वायु विंग में सेवारत चंद्रशेखर, मनोज शर्मा, कर्म चंद, कमल देव, उदय सिंह कंवर, विनय कुमार, हरदेव देष्टा, गौरव मेहरा, हेमी ठाकुर तथा सुमन कुमारी को सेकेंड ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रुप कमांडर ने सिमुलेटर वायरस एस डब्ल्यू 80, एयरोमॉडलिंग, ड्रोन सिमुलेटर फ्लाईंग तथा भुंतर एयरपोर्ट स्थित एनसीसी हैंगर का भी निरीक्षण किया। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह ने विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के एयरविंग एनसीसी कैडेटों को भी एनसीसी तथा भारतीय सेना के प्रति भी प्रेरित किया। इस दौरान फ्लाईंग ऑफिसर चमन लाल, क्रांति सिंह, एसोसिएट ऑफिसर राम लाल शर्मा, एडजुटैंट देवी लाल आदि उपस्थित रहे।

## मेधावी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान मनाली।** जिला कुल्लू के मनाली स्थित अलेऊ मोनाल हिमालयन पब्लिक स्कूल में बेटियां फाउंडेशन के सहयोग से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एमडी लाइट ऑफ नेशन प्रांजल जैन बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। साथ ही बेटियां फाउंडेशन टीम से प्रदेश को-ऑर्डिनेटर मीरा आचार्य, प्रदेश कार्यक्रम आयोजक प्रमुख दीप लाल भारद्वाज, सावित्री, रोजी गुप्ता, अनु शर्मा, प्रेम सिंह, राज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन बेटियां फाउंडेशन जिला को-ऑर्डिनेटर सुमन कारपा सूद द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। बच्चों द्वारा बेटियों पर बहुत ही अच्छे विचार रखे गए साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा सभी का स्वागत किया गया और मुख्यातिथि द्वारा अपने भाषण में सभी का धन्यावाद किया गया व स्कूल के लिए कुछ और उपहार देने की घोषणा की गई, जितने भी कक्षा के स्टूडेंट्स प्रथम द्वितीय व तृत्य स्थान पर रहे हैं, उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर रहे बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

# हिमालय का 'पवित्र मौन' अब नग्गर के रौरिक परिसर में

## हरि दर्शन की 108 चित्रों की शृंखला के एकल प्रदर्शनी के चौथे पड़ाव का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमालय केवल भूगोल नहीं, बल्कि चेतना का एक जीवित संसार है। इसी दर्शन को केंद्र में रखकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार हरि दर्शन सांख्य की चित्र प्रदर्शनी 'हिमालय: द सेक्रेड साइलेंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड पीस' का पांच दिवसीय आयोजन 'इंटरनेशनल रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट', नग्गर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस शृंखला की 108 नियोजित वैश्विक प्रदर्शनियों का चौथा महत्वपूर्ण अध्याय था। सनद रहे कि मूलत: मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले व काशी हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षित हरि दर्शन सांख्य ने इन 108 कृतियों के निर्माण के लिए हिमालय के दुर्गम क्षेत्रों (केदारनाथ, रुद्रनाथ, तुंगनाथ, मणिमहेश) में तीन वर्षों तक गहन प्रवास व शोध किया है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों में किन्नौर कैलाश, नीलकंठ पर्वत, ओम पर्वत व श्री खंड कैलाश जैसे शिखर केवल दृश्य नहीं, बल्कि प्रार्थना व आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक के रूप में दिखाई दिए। कलाकार हरि दर्शन सांख्य ने बताया, 'मेरा उद्देश्य हिमालय के उस 'मौन' को साझा करना है, जो शांति का आधार है। लखनऊ, वाराणसी व सारनाथ के बाद यह चौथा पड़ाव मेरे लिए इसलिए विशेष है, क्योंकि यहां की फिजाओं में निकोलस रोरिक की ऊर्जा रची-बसी है।

लखनऊ नगर में मिली अपार सफलता व कला प्रेमियों की सराहना के बाद, इस शृंखला की पांचवीं प्रदर्शनी शीघ्र ही लखनऊ की 'कला स्रोत आर्ट गैलरी' में आयोजित की जाएगी।



### पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल की क्यूरेटोरियल दृष्टि

**प्रदर्शनी** के संदर्भ में देश के प्रख्यात कलाविद व पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल ने अपने संदेश में कहा कि हरि दर्शन सांख्य प्रकृति को देखने का नजरिया बदलते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि ये चित्र केवल पहाड़ नहीं हैं, बल्कि सांख्य दर्शन के सत्व, रज व तम गुणों का संतुलित प्रतिबिंब हैं, जहां मौन एक शक्तिशाली उपस्थिति बनकर उभरता है।

### रौरिक व सांख्य के बीच एक कला-संवाद

**यह** प्रदर्शनी अंतरराष्ट्रीय रोरिक शांति समझौते की भावना को समर्पित थी। प्रदर्शनी का उद्घाटन आईआरएमटी के सहायक रूसी कला क्यूरेटर दमित्री सुर्गिन द्वारा किया गया। उन्होंने इस आयोजन को महान रूसी कलाकार निकोलस रोरिक की विरासत व आधुनिक भारतीय कला के बीच एक 'सेतु' बताया। लखनऊ की 'कला स्रोत आर्ट गैलरी' के सहयोग से आयोजित इस शो ने रोरिक के 'संस्कृति के माध्यम से शांति' के संदेश को एक नई समकालीन दृष्टि प्रदान की।

# कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल कुल्लू के छात्र वैभव ठाकुर को मिला प्रतिष्ठित जापान छात्रवृत्ति अवसर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल कुल्लू ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय के कक्षा ग्यारवीं के मेधावी छात्र वैभव ठाकुर को एशिया काकेहाशी प्रोजेक्ट (+) स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है।

यह छात्रवृत्ति एएफएस इंटरकल्चरल प्रोग्राम का हिस्सा है व विश्व स्तर पर अत्यंत प्रतिष्ठित मानी जाती है। वित्तपोषित छात्रवृत्ति के अंतर्गत वैभव अगस्त से दिसंबर 2026 तक जापान में अध्ययन करेंगे। इस दौरान उन्हें जापान की शिक्षा प्रणाली का अनुभव प्राप्त होगा, साथ ही जापानी संस्कृति, परंपराओं व जीवनशैली को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देना, वैश्विक मित्रता को मजबूत करना व युवाओं को सांस्कृतिक आदान-प्रदान के राजदूत के रूप में तैयार करना है। वैभव का चयन उनकी मेहनत, शैक्षणिक उत्कृष्टता व वैश्विक दृष्टिकोण का प्रमाण है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर अपार गर्व व्यक्त किया है व इसे विद्यालय की निरंतर प्रगति व छात्रों की प्रतिभा का प्रतिबिंब बताया है। वैभव ने स्कूल प्रबंधन, कॉर्डिनेटर सपना ठाकुर व अध्यापकगण का अपने चयन के लिए आभार व्यक्त किया है, अगर स्कूल उन्हें मौका नहीं देता, तो वह यह मुकाम हासिल नहीं कर पाते। स्कूल के प्रबंधक राजीव शर्मा ने वैभव को हार्दिक शुभकामनाएं दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य रैना वर्मा का मानना है कि वैभव का यह अनुभव न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक होगा, बल्कि विद्यालय व जिला कुल्लू के अलावा हिमाचल प्रदेश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा।

**रणनीति** ब्राह्मण जन कल्याण सभा का साधारण अधिवेशन संपन्न

# देवसदन में संविधान व संस्कारों पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण जन कल्याण सभा का साधारण अधिवेशन देव सदन कुल्लू में भारी संख्या में ब्राह्मण समाज की उपस्थिति के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज के संशोधित संविधान, वैदिक पद्धति, संस्कारों तथा सनातन धर्म की सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखने पर व्यापक मंथन किया गया।

इस महत्वपूर्ण अधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन गौतम ने की, जबकि जिला अध्यक्ष देवराज शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सत्र न्यायाधीश डीडी शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि लीला गोपाल शर्मा, भूपिंदर गौतम सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन गौतम ने कहा कि ब्राह्मण समाज को अपने संस्कारों, वैदिक मंत्रों व वैदिक पद्धति पर दृढ़ता से कायम रहना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिकता की दौड़ में आज ब्राह्मण समाज अपने मूल संस्कारों व परंपराओं से दूर होता जा रहा है, जिसका समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति, पद्धति व संस्कारों को बचाने के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में समाज के हितों, मूलभूत समस्याओं तथा भविष्य की दिशा तय करने के लिए गंभीर चिंतन किया गया। साथ ही ब्राह्मण समाज के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए ठोस रणनीति बनाने पर भी बल दिया गया। जिला अध्यक्ष देवराज शर्मा ने अपने संबोधन में धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में धार्मिक स्थलों के संरक्षण व विकास से न केवल संस्कृति मजबूत होगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यातिथि डीडी शर्मा ने सभा के संशोधित संविधान को प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया। इस दौरान संविधान में समाजहित से जुड़े विभिन्न प्रावधानों और सुधारों पर चर्चा की गई। अधिवेशन में समाज की एकता, संस्कारों की रक्षा व संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने ब्राह्मण समाज के उत्थान और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का प्रण लिया।



## 10 मई को ढालपुर में होंगे अंडर-19 क्रिकेट के ट्रायल : शिव कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला क्रिकेट संघ द्वारा 10 मई को अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल (रविवार) को दोपहर 2 बजे ढालपुर क्रिकेट मैदान में किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के महासचिव शिव कपूर ने बताया कि इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड हिमाचली प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पासपोर्ट टाईप 2 फोटो की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। उक्त ट्रायल के लिए पात्र खिलाड़ियों का जन्म 1 सितंबर, 2007 या इसके बाद होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ट्रायल के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है, जो खिलाड़ियों से ट्रायल के ठीक पहले लिया जाएगा। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील की है कि इच्छुक खिलाड़ी तय दिनांक तथा समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

# कुल्लू की बेटी डॉ. राधिका ठाकुर ने चिकित्सा जगत में रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की प्रतिभाएं आज केवल देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रही हैं।

इसी कड़ी में कुल्लू जिले के सुल्तानपुर की रहने वाली डॉ. राधिका ठाकुर ने चिकित्सा क्षेत्र के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचकर देवभूमि का नाम रोशन किया है। डॉ. राधिका ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान पीजीआई चंडीगढ़ से प्लास्टिक सर्जरी में सुपर-स्पेशियलिटी की डिग्री हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। डॉ. राधिका का करियर शुरू से ही उपलब्धियों और कड़ी मेहनत की मिसाल रहा है। उन्होंने अपने पेशेवर सफर का आगाज नई दिल्ली के ऐतिहासिक सफदरजंग अस्पताल से किया, जहां उन्होंने जटिल सर्जिकल बारीकियों को सीखा। पीजीआई चंडीगढ़ से सुपर-स्पेशियलिटी करने के बाद उनकी गिनती अब क्षेत्र के दक्ष सर्जनों में होती है। वर्तमान में वह न्यू चंडीगढ़ स्थित 'होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र' में प्लास्टिक सर्जरी की सुपर-स्पेशलिस्ट के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वह अब तक कई जटिल और सफल ऑपरेशन कर चुकी हैं। राधिका की इस सफलता से उनके पैतृक जिला कुल्लू व सुल्तानपुर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस यात्रा में उनके माता-पिता का अहम योगदान रहा है। राधिका के मामा रंजीव कारवा के अनुसार राधिका ने हमेशा अपनी मेहनत व उत्कृष्टता से हमें गौरवान्वित किया है। उसकी यह यात्रा समाज की अन्य बेटियों के लिए एक मिसाल है कि यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो कोई भी मुकाम असंभव नहीं है। राधिका के पिता कैलाश ठाकुर (सेवानिवृत्त, शिमला निदेशालय प्रधान कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि माता संतोष ठाकुर हैं। डॉ. राधिका ठाकुर की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## न्यूज ब्रीफ

### चंडी क्षेत्र में संदिग्ध लोगों के घूमने के चलते लोगों में भय का माहौल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की तहसील के सेवड़ा चंडी क्षेत्र के पनालग और आसपास के गांवों में बीते कुछ दिनों से रात के समय संदिग्ध लोगों के घूमने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पकौटी, बांजन, सेवड़ा चंडी और संघोई के ग्रामीणों ने मिलकर स्वयं तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पांच मई को सूचना देने के बावजूद दाड़लाघाट पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। स्थानीय परिवारों, खासकर महिलाओं में दहशत इतनी है कि वे कई दिनों से ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत पुलिस गश्त बढ़ाने, संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करने और क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा दिलाने की मांग की है।

### आईपीएससी नृत्य महोत्सव 2026

## पाइनग्रोव स्कूल का शानदार प्रदर्शन दो श्रेणियों में जीते पुरस्कार



*अनंत ज्ञान, सोलन। पाइनग्रोव स्कूल ने भोपाल के संस्कार वैली स्कूल में आयोजित आईपीएससी नृत्य महोत्सव 2026 में कथक युगल, लोक नृत्य और कथकृति तीन श्रेणियों में भाग लिया। टीम ने कथक युगल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ युगल और समन्वित युगल का पुरस्कार जीता और परंपरा की जीवंत प्रस्तुति के लिए लोक नृत्य में सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक व्याख्या पुरस्कार भी प्राप्त किया। यहां नृत्य और संगीत की अलग-अलग धुनों पर थिरकते हुए नजर आए। तीन दिन के फेस्टिवल में चार अलग-अलग श्रेणियों की प्रस्तुतियां हुईं। पाइनग्रोव स्कूल ने दो अलग-अलग श्रेणियों में दो पुरस्कार जीते। नृत्य मुद्रा कथक में सर्वश्रेष्ठ युगल समन्वय के लिए पुरस्कार जबकि लोक स्पर्श लोक नृत्य में सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए भी प्रथम पुरस्कार ने सम्मानित हुए।*

### राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव : 21 में से 18 नामांकन स्वीकृत, तीन हुए खारिज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया की जांच पूरी कर ली है। उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) राजकुमार द्वारा दी जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के 7 वार्डों के लिए कुल 21 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे, जिनमें से 18 को वैध पाया गया है, जबकि 3 नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि जिन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज किए गए हैं, उनमें वार्ड नंबर 6 से दिनेश ठाकुर, वार्ड नंबर 5 से शिवानी ठाकुर तथा वार्ड नंबर 7 से राजिंदर कुमार सूद शामिल हैं। नामांकन पत्रों की छंटनी के बाद अब चुनावी मैदान में 18 उम्मीदवार शेष रह गए हैं, जिससे नगर पंचायत चुनाव का मुकाबला और रोचक होने की संभावना है। आने वाले दिनों में प्रत्याशियों के बीच चुनाव प्रचार तेज होने की उम्मीद है और विभिन्न वार्डों में सीधा मुकाबला देखने को मिल सकता है। प्रशासन द्वारा सभी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का दावा किया गया है।

### सोलन शहर को रोजाना औसतन 82.69 लाख लीटर पेयजल आपूति

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जल शक्ति विभाग सोलन के सहायक अभियंता ए.एस. ठाकुर ने जानकारी दी है कि सोलन शहर में वर्तमान में गिरी उठाऊ जलापूर्ति तथा अश्वनी खड्ड जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन दोनों योजनाओं से शहर को प्रतिदिन औसतन 82.69 लाख लीटर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले 34 दिनों में कुल 2811.40 लाख लीटर जलापूर्ति दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग पंपिंग प्रणाली की लगातार निगरानी कर रहा है, ताकि किसी भी तकनीकी समस्या या व्यवधान की स्थिति में तुरंत सुधार किया जा सके। जलापूर्ति में आने वाली शिकायतों का भी शीघ्र समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित होने और तकनीकी खराबी के कारण पंपिंग प्रभावित हुई थी, जिससे अस्थायी रूप से जलापूर्ति बाधित रही। शेष समय में आपूर्ति सामान्य रखने के प्रयास किए गए हैं। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सही जानकारी पर भरोसा करें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत दें।

### टेपरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा का भक्ति भाव से समापन, विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के नम्होल स्थित टेपरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन हो गया। यह धार्मिक आयोजन माता नैना देवी जी के आशीर्वाद और स्वर्गीय कौशल्या शर्मा की पुण्य स्मृति में किया गया था। कथा का प्रवचन जिला बिलासपुर के कथावाचक मदन शांडिल्य द्वारा किया गया, जिन्होंने सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और जीवन के गूढ़ तत्वों का सरल एवं प्रभावी वर्णन किया। आयोजक जगत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 30 अप्रैल को कलश यात्रा और भागवत स्वागत के साथ हुई थी। समापन अवसर पर अंतिम कथा प्रवचन के बाद विधिवत आरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# संगड़ाह में अवैध डंपिंग से बढ़ा खतरा मलबे में दबे वाहन, कार्रवाई की मांग

## लाइमस्टोन खदान से बारिश के बाद बहकर आया मलबा, लोगों में रोष

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह में एक बार फिर चूना पत्थर खदान से आई आपदा ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। संगड़ाह मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर वालिया लाइमस्टोन खदान से बारिश के बाद बहकर आए भारी मलबे में एक कार और एक बाइक दब गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि खदान से निकलने वाले हजारों मीट्रिक टन मलबे को संगड़ाह-रेणुकाजी-नाहन सड़क के ठीक ऊपर अवैध रूप से डंप किया जा रहा है।




### शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं

**बार-बार** शिकायतों के बावजूद न तो संबंधित विभाग और न ही प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है। लोगों का कहना है कि हर बारिश के दौरान यही स्थिति बन जाती है। तेज बरसात होते ही मलबा बहकर सड़क पर आ जाता है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि जान-माल का खतरा भी बना रहता है। पहले भी इस स्थान पर कई वाहन मलबे की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

### मांग : अवैध डंपिंग पर लगे तुरंत रोक

**स्थानीय** निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध डंपिंग पर तुरंत रोक लगाई जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# रेणुका बांध विस्थापितों ने उठाई आवाज मांगें पूरी होने तक टेस्टिंग रोकने का ऐलान

## संबंधित अधिकारियों ने दिया सकारात्मक समाधान का आश्वासन

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नाहन क्षेत्र में रेणुका बांध से प्रभावित लोगों की समस्याएं एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही हैं। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति की आयोजित बैठक में दर्जनों विस्थापितों ने भाग लेकर अपनी मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक समिति के अध्यक्ष विजय ठाकुर के नेतृत्व में हुई, जिसमें विशेष रूप से हाउसलेस परिवारों को मिलने वाली ग्रांट, प्रस्तावित निष्कासन और परियोजना क्षेत्र में की जा रही टेस्टिंग को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। बैठक में अहम निर्णय लिया गया कि जब तक विस्थापितों की मुख्य मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार की टेस्टिंग नहीं होने दी जाएगी। समिति ने बताया कि संबंधित अधिकारियों ने एक माह के भीतर सकारात्मक समाधान देने का आश्वासन दिया है, जबकि हाउसलेस परिवारों को 10 दिनों के भीतर पत्र मिलने की बात भी कही गई है।



प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते लोग। अनंत ज्ञान

### निर्माण कार्यों में अनियमितताओं पर सवाल

**विस्थापितों** ने निर्माण कार्यों में हो रही अनियमितताओं पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि बिना वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुमति के पेड़-पौधों की कटाई की जा रही है और मलबा सीधे नदी में डाला जा रहा है, जो नियमों का उल्लंघन है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि यह स्थिति जारी रही, तो वे काम बंद कराने के लिए आंदोलन तेज करेंगे।

***विभाग ने दिया कार्रवाई का भरोसा:*** *इस मुद्दे पर संबंधित वन अधिकारी से भी संपर्क किया गया है, जिन्होंने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। बैठक में कई स्थानीय सदस्य मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।*

# सोलन नगर निगम के वार्ड दो से निर्दलीय उम्मीदवारों ने बढ़ाई भाजपा की मुश्किलें

- दबाव के बावजूद रमेश बंसल ने वापस नहीं लिया नामांकन
- नामांकन की तिथि समाप्त होते ही तेज हुआ चुनाव प्रचार
- चुनावी सरगर्मियों ने पकड़ा जोर, प्रचार में उतरे बड़े नेता



अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम चुनाव के नामांकन की तिथि समाप्त होते ही सोलन में चुनावी सरगर्मियों ने जोर पकड़ लिया। कई वार्डों में निर्दलीय बागी प्रत्याशियों ने पार्टी के दवाब के बावजूद नामांकन वापस नहीं लिया। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई। नामांकन वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद वार्ड दो से आजाद प्रत्याशी रमेश बंसल उर्फ राजा ने मैदान में डेट रहने का निर्णय लिया है। ऐसे में अब यहां त्रिकोणीय मुकाबला तय है। इससे भाजपा की प्रत्याशी सुषमा शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी सुनील कुमार साहनी को सीधी टक्कर मिल रही है। अंदर खाते रमेश बंसल को व्यापारी वर्ग का स्पोर्ट से भी चर्चाओं को बाजार गर्म है। हालांकि इस वार्ड से भाजपा से टिकट के दावेदार शांता ने नामांकन वापस ले लिया है।

वहीं वार्ड-3 से भाजपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने से अब भाजपा के सामने धर्मसंकट खड़ा हो गया। यहां से पूर्व पार्षद रजनी बाला ने और उनके पति गौरव राजपूत ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर नामांकन किया था, पर रजनी बाला ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी सरदार सिंह ठाकुर और आजाद प्रत्यासी गौरव राजपूत और निर्दलीय दीपिन बक्शी के बीच है। देखना रोचक होगा कि भाजपा अंदर खाते किसे सपोर्ट करती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा के मुताबिक वार्ड नंबर-1 देहूंघाट वार्ड से चंद्र कांता ने नाम वापस लिया है। अब यहां भाजपा-कांग्रेस में टक्कर है। वार्ड नंबर-6 जवाहर पार्क वार्ड से भाजपा की कवरिंग कैंडिडेट रोहिणी सूद नाम वापस लिया। वार्ड नंबर-9 मधुबन कॉलोनी वार्ड से सुमन साहनी ने नामांकन वापस लिया। वार्ड नंबर-10 चौंरीघाटी वार्ड से प्रतीक गुप्ता ने नामांकन वापिस लिया। वार्ड नंबर-12 सन्नी साइड वार्ड से विधि चंद शर्मा ने नामांकन वापस लिया। वार्ड नंबर-13 कलीन वार्ड से जगदीश चंद्र ने नामांकन वापस लिया। वार्ड नंबर-14 हाउसिंग बोर्ड वार्ड से आज ईशा सूद ने नामांकन वापस लिया। इससे अब भाजपा और कांग्रेस की सीधी टक्कर होगी। वहीं नामांकन की तिथि समाप्त होते ही चुनाव प्रचार तेज हो गया। आने वाले दिनों में प्रचार के लिए दोनों पार्टियों ने आला नेता मैदान में नजर आएंगे।

### परिणाम घोषित होने तक हथियार ले जाने पर प्रतिबंध : जिला मजिस्ट्रेट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिला सिरमौर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके चलते परिणाम घोषित होने तक जिला सिरमौर की सीमा के भीतर कानून प्रवर्तन एजेंसी के अलावा कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार और गोला-बारूद नहीं ले जाएगा। आदेशों में बताया गया कि सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, होम गार्ड, पुलिस कर्मियों, राष्ट्रीयकृत बैंकों के सुरक्षा गार्डों और कानून-व्यवस्था का दायित्व सौंपे गए किसी अन्य व्यक्ति, विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के सदस्य खिलाड़ी, जिनमें वह अपनी राइफलों आदि का उपयोग करते हैं।

# कंडाघाट पुलिस की बड़ी कार्रवाई युवक से 18 .16 ग्राम चिट्टा बरामद

## पूछताछ में अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का खुलासा

## मामले में संलिप्त एक और आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिले के कंडाघाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक से 18.16 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की पहचान नरेश कुमार उर्फ निशु, पुत्र राजेंद्र ठाकुर, निवासी गांव सिरीनगर, तहसील कंडाघाट, सोलन के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर थाना कंडाघाट में मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया। इस दौरान की गई पूछताछ, बैंक लेन-देन विवरण और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण में खुलासा हुआ कि आरोपी ने उक्त नशीला पदार्थ 32,000 में खरीदा था और भुगतान मोबाइल के माध्यम से किया गया था। जांच के आधार पर दूसरे आरोपी बंटी, पुत्र अरुण कुमार, निवासी बैंक कॉलोनी, जिला लुधियाना (पंजाब), की पहचान हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पंजाब के राजपुरा से बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। उसे आज को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### आरोपी नरेश सक्रिय नशा तस्कर

**जांच** में सामने आया है कि नरेश कुमार एक सक्रिय नशा तस्कर है, जो लंबे समय से कंडाघाट और वाकनाघाट क्षेत्र में युवाओं को चिट्टा सप्लाई कर रहा था। उसके खिलाफ पहले भी चार मामले दर्ज हैं, जिनमें कुल 20.71 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। एक मारपीट का मामला भी दर्ज है। उसे पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन माह की निवारक हिरासत में भी रखा जा चुका है, लेकिन रिहाई के बाद वह फिर से नशा तस्करी में सक्रिय पाया गया।

### नगर पंचायत कंडाघाट में 19 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** मंगलवार को नगर पंचायत कंडाघाट चुनाव के लिए भरे गए नामांकन को वापस लेने के अंतिम दिन 32 उम्मीदवारों में से 13 ने नाम वापस लिए। इसके बाद अब इन चुनावों के लिए अब 19 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक सिलहारी के लिए तीन, हिमुड़ा के लिए तीन, पड़ाव के लिए तीन, दोलग के लिए दो, राजराजेश्वरी के लिए दो, लोअर बाजार के लिए तीन व विजेश्वर महादेव वार्ड के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नपं कंडाघाट में 1548 वोटर हैं। यह वोटर सात पोलिंग बूथ के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर पंचायत के हिमुडा वार्ड में सबसे कम 150 और सिलहारी में सबसे अधिक 283 मतदाता हैं। मंगलवार को रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत एवं एसडीएम कंडाघाट गोपाल चंद्र शर्मा ने उम्मीदवारों को उनके चुनाव चिन्ह प्रदान किए।

# सिरमौर में शीना पंचायत दूसरी बार चुनी गई निर्विरोध, यशवंत सिंह ठाकुर बने प्रधान

## जिले में बढ़ रहा निर्विरोध चयन का रुझान, प्रोत्साहन राशि का असर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर की ग्राम पंचायत शीना को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से निर्विरोध चुन लिया गया है। पंचायत में ग्राम सभा की बैठक के दौरान सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर पूरा पैनल तय किया। इस बार प्रधान पद के लिए शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त यशवंत सिंह ठाकुर को चुना गया है, जबकि उपप्रधान पद पर देवराज कश्यप निर्वाचित हुए हैं। पंचायत के सभी वार्डों शीना एक, शीना दो, धारों खराड़, कांगर खोपर और अड़गू में भी प्रतिनिधियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

जानकारी के अनुसार, नवंबर 2020 में डिलमन पंचायत से अलग होकर बनी शीना पंचायत ने जनवरी 2021 के पहले चुनाव में भी निर्विरोध चयन का रिकॉर्ड बनाया था। अब मई 2026 में दूसरी बार भी पूरे पैनल को सर्वसम्मति से चुना गया है। जिला में अब तक टटियाण, दाड़ो देवरिया और शीना पंचायतों में निर्विरोध सहमति बन चुकी है। अन्य कई पंचायतों में भी सर्वसम्मति के लिए बैठकों का दौर जारी है और नामांकन प्रक्रिया तक कुछ और पंचायतों के निर्विरोध चुने जाने की संभावना जताई जा रही है।



हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों के लिए प्रोत्साहन राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए किए जाने के बाद जिले में सर्वसम्मति का रुझान तेज हुआ है।

नव निर्वाचित प्रधान यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि जल्द ही पंचायत प्रतिनिधियों की सूची विकास खंड अधिकारी पच्छाद को सौंप दी जाएगी। वहीं अधिकारियों का कहना है कि जिले में सर्वसम्मति से पंचायत चुनने की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### संगडाह वार्ड-2 से भाजपा प्रत्याशी अंकिता ठाकुर ने जताया पार्टी का आभार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के जिला परिषद सिरमौर जिले के संगड़ाह जिला परिषद वार्ड नंबर 2 से भाजपा प्रत्याशी अंकिता ठाकुर ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी, राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित अन्य नेताओं का धन्यवाद किया।

अंकिता ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षित युवाओं की भागीदारी जरूरी है, ताकि नई सोच और ऊर्जा के साथ कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बनने पर गर्व जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और 'डबल इंजन' की सरकार से गिरीपार क्षेत्र को विकास की नई दिशा मिलेगी। उन्होंने अपने स्वर्गीय दादा सहीराम चौहान के योगदान को याद करते हुए उनकी सोच को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# वार्ड नंबर 15 में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करते चौपाल के विधायक बलबीर ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड-15 के चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने चुनावी माहौल को गरमा दिया। कार्यक्रम संगठन की ऊर्जा, एकजुटता और आगामी चुनाव में विजय के संकल्प का प्रतीक बना। इस अवसर पर वार्ड-15 से भाजपा प्रत्याशी अभिषेक ठाकुर सहित पार्टी के समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने जनसमर्थन, विश्वास और विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने का आह्वान किया। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि वार्ड में विकास कार्यों को गति देने, जनसमस्याओं के समाधान और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संकल्प के साथ पार्टी चुनाव मैदान में उतरी है।

कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह इस बात का संकेत है कि भाजपा इस बार नगर निगम चुनाव में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। प्रत्याशी अभिषेक ठाकुर ने विश्वास जताया कि जनता के समर्थन और विकास के अटूट संकल्प के बल पर आगामी सोलन नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी।

### जीआईएस के तहत टीसीपी बना रहा है नाहन एरिया में योजना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर एवं ग्राम योजना विभाग के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर एवं ग्राम योजना विभाग के तत्वाधान में नाहन योजना क्षेत्र के लिए जीआईएस आधारित संशोधित विकास योजना बनाने का कार्य किया जा रहा है। नाहन योजना क्षेत्र की विकास योजना वर्ष 2041 को ध्यान में रखते हुए जरूरी आधारभूत संरचना सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए नगर एवं ग्राम योजना विभाग द्वारा विशेषज्ञों की सहायता से परिवार सर्वेक्षण, यातायात मात्रा गणना, मूल गंतव्य आदि के सर्वे का कार्य किया जा चुका है तथा अब मौजूदा भूमि के उपयोग तथा आधार मानचित्र को अपडेशन करने का कार्य चार मई से शुरू किया गया है। इस परियोजना के तहत नाहन शहर में निर्मित भवनों, बुनियादी ढांचा और सुविधाओं को कैमरे से रिकॉर्ड किया जाएगा व उनका भू-उपयोग नक्शे पर अंकित किया जाएगा।

## शूलिनी विश्वविद्यालय में डिजाइन प्रदर्शनी 2026 : रचनात्मकता और नवाचार का संगम

# ऑडी कार डिसअसेंबली बनी आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के टैगोर स्कूल ऑफ डिजाइन ने पाइन कोर्ट में डिजाइन प्रदर्शनी 2026 का आयोजन किया, जिसमें छात्रों द्वारा किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। इन प्रोजेक्ट्स में रचनात्मकता, नवाचार और व्यावहारिक डिजाइन शिक्षा को प्रमुखता दी गई।

संस्थापक, कुलपति प्रो. पीके खोसला ने रजिस्ट्रार डॉ. सुनील पुरी और इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. वीरेंद्र रिहानी की उपस्थिति में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों के रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की और उन्हें व्यावहारिक शिक्षा और प्रयोगों के माध्यम से नए विचारों की खोज जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षणों में से एक कुलपति प्रो. अतुल खोसला द्वारा उपहार में दी गई ऑडी कार का डिजाइन डिसअसेंबली था।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते चांसलर। अनंत ज्ञान

रिवर्स इंजीनियरिंग और व्यावहारिक विश्लेषण का उपयोग करते हुए, छात्रों ने वाहन का विस्तार से अध्ययन किया और विभिन्न घटकों का उपयोग करके नवीन अवधारणाएं तैयार कीं। इस अभ्यास ने उनकी तकनीकी समझ, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को प्रदर्शित किया।

परियोजनाओं में कलात्मक अभिव्यक्ति, वैचारिक स्पष्टता और विश्लेषणात्मक सोच का सशक्त मिश्रण झलकता था। एक अन्य प्रमुख आकर्षण छात्रों की संवादात्मक प्रस्तुतियां थीं। प्रदर्शित परियोजनाओं में दृश्य पदानुक्रम, कथात्मक डिजाइन, सांस्कृतिक व्याख्या और प्रयोगात्मक तकनीकों जैसे विषयों का अन्वेषण किया गया। संकाय सदस्यों डॉ. शशांक थापा, अमोघ चौगुले और प्रभा सुब्रमण्यम ने छात्रों की मौलिकता और नवोन्मेषी दृष्टिकोण की सराहना की।

डॉ. शशांक थापा ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने, संचार कौशल में सुधार करने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से उद्योग का अनुभव प्राप्त करने में मदद करती हैं।

# अब सुप्रीम कोर्ट में होंगे 37 जज

## कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी; अगले सत्र में पेश होगा बिल, अभी 33 है संख्या

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकार संसद के अगले सत्र में इससे जुड़ा विधेयक पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल चीफ जस्टिस समेत 33 जजों की तय संख्या है। सरकार इसमें चार नए जज जोड़ना चाहती है।

इसके लिए संसद के अगले सत्र में बिल लाया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद 1956 के कानून में संशोधन किया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 124(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने का अधिकार संसद के पास है। कानून लागू होने के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम नए जजों के नाम सरकार को भेजेगा। संविधान के अनुच्छेद 124(3) के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट का जज वही बन सकता है जो भारतीय नागरिक हो। इसके लिए व्यक्ति का कम से कम पांच साल तक हाईकोर्ट में जज रहना या 10 साल तक वकील के तौर पर काम करना जरूरी है। किसी प्रतिष्ठित कानून विशेषज्ञ को भी सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



### सुप्रीम कोर्ट में 91 हजार से ज्यादा केस पेंडिंग

**सुप्रीम** कोर्ट में इस समय 92,385 पेंडिंग मामले हैं। कोविड के बाद ई-फाइलिंग बढ़ने से मामलों की संख्या लगातार बढ़ी है। केंद्र सरकार ने 11 दिसंबर 2025 को राज्यसभा में बताया था कि देशभर के कोर्ट में कुल 5.49 करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं। इसमें 90,897 मामले सुप्रीम कोर्ट में लंबित थे।

### आखिरी बार 2019 में बढ़ी थी संख्या

**इससे** पहले 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 31 से बढ़ाकर 33 की गई थी। वहीं, 2008 में जजों की संख्या 26 से बढ़ाकर 31 हुई थी। शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस के अलावा सिर्फ 10 जजों की व्यवस्था थी।

### अभी 2 पद हैं खाली

**फिलहाल** सुप्रीम कोर्ट में दो पद खाली हैं। जस्टिस बीआर गवई नवंबर 2025 में और जस्टिस राजेश बिंदल अप्रैल 2026 में रिटायर हुए थे। आने वाले महीनों में सुप्रीम कोर्ट के तीन और पद खाली होने वाले हैं। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस पंकज मित्तल जून 2026 में रिटायर होंगे, जबकि जस्टिस संजय करोल अगस्त 2026 में सेवानिवृत्त होंगे।

# सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की मार्केट वैल्यू एक ट्रिलियन डॉलर के पार

**एजेंसी, मुंबई।** साउथ कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की मार्केट वैल्यू 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 95.08 लाख करोड़ रुपए के पार हो गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप्स की बढ़ती मांग के कारण दुनिया की इस सबसे बड़ी मेमोरी चिप मेकर कंपनी के शेयरों में पिछले एक साल में करीब 400% की तेजी आई है। बुधवार को कारोबार के दौरान सैमसंग के शेयरों में 15% का उछाल आया है। इसके साथ ही ताइवान की टीएसएमसी के बाद सैमसंग यह मुकाम पाने वाली एशिया की दूसरी कंपनी बन गई है। सैमसंग के शेयरों में आई इस तेजी का असर साउथ कोरिया के बेंचमार्क इंडेक्स कोस्पी पर भी दिखा, यह 7,400 के स्तर के ऊपर निकल गया। सैमसंग के साथ-साथ एसके हाइनिक्स और टीएसएमसी जैसी कंपनियां ग्लोबल इकोसिस्टम में एशिया को एक मुख्य केंद्र के रूप में स्थापित कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)




◆ ऐसा करने वाली एशिया की दूसरी कंपनी बनी

# सेंसेक्स 941 अंक चढ़कर 77,959 के स्तर पर, निफ्टी 298 अंक चढ़ा

## फार्मा-सरकारी बैंकिंग शेयर्स में सबसे ज्यादा उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में आज यानी बुधवार, 6 मई को तेजी रही। सेंसेक्स 941 अंक की तेजी के साथ 77,959 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 298 अंक की तेजी रही, ये 24,331 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, बैंकिंग और रिअल्टी शेयर्स में 2% से ज्यादा की बढ़त रही। (अनंत ज्ञान)



### शेयर बाजार में तेजी की तीन बड़ी वजह

**मिडल-ईस्ट में शांति की उम्मीद:** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम को लेकर सकारात्मक खबरें आ रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शांति समझौते के संकेत देने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट:** तनाव कम होने की उम्मीद और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही शुरू करने के प्रोजेक्ट फ्रीडम के ऐलान से कच्चे तेल की कीमतें 110 डॉलर के नीचे आ गई है, जो भारत के लिए बड़ी राहत है।

**वैश्विक बाजारों में मजबूती:** अमेरिकी बाजारों के रिकॉर्ड हाई पर बंद होने और एशियाई बाजारों जैसे- कोस्पी (साउथ कोरिया), निक्केई (जापान) और हैंगसेंग (हॉन्गकॉन्ग) में तेजी का असर भारतीय बाजार पर भी दिखा है।

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से हाईवे डूबा, घरों में घुसा पानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेड़ों में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए।

यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। उधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182% अधिक है। राज्य में 7 मई तक आंधी-बारिश जारी रहेगी। एमपी के 28 जिलों में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश के 2 सिस्टम एक्टिव हैं। इस वजह से प्रदेश के 28 जिलों में आज शाम तेज आंधी और बारिश होने का अलर्ट है। इन जिलों में 50 किमी की रफ्तार से आंधी चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक कुछ जिलों में दिन में भी आंधी-बारिश का दौर रह सकता है। (अनंत ज्ञान)

# युद्धविराम के बीच रूस ने यूक्रेन पर दागे 108 ड्रोन

**एजेंसी, कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। यूक्रेन की ओर से घोषित एकतरफा युद्धविराम लागू होने के कुछ ही घंटों बाद रूस ने बुधवार तड़के यूक्रेनी शहरों पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि मॉस्को ने युद्धविराम की घोषणा को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए रातभर लगातार हमले जारी रखे। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने बताया कि रूस ने रातभर में 108 ड्रोन और तीन मिसाइलें दागीं। हमले देर रात से शुरू होकर बुधवार सुबह तक जारी रहे। उन्होंने कहा कि रूस ने संघर्ष रोकने की अंतरराष्ट्रीय अपीलों को फिर खारिज कर दिया है। सिबिहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मॉस्को ने एक बार फिर युद्ध रोकने की वास्तविक और निष्पक्ष अपील को नजरअंदाज कर दिया, जिसे कई देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त था। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि यूक्रेन ने भी अपने घोषित युद्धविराम का पालन नहीं किया। मंत्रालय के अनुसार, रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक रूस के विभिन्न इलाकों, अवैध रूप से कब्जाए गए क्रीमिया प्रायद्वीप और ब्लैक सी क्षेत्र के ऊपर 53 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। (अनंत ज्ञान)

# स्वस्थ भारत पोर्टल लॉन्च, अब एक प्लेटफॉर्म से ही निपटेंगे सभी काम

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत किया गया विकसित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को डिजिटल रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वस्थ भारत पोर्टल लॉन्च किया। यह पहल 10वें नेशनल समिट ऑन इनोवेशन एंड इन्क्लूसिविटी के दौरान किया गया। यह पोर्टल आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत विकसित किया गया है और आभा से जुड़कर मरीजों के हेल्थ डेटा का सुरक्षित आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, यह पोर्टल अलग-अलग स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बिखरे सिस्टम को एक साथ जोड़कर एक सिंगल प्लेटफॉर्म पर लाएगा। अब तक कई ऐप और पोर्टल अलग-अलग काम कर रहे थे, जिससे डेटा दोहराव और समय की बर्बादी हो रही थी। मंत्रालय ने बताया कि स्वस्थ भारत पोर्टल के जरिए एक ही जगह पर सभी डेटा एंट्री संभव होगी, कई लॉगिन की जरूरत खत्म होगी और रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग आसान होगी। (अनंत ज्ञान)

### स्वास्थ्य कर्मियों को मिलेगी राहत



**आशा,** एएनएम, सीएचओ और मेडिकल ऑफिसर्स को अब अलग-अलग सिस्टम पर काम नहीं करना पड़ेगा। एक प्लेटफॉर्म से ही सभी काम निपटेंगे, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों बचेंगे। मंत्रालय के मुताबिक इससे इंफ्रास्ट्रक्चर लागत में 20-30 प्रतिशत तक कमी, डेटा एंट्री और स्टाफ दोहराव में 20-40 प्रतिशत तक कमी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। मंत्रालय के मुताबिक यह पोर्टल भारत के डिजिटल हेल्थ सिस्टम को एकीकृत करने की दिशा में अहम कदम है, जिससे भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और डेटा आधारित फैसले संभव होंगे।

# सोना 3 हजार, चांदी 6 हजार रुपए महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए बढ़कर 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1.48 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी 6 हजार रुपए बढ़कर 2.46 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 2.40 लाख रुपए थी। 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। 2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 16 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.46 लाख रुपए पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)



# जरूरतमंद परिवारों को मकान मरम्मत के लिए 62 लाख रुपए की सहायता

**अनंत ज्ञान**



विधायक कुलवंत सिंह चेक वितरित करते हुए।

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मुख्यमंत्री रंगला पंजाब अभियान के तहत विधायक कुलवंत सिंह द्वारा मोहाली क्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए कुल 1 करोड़ 88 लाख रुपए के चेक विभिन्न पंचायतों को सौंपे गए।

विधायक ने बताया कि यह राशि गांवों में स्ट्रीट लाइट, नालियों-नालियों की मरम्मत, कम्युनिटी सेंटर, आंगनबाड़ी, स्कूल कमरों, खेल मैदान, धर्मशाला तथा बरसाती पानी की निकासी जैसे कार्यों पर खर्च की जाएगी। इसके अलावा कुछ गांवों में सड़कों को पक्का करने और ट्रैफिक सुरक्षा के लिए कंवेक्स मिरर लगाने जैसे कार्य भी शामिल हैं।

इस मौके पर 31 जरूरतमंद परिवारों को मकानों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए 62 लाख रुपए की सहायता भी प्रदान की गई। प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपये दिए गए। उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब अभियान के तहत पहले भी लगभग ढाई करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं और आने वाले दिनों में और अधिक राशि जारी की जाएगी, ताकि गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि योजनाओं को जमीन पर लागू करती है, जबकि पिछली सरकारें वादों तक ही सीमित रहीं।

◆ **लोग हमेशा काम करने वाली सरकार और प्रतिनिधि को पसंद करते हैं : कुलवंत सिंह**

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया है और वे हमेशा काम करने वाली सरकार और प्रतिनिधि को ही पसंद करते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 200 घरों के निर्माण के लिए सहायता दी जा चुकी है और भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि मोहाली क्षेत्र के गांवों की तस्वीर जल्द ही बदल जाएगी। विधायक ने सनैटा में आयोजित मुख्यमंत्री लोक मिलनी के बारे में कहा कि लोग स्वयं बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए और विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचना बेबुनियाद है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब की शांति भंग करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का नया क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अपने नए और क्यूरेटेड क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो की घोषणा की है, जो भारत के तेजी से बदलते उपभोक्ता व्यवहार और वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह लॉन्च बैंक के उस रणनीतिक प्रयास का हिस्सा है जिसके तहत वह एक स्केलेबल, डिफरेंशिएटेड और जिम्मेदार क्रेडिट कार्ड फ्रेंचाइज़ विकसित करना चाहता है। बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर योगेश जैन ने कहा कि भारत का क्रेडिट कार्ड बाजार एक महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जहां ग्राहक केवल छूट या ऑफर्स से आगे बढ़कर सरलता, प्रासंगिकता और व्यक्तिगत अनुभव की मांग कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बैंक ने चार-कार्ड वाला एक समेकित पोर्टफोलियो पेश किया है, जो लाइफस्टाइल आधारित दृष्टिकोण पर आधारित है।

यह नया पोर्टफोलियो विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को लक्षित करता है, पहली बार क्रेडिट कार्ड लेने वाले उपयोगकर्ता, जेन ज़ैड और युवा पेशेवर, डिजिटल रूप से सक्रिय ग्राहक, और प्रीमियम सेवाओं की तलाश करने वाले समृद्ध उपभोक्ता। इसका उद्देश्य ग्राहकों को उनकी क्रेडिट यात्रा की शुरुआत से लेकर उन्नत वित्तीय जरूरतों तक एक सहज अनुभव प्रदान करना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का यह कदम उसके डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण और यूनिवर्सल बैंक बनने की दिशा में बढ़ते सफर को भी मजबूत करता है। यह पोर्टफोलियो न केवल ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाएगा, बल्कि जिम्मेदार और मूल्य-आधारित बैंकिंग मॉडल को भी आगे बढ़ाएगा।

# एनसीसी में ड्रोन और साइबर ट्रेनिंग शुरू

**अनंत ज्ञान**





**गुरनाम सागर, मोहाली।** नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ा बदलाव करते हुए ड्रोन संचालन, साइबर सुरक्षा और एथिकल हैकिंग जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों को शामिल करने की घोषणा की है। यह कदम बदलते समय की जरूरतों के अनुसार कैडेट्स को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और तैयार बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। यह जानकारी मेजर जनरल भरत मेहतानी, एडीजी एनसीसी (पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़) ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के दौरे के दौरान दी। उनके साथ ब्रिगेडियर एचएस संधू, कर्नल राजेश्वर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन और एनसीसी से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित थे।

मेजर जनरल मेहतानी ने कहा कि एनसीसी दुनिया की सबसे बड़ी यूनिफॉर्म युवा फोर्स है और इसकी संख्या जल्द ही 20 लाख तक पहुंचने वाली है। उन्होंने बताया कि बदलते समय में कैडेट्स को केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि तकनीकी दक्षता भी दी जाएगी।

नए कार्यक्रम के तहत एनसीसी ड्रोन प्रशिक्षण के लिए आरपीटीओ (रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन) स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही साइबर ट्रेनिंग के जरिए कैडेट्स को साइबर सुरक्षा और एथिकल हैकिंग की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे डिजिटल खतरों से निपटने में सक्षम बन सकें।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने एनसीसी विंग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बताया कि बड़ी संख्या में कैडेट्स भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी बन चुके हैं। इस पहल को भविष्य के लिए तकनीकी रूप से सशक्त और अनुशासित युवा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# समुद्री संकट पर डीजी शिपिंग की बैठक में निर्यातकों ने शुल्क और व्यवधानों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग (डीजी शिपिंग) ने मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव के कारण समुद्री सेवाओं में आए व्यवधानों पर निर्यातकों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की।

बैठक में यह स्वीकार किया गया कि निर्यातकों की समस्याएं अलग-थलग नहीं, बल्कि व्यापक और प्रणालीगत हैं, जिनका असर विभिन्न क्षेत्रों और शिपमेंट श्रेणियों पर पड़ रहा है। कृषि उत्पाद, एफएमसीजी, खाद्य वस्तुएं और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों के निर्यातकों ने वैश्विक शिपिंग लाइनों की एकतरफा कार्रवाई से उत्पन्न गंभीर वित्तीय और परिचालन संकट को सामने रखा।

निर्यातकों ने बताया कि सेवाओं के निलंबन, रूट डायवर्जन और ट्रांसशिपमेंट बाधाओं के कारण कंटेनर विभिन्न बंदरगाहों, आईसीडी और ट्रांसशिपमेंट हब्स में फंसे हुए हैं। इसके साथ ही डिटेंशन और डेमरेज जैसे भारी शुल्क लगातार लगाए जा रहे हैं, जिससे लागत में तेज बढ़ोतरी हो रही है। वार रिस्क सरचार्ज (डब्ल्यूआरएस), कंजेशन लेवी और अन्य शुल्कों को भी मनमाना और पारदर्शिता रहित बताया गया, जो कई मामलों में कार्गो मूल्य के 60-70% तक पहुंच रहे हैं। इससे कई शिपमेंट व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य हो गए हैं। बासमती राइस फार्मर्स एंड एक्सपोर्टर्स डेवलपमेंट फोरम की चेयरपर्सन प्रियंका मित्तल ने कहा कि डीजी शिपिंग का यह कदम सराहनीय है, लेकिन जमीनी स्थिति अभी भी अत्यंत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। बैठक में शिपिंग शुल्कों के लिए मानकीकृत नियमों की कमी, पारदर्शिता का अभाव और फोर्स मेज्योर स्थितियों के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल न होने जैसे संरचनात्मक मुद्दों पर भी चिंता जताई गई। निर्यातकों ने तत्काल नीति हस्तक्षेप की मांग की ताकि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच व्यापार को स्थिर और टिकाऊ बनाया जा सके।

# रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में आईपीआर और बायोमेडिकल इनोवेशन पर वर्कशॉप

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और बायोमेडिकल इनोवेशन पर सीएमई-कम-वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शोध और पेटेंटिंग के बीच की दूरी को कम करना था। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, कानूनी विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने नवाचार के दौर में आईपीआर के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध को सुरक्षित करना अकादमिक उत्कृष्टता और आर्थिक विकास दोनों के लिए जरूरी है।

कार्यशाला का आयोजन क्लीनिकल एम्ब्रयोलॉजी और प्रजनन जेनेटिक्स विभाग की चेयरपर्सन दीपनीत कौर के नेतृत्व में किया गया। डॉ. सुनील कुमार अरोड़ा ने रेगुलेटरी टी-सेल्स और इम्यून सिस्टम में उनकी भूमिका पर व्याख्यान दिया।

कानूनी विशेषज्ञों डॉ. मीरा शर्मा, डॉ. जीआर राघवेंद्र और डॉ. केएस कर्दम ने पेटेंट, कॉपीराइट और बायोमेडिकल शोध से जुड़े नियामक पहलुओं पर जानकारी साझा की। वहीं उद्योग विशेषज्ञों ने डायग्नोस्टिक्स और प्रजनन उपचार में व्यावसायीकरण और नवाचार पर चर्चा की। डॉ. ओमप्रकाश साहू और डॉ. रविंदर टोंक ने शोध को पेटेंट में बदलने की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का समापन पैनल चर्चा और चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा के संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने इस पहल को शोध और उद्योग सहयोग के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# सीएम मान की 'शुकराना यात्रा' शुरू

## बेअदबी कानून लागू होने पर तख्त साहिब में नतमस्तक

**अनंत ज्ञान**



**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को तख्त श्री केसगढ़ साहिब में माथा टेकने के बाद 'शुकराना यात्रा' की शुरुआत की। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा परमात्मा का आभार व्यक्त करने के लिए है, जिन्होंने उन्हें जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सतिकार (संशोधन) एक्ट 2026 लागू करने का अवसर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून राज्य में बेअदबी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त प्रावधान करता है और दोषियों को कठोर सजा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने दावा किया कि यह कानून भविष्य में ऐसे अपराधों के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम लंबे समय से लोगों की मांग को पूरा करता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि खालसा पंथ की पवित्र धरती से यह यात्रा शुरू हुई है और इसका उद्देश्य परमात्मा का शुकराना करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब की शांति और 'सर्बत के भले' के लिए अरदास जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की घटनाएं पंजाब की शांति, भाईचारे और सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश का हिस्सा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल कानून बनाना नहीं, बल्कि समाज में विश्वास और स्थिरता बहाल करना है। उन्होंने बताया कि यह 'शुकराना यात्रा' श्री आनंदपुर साहिब से शुरू होकर 9 मई तक विभिन्न तख्त साहिबों पर जाएगी, जिनमें श्री अकाल तख्त साहिब, श्री दमदमा साहिब, श्री फतेहगढ़ साहिब और मस्तुआणा साहिब शामिल हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस कानून के जरिए धार्मिक भावनाओं की रक्षा और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसे पंजाब के लिए ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि इसका उद्देश्य केवल सेवा और आस्था है, न कि राजनीति।

# मोहाली में बालिका क्रिकेट ट्रायल्स 9 को

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए), मोहाली द्वारा अंडर-15 और अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीमों के चयन ट्रायल्स का आयोजन शनिवार, 9 मई 2026 को डीसीए ग्राउंड, फेज-9, मोहाली (पीसीए स्टेडियम के पीछे) में किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित है।

अंडर-15 वर्ग के लिए जन्मतिथि 01-09-2011 से 31-08-2014 के बीच होनी चाहिए, जबकि अंडर-19 वर्ग के लिए 01-09-2007 या उसके बाद जन्मी खिलाड़ी पात्र होंगी। शैक्षणिक पात्रता के अनुसार खिलाड़ी का मोहाली क्षेत्राधिकार में किसी मान्यता प्राप्त स्कूल या कॉलेज में टूर्नामेंट वर्ष से कम से कम एक वर्ष पूर्व से अध्ययनरत होना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रधानाचार्य द्वारा जारी प्रमाण पत्र जरूरी होगा, जिसमें प्रवेश संख्या, तिथि और बोर्ड (पीएसईबी, सीबीएसई या आईसीएसई) का उल्लेख हो। एनआईओएस या ओपन स्कूलिंग मान्य नहीं होगी। निवास नियम के तहत खिलाड़ी का मोहाली क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष से निवास करना आवश्यक है, या फिर खिलाड़ी का जन्म इसी क्षेत्र में हुआ होना चाहिए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### क्वीन सिरिकिट कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेगी गुंतास कौर संधू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** युवा गोल्फर गुंतास कौर संधू की अगुवाई में भारत की तीन सदस्यीय टीम क्वीन सिरिकिट कप के लिए 12 से 15 मई तक इंडोनेशिया में होने वाली प्रतिष्ठित एशिया-प्रशांत एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भाग लेगी। इंडियन गोल्फ यूनियन



(आईजीयू) ने बुधवार को इस टूर्नामेंट के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया सहित कुल 15 देश भाग लेंगे। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, म्यांमा, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। संधू भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। टीम की अन्य दो सदस्य हरियाणा की सीरत कांग और दिल्ली की कीया बड्डुगु हैं। संधू 2025 की लेडीज ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन हैं। चंडीगढ़ की यह गोल्फर 2026 में भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उन्होंने 2025-26 में इंडियन गोल्फ यूनियन के सत्र में अब तक 20 टूर्नामेंट में से छह में जीत हासिल की हैं और वह 17 बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही है। (अनंत ज्ञान)

### विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया ने भारत को 3-0 से हराया

**एजेंसी, लंदन।** आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स में भारतीय पुरुष टीम का अभियान प्री-क्वार्टर चरण (अंतिम 32) में समाप्त हो गया। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रिया ने भारत को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। करीब 1 घंटा 34 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारत



की ओर से मानुष शाह ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, जबकि मानव ठक्कर और साथियान ज्ञानसेकरन अपने-अपने मैच आसानी से हार गए। मुकाबले की शुरुआत मानुष शाह ने रॉबर्ट गार्डोस के खिलाफ की। उन्होंने पहला गेम 11-6 से जीता, लेकिन इसके बाद 7-11 और 3-11 से अगले दो गेम गंवा दिए। चौथे गेम में 11-8 से वापसी करते हुए मैच निर्णायक गेम तक पहुंचाया, जहां उन्हें कड़े मुकाबले में 11-13 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच कुल 46 मिनट तक चला। इसके बाद भारत 0-1 से पीछे हो गया और अगले दोनों मुकाबलों में भी टीम को निराशा हाथ लगी। मानव ठक्कर को डेनियल हाबेसोन ने 11-7, 11-5, 11-6 से महज 10 मिनट में हराया। वहीं साथियान ज्ञानसेकरन ने थोड़ी चुनौती पेश की, लेकिन अंततः उन्हें एंड्रियास लेवेनको के खिलाफ 11-5, 11-8, 11-9 से हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ भारतीय पुरुष टीम का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में कसाटकिना

**रूस।** डारिया कसाटकिना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



## बीसीसीआई ने ज्यादा क्षमता वाले स्टेडियम को दी प्राथमिकता

# अहमदाबाद करेगा आईपीएल फाइनल की मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी।

बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था, लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण जो बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।''

बोर्ड ने हालांकि, कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि ''संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'' बीसीसीआई ने कहा, ''क्वालीफायर एक 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।''



इसमें कहा गया है, ''इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर दो भी खेला जाएगा।'' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा।


एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी। बीसीसीआई ने कहा, ''आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।'' बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है।

यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी। (अनंत ज्ञान)

**प्लेऑफ का कार्यक्रम**

- **क्वालीफायर एक:** 26 मई एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला
- **एलिमिनेटर:** 27 मई न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
- **क्वालीफायर दो:** 29 मई न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़।
- **फाइनल:** 31 मई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

## आर्सेनल 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग के फाइनल में



**एजेंसी, लंदन**

बुकायो साका के पहले हाफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था।

बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। आर्सेनल ने अब तक तीनों नॉकआउट राउंड में अपने घरेलू मैदान पर एक भी गोल नहीं खाया है। टीम ने लीग चरण में अपने सभी आठ मैच जीतकर प्रतियोगिता में सबसे कम चार गोल खाए थे।

यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था, लेकिन तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है। इसके अलावा वह प्रीमियर लीग में खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे है। (अनंत ज्ञान)

## अब हर मुकाबला नॉकआउट जैसा : बदानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कहा-दिल्ली कैपिटल्स को सामूहिक रूप से करना होगा बेहतर प्रदर्शन**

चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आठ विकेट की करारी हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने साफ कहा कि टीम के लिए अब हर मुकाबला नॉकआउट जैसा हो गया है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए बाकी चारों मैच जीतना अनिवार्य है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरुआत के बाद 69 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन बाद में संभलते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में चेन्नई ने संजू सैमसन की नाबाद 87 रन की शानदार पारी के दम पर 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

बदानी ने कहा कि टीम लगातार संतुलित प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। कभी बल्लेबाजी चलती है तो गेंदबाजी नहीं और कभी इसका उल्टा हो जाता है। उनके अनुसार, इस स्तर पर टीम के कम से कम 60-70 प्रतिशत खिलाड़ियों का योगदान जरूरी होता है।

उन्होंने शुरुआती झटकों पर कहा कि पांच विकेट जल्दी गिरने के बाद



बल्लेबाजों ने सतर्क रणनीति अपनाई और पारी को अंत तक ले जाने की कोशिश की। इसी वजह से इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर समीर रिजवी को उतारना पड़ा, जिन्होंने 40 रन बनाकर ट्रिस्टन स्टब्स (38) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। हालांकि इससे गेंदबाजी संयोजन कमजोर हो गया।

बदानी ने स्वीकार किया कि मुश्किल हालात में टीम को संतुलन बनाने के लिए अतिरिक्त बल्लेबाज खिलाना पड़ा। टीम के लिए चिंता की बात कप्तान अक्षर पटेल की बल्लेबाजी और कुलदीप यादव की लय है। अक्षर गेंद से प्रभावी रहे हैं, लेकिन बल्ले से 10 मैचों में सिर्फ 33 रन ही बना सके हैं, जबकि कुलदीप अभी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

कोच ने दोनों खिलाड़ियों का समर्थन करते हुए भरोसा जताया कि वे जल्द वापसी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर टीम 15-20 रन और बना लेती, तो मुकाबला अलग हो सकता था। संजू सैमसन की तारीफ करते हुए बदानी ने कहा कि उन्होंने हालात को समझते हुए शानदार पारी खेली और विकेटकीपर होने के नाते पिच का फायदा उठाया। दिल्ली की टीम घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है, जहां उसे पांच में से चार मैचों में हार मिली है। बदानी के मुताबिक, पिच पर टीम का नियंत्रण नहीं होता और सभी टीमों के लिए हालात समान होते हैं, इसलिए बेहतर अनुकूलन ही सफलता की कुंजी है। (अनंत ज्ञान)

## खिलाड़ी के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखने पर फुटबॉल क्लब पर जुर्माना

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई रूल्स फुटबॉल क्लब कार्लटन पर एक खिलाड़ी के मैदान पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने में लापरवाही बरतने के लिए 75,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (54,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है। एलिजा हॉलैंड्स 16 अप्रैल को कार्लटन और कोलिंगवुड के बीच ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) के मैच में खेले थे, जबकि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थे। मैच के फुटेज से भी यह स्पष्ट हो गया था, जिस कारण प्रशंसकों और अन्य लोगों ने उनकी स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी।




फुटेज में हॉलैंड्स भ्रमित और अनियमित रूप से चलते हुए दिखाई दिए। यही नहीं वह वार्म-अप के दौरान भी असामान्य हरकतें कर रहे थे। वह गेंद पर सही तरह से किक भी नहीं मार पा रहे थे। उनका एक शॉट केवल कुछ मीटर तक ही गया। इस मैच के पांच दिन बाद 24 वर्षीय हॉलैंड्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एलिजा हॉलैंड्स के पिता और पूर्व एएफएल खिलाड़ी बेन हॉलैंड्स ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि अगर उनके दोस्त मुश्किल में हैं तो उनका हालचाल पूछें।

ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग के प्रमुख एंड्रयू डिलन ने मंगलवार को कहा, ''हॉलैंड्स के चिकित्सा रिकॉर्ड के अलावा खेल के दौरान यह स्पष्ट रूप से पता चल रहा था कि वह खेलने की स्थिति में नहीं हैं और इसलिए उन्हें मैच से हटा दिया जाना चाहिए था।'' डिलन ने कहा कि हॉलैंड्स को पहले ही मैच से बाहर नहीं रखने से खेल की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप किसी व्यक्ति विशेष के नहीं बल्कि क्लब के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, ''इस घटना ने हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण बात को उजागर किया है। हमारे शारीरिक चोट संबंधी नियम कड़े और अच्छी तरह से समझे जाते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भिन्न और जटिल हो सकती हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## पाक संग द्विपक्षीय खेलों पर रोक बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**खेल मंत्रालय बोला-बहुपक्षीय टूर्नामेंट में भागीदारी रहेगी जारी, खिलाड़ियों के लिए वीजा प्रक्रिया होगी आसान**

खेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों पर पिछले साल पूरी तरह से लगाई गई रोक जारी रहेगी, लेकिन सीमा पार से आने वाले खिलाड़ियों को कई देशों के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यहां आने से नहीं रोका जाएगा।

मंत्रालय ने खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और अंतरराष्ट्रीय खेल संचालन संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई जिससे कि भारत को एक 'पसंदीदा खेल स्थल' के रूप में स्थापित किया जा सके। मंत्रालय ने सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सहित अन्य संस्थाओं को जारी एक सर्कुलर में कहा, ''जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिताओं का संबंध है तो भारतीय टीमें पाकिस्तान में होने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लेंगी। ना ही हम पाक टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे।''

इसमें कहा गया, ''अंतरराष्ट्रीय और बहु राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में, चाहे वे भारत में हों या विदेश में, हम अंतरराष्ट्रीय खेल संचालन संस्थाओं की कार्यप्रणाली और अपने स्वयं के खिलाड़ियों के हितों से निर्देशित होते हैं।'' इसके अनुसार, ''इसे देखते हुए भारतीय टीमें और व्यक्तिगत खिलाड़ी उन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी भी शामिल होते हैं। इसी तरह पाकिस्तानी खिलाड़ी और टीमें भारत द्वारा आयोजित ऐसी बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगी।''

इस नीति की घोषणा सबसे पहले पिछले साल अगस्त में की गई थी। यह घोषणा तब हुई जब यूएई में हुए क्रिकेट के एशिया कप में भारत के भाग लेने को लेकर काफी हंगामा मचा था। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान भी खेल रहा था और इसका आयोजन पहलगाम आतंकी हमले के कुछ ही महीनों बाद हुआ था जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। उस समय मंत्रालय ने कहा था कि वह बहुपक्षीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में तब तक कोई रुकावट नहीं डालेगा, जब तक कि मेजबान देश पाकिस्तान न हो।

यह नीति साफ करती है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने का इच्छुक भारत ओलंपिक चार्टर और उसकी समावेशिता की भावना का पालन करेगा जिससे कि वह वैश्विक प्रतियोगिताओं के एक मिलनसार मेजबान के रूप में खुद को प्रस्तुत कर सके। (अनंत ज्ञान)

## तीरंदाजी विश्व कप में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन, पदक से चूका

**एजेंसी, शंघाई**

तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीमों को निराशा हाथ लगी और वे अहम मौकों पर चूकते हुए पदक जीतने से वंचित रह गईं। महिला टीम, जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी शामिल थीं, क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर बाहर हो गई। यह टीम हाल ही में मैक्सिको चरण में स्वर्ण पदक जीत चुकी थी, लेकिन इस बार वह अपनी लय कायम नहीं रख सकी।



पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में हार के बाद कांस्य पदक मुकाबले में चीन से शूट-ऑफ में हार गई। दोनों टीमों का स्कोर 234-234 से बराबर रहा, लेकिन शूट-ऑफ में चीन के तीर केंद्र के ज्यादा करीब रहे। सेमीफाइनल में भी भारत को करीबी मुकाबले में अमेरिका से 234-235 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि टीम शुरुआती चरणों में बढ़त बनाए हुए थी। हालांकि, व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत को कुछ राहत मिली। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। महिला वर्ग में मधुरा ने चीन की वांग यू को 148-147 से हराया और अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्सिस रुइज से भिड़ेंगी। ज्योति ने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाकर कजाकिस्तान की डायना युनुसोवा को हराया, जबकि अदिति स्वामी और प्रगति ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। अब ओजस देवताले और अदिति स्वामी की मिश्रित जोड़ी टीम स्पर्धाओं में भारत की अंतिम उम्मीद बनी हुई है। (अनंत ज्ञान)

## पावरप्ले में गेंदबाजी करते समय विकेट के लालच से ज्यादा अनुशासन जरूरी : हुसैन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चेन्नई सुपरकिंग्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खब्बू स्पिनर अकील हुसैन ने कहा कि टी20 क्रिकेट में पावर प्ले के दौरान सफल गेंदबाजी के लिए सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि मजबूत मानसिकता और अनुशासन भी बेहद जरूरी होता है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अकील ने चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने अपने चार में से तीन ओवर पावर प्ले में डाले और 11 डॉट गेंदें फेंकीं। इस दौरान उन्होंने लोकेश राहुल का महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किया।

चेन्नई ने पहले दिल्ली को सात विकेट पर 155 रन पर रोका और फिर संजू सैमसन की नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से जीत दर्ज की। अकील ने कहा कि



पावर प्ले में गेंदबाजी करते समय संयम बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि इस दौरान सिर्फ दो फील्डर ही 30 गज के दायरे से बाहर होते हैं। उन्होंने कहा कि हर गेंद पर विकेट लेने की कोशिश करने के बजाय योजना पर टिके रहना अधिक महत्वपूर्ण है। राहुल के विकेट का श्रेय उन्होंने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को दिया, जिन्होंने गेंदबाजी छोर बदलने का फैसला लिया। अकील के अनुसार, सही फील्ड सेटिंग के जरिए बल्लेबाज को उसी दिशा में शॉट खेलने के लिए मजबूर किया गया, जहां फील्डर मौजूद थे। उन्होंने यह भी कहा कि पावर प्ले में किफायती गेंदबाजी करना टीम के लिए किसी बड़ी सफलता से कम नहीं है।

अकील ने टीम संयोजन पर बात करते हुए कहा कि टी20 में खिलाड़ियों को खुले दिमाग के साथ खेलना चाहिए और टीम की जरूरत के अनुसार ही अंतिम एकादश चुनी जाती है। उन्होंने कोचिंग स्टाफ के फैसलों पर भरोसा जताया। उन्होंने बताया कि शुरुआती ओवरों में गेंदबाजी करते समय उनका काम सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करना ही नहीं, बल्कि साथी गेंदबाजों को पिच और परिस्थितियों की जानकारी देना भी होता है। नूर अहमद के साथ उनकी समझ और संवाद को उन्होंने टीम के लिए फायदेमंद बताया। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट**

## एलएसजी के खिलाफ बल्लेबाजी में लय वापस पाने की कोशिश करेगी आरसीबी

# बेंगलुरु और लखनऊ के बीच करो या मरो की जंग आज

**एजेंसी, लखनऊ**

पिछले मैच में बल्लेबाजों के फ्लॉप होने से अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका गंवाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी लय फिर से हासिल कर प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगी। आरसीबी फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। हालांकि, उसके 12 अंक चार अन्य टीमों के बराबर हैं। टीम को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली चार विकेट की हार को भुलाकर जल्दी वापसी करनी होगी। उस मुकाबले में आरसीबी की बल्लेबाजी अचानक ढह गई थी-79/2 से 96/6 तक गिरने के बाद टीम 155 रन पर सिमट गई थी।




हालांकि, आरसीबी के बल्लेबाजों में दमदार वापसी की क्षमता है। टीम ने इस सीजन में आक्रामक बल्लेबाजी की है और वह इस लय को बरकरार रखना चाहेगी। विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं और 379 रन बना चुके हैं, जबकि देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार ने भी अहम योगदान दिया है। फिल साल्ट के चोटिल होने से कोहली के साथ आक्रामक शुरुआत की जिम्मेदारी अब जैकब बेथेल पर होगी।

आरसीबी को इस मैच से पहले एक सप्ताह का आराम मिला है, जिससे टीम अधिक तरोताजा नजर आएगी। दूसरी ओर, एलएसजी का अभियान अब तक निराशाजनक रहा है। टीम लगातार छह मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे पहुंच गई है। एलएसजी की समस्याओं में खराब प्रदर्शन, रणनीतिक अस्थिरता और मैच खत्म करने में नाकामी प्रमुख रही हैं। मिचेल मार्श, कप्तान ऋषभ पंत, एडन मार्करम और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज निरंतरता नहीं दिखा पाए हैं। साथ ही बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव ने टीम की मुश्किलें बढ़ाई हैं। एलएसजी के सामने आरसीबी के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण की चुनौती होगी, जिसकी अगुवाई भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड कर रहे हैं। इस जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को महज 75 रन पर समेट दिया था। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

**लखनऊ सुपर जायट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्करम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।